CMYK

देश-विदेश



नेहा मलिक ने दुबई के...



भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

अंतिम पृष्ठ

भारत की बेटी सुनीता रचेगी इतिहास



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

मंगलवार 7 मई, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 25 बैशाख 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 127
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200




लोकसभा 2024 चुनाव का तीसरा चरण !

# लीक हो गया नीट यूजी का पेपर ?

**पंजाब केसरी**/पटना

देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में से एक नीट यूजी 2024 के आयोजन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें सामने आ रही हैं। बिहार की राजधानी पटना में नीट का पेपर लीक होने की सूचना के बाद एफआईआर दर्ज किया गया है। साथ ही राजस्थान के भरतपुर में एक डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा गया है। वहीं राजस्थान के ही सवाई माधोपुर में हिंदी मीडियम के परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम का पेपर बांटने का मामला सामने आया है। जिसके बाद परीक्षार्थियों और अभिभावकों ने जमकर हंगामा मचाया। इतना ही नहीं, राजस्थान के सीकर में एक परीक्षार्थी ने दूसरे परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के बाहर ही चाकू मार दिया। इसके बाद वह जाकर आराम से परीक्षा देता रहा और पुलिस बाहर उसका इंतजार करती रही। बिहार की पटना पुलिस ने नीट यूजी का पेपर लीक होने की गुप्त सूचना के आधार पर एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर तो गजब ही हो गया। हिंदी मीडियम परीक्षार्थियों को अंग्रेजी और अंग्रेजी मीडियम को हिंदी का पर्चा बांट दिया। जिसके बाद हंगाम मच गया. रिपोर्ट के अनुसार परीक्षार्थियों ने आपत्ति जाहिर की तो उनके साथ बदसलूकी की गई। हंगामे के बीच कई परीक्षार्थी पर्चा लेकर परीक्षा कक्ष से बाहर आ गए। रिपोर्ट के अनुसार यहां परीक्षार्थियों को पेपर और ओएमआर शीट अलग-अलग दी गई थी। ऐसे में आशंका व्यक्त की जा रही है कि पेपर पहले ही खोल दिए गए थे और इन्हीं के जरिए पेपर लीक किया गया।

## प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार : एनटीए

**राष्ट्रीय** परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें "पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद" हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का "हिसाब रखे जाने" का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा, "एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं से यह पता चला है कि किसी भी पेपर लीक की ओर इशारा करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।"



"जब कभी मुझे दोष देखने की इच्छा होती है तो मैं स्वयं से ही आरम्भ करता हूं और इससे आगे नहीं बढ़ पाता। -चाणक्य



आदित्य नारायण चोपड़ा

adityachopra@punjabkesari.com

## तीसरे चरण के चुनाव

**लोकसभा** चुनावों में आज तीसरे चरण का मतदान होगा जिसमें 11 राज्यों की 93 सीटों पर खड़े सैकड़ों प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीनों में बन्द हो जायेगा। लोकसभा के वर्तमान चुनाव एक मायने में पिछले सभी चुनावों से अलग कहे जा सकते हैं। ये असाधारण चुनाव भी कहे जा रहे हैं। पिछले सभी चुनावों से अलग ये चुनाव इसलिए माने जा रहे हैं क्योंकि इनमें भारतीय संविधान ही एक चुनावी मुद्दा बना हुआ है जबकि चुनाव इसी संविधान के अन्तर्गत हो रहे हैं। देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस व उसके सहयोगी अन्य 26 दलों का कहना है कि भाजपा यदि पुन: सत्ता में आती है तो वह बाबा साहेब अम्बेडकर के लिखे इस संविधान को बदल डालेगी जबकि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि यदि बाबा साहेब स्वयं भी आज धरती पर आ जाएं तो वह भी इस संविधान को नहीं बदल सकते। परन्तु इसके बावजूद संविधान एक मुद्दा बना हुआ है। इसकी वजह कांग्रेस पार्टी यह बता रही है कि पूर्व में भाजपा के कई नेता यह कह चुके हैं कि यदि भाजपा को तीन चौथाई बहुमत मिलता है तो वह संविधान बदल देगी। इसका सम्बन्ध विपक्षी दल भाजपा के हिन्दुत्व के एजेंडे से भी जोड़ रहे हों परन्तु श्री मोदी ऐसी हर संभावना को नकार रहे हैं और उल्टे कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन पर आरोप लगा रहे हैं कि उनका इरादा संविधान में ऐसे प्रावधान लाने का है जिससे अल्पसंख्यकों को आरक्षण दिया जा सके।

गौर से देखें तो चुनावों के सात चरणों में सम्पन्न होने की वजह से हर चरण से पहले चुनाव के मुद्दे भी बदले-बदले से दिखाई पड़ रहे हैं। बेशक संविधान मुद्दा इसलिए बना हुआ है क्योंकि इसके रचियता दलित वर्ग के थे। आरक्षण को लेकर भी इसी प्रकार की उहापोह है। एक तरफ श्री मोदी कह रहे हैं कि कांग्रेस पिछड़ों के आरक्षण में अल्पसंख्यकों को हिस्सा देकर उनके हितों पर चोट करने की योजना बना रही है तो दूसरी तरफ राहुल गांधी कह रहे हैं कि उनकी पार्टी न्यायालय द्वारा आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटायेगी और जातिगत जनगणना करा कर जिस समाज की जितनी आबादी है उसी के हिसाब से आरक्षण देगी लेकिन विपक्ष के महंगाई व बेरोजगारी मुद्दे ऐसे हैं जो चुनाव के पहले चरण से लेकर अभी तक लगातार स्थायी रूप से बने हुए हैं।

सत्ता पक्ष इन मुद्दों का जवाब अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं को गिनवा कर देने का प्रयास कर रहा है लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे भी हैं जिनका जिक्र कोई भी पक्ष नहीं कर रहा है। इसमें शिक्षा का मुद्दा सबसे प्रमुख है क्योंकि शिक्षा लगातार जिस प्रकार महंगी होती जा रही है उससे आम आदमी त्रस्त है। लोकतन्त्र की खूबी भी यही होती है कि वह हर पांच साल बाद सत्तारूढ़ दल से उसके काम का हिसाब-किताब मांगता है और उसका लेखा-जोखा करने के लिए मतदाताओं को अधिकृत कर देता है। यह तो अभी निश्चिन्तता के साथ कहा जा सकता है कि चुनावों में भ्रष्टाचार व परिवारवाद कोई मुद्दा बनते नजर नहीं आ रहे हैं। इसकी वजह यही कही जा सकती है कि भारत का कोई भी ऐसा राजनीतिक दल नहीं है जो खुद को इन बीमारियों से मुक्त कह सके। हर राजनैतिक दल एक-दूसरे पर ऐसे आरोप लगाते रहते हैं। इसकी तफसील में जाने की जरूरत मैं नहीं समझता मगर मुद्दे की बात यह है कि जो भी नेता जिस पार्टी के हैं उनमें राजनैतिक नैतिकता कितनी बची है? यह नैतिकता ही चुनावों को साफ-सुथरा व पाक-साफ रख सकती है।

दिक्कत यह है कि बाजार मूलक अर्थव्यवस्था ने चुनावों के हर पक्ष पर अपना असर डाला है। ये केवल महंगे ही नहीं हुए बल्कि धन शक्ति से संचालित भी होने लगे। चुनावों में जीत का अब एक पैमाना यह भी हो चुका है कि कौन उम्मीदवार कितना अमीर है। धन की कमी से चुनाव लड़ना असंभव हो गया है। इसकी कल्पना हमारे संविधान निर्माता पुरखों ने कभी नहीं की होगी क्योंकि आजादी से पहले जो प्रान्तीय असेम्बलियों और सेंट्रल असेम्बली के चुनाव हुआ करते थे उनमें तो राजा-महाराजाओं के प्रतिनिधियों की जमानतें भी कांग्रेस प्रत्याशी जब्त करा दिया करते थे और उनमें से ज्यादातर फटेहाल ही होते थे। मगर दुर्भाग्य यह है कि चुनावों को महंगा बनाने में कांग्रेस की नेता स्व. इन्दिरा गांधी का ही हाथ सबसे ऊपर रहा जब उन्होंने 1974 में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 में संशोधन करके यह प्रावधान बना दिया कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव पर उसके मित्र या उनके संगठन कितना ही धन खर्च कर सकते हैं। यह धन प्रत्याशी के चुनाव खर्च में शामिल नहीं किया जायेगा। मगर दिक्कत यह है कि केन्द्र में इसके बाद विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारें काबिज रहने के बाद किसी भी सरकार ने इस प्रावधान को समाप्त करने के बारे में नहीं सोचा वैसे चुनाव सुधारों पर जुबानी जमा-खर्च बहुत होता रहा।

DHIRSONS
JEWELLERS PVT LTD
—DHIRAJ DHIR GROUP—
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹65800/- per 10gms.
*T&C apply
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 7% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32 Central Mkt. Ph: 47284728

# केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

## सिख फॉर जस्टिस से फंड लेने का आरोप, एलजी ने की एनआईए जांच की सिफारिश

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर पॉलिटिकल फंडिंग प्राप्त करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। एलजी वीके सक्सेना ने एक शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की है। इस संबंध में एलजी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने केन्द्रीय गृहमंत्रालय को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से भारी मात्रा में रकम मिली है। आरोप हैं कि आप को चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। शिकायत में आगे कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल की आप ने देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए खालिस्तान समर्थक समूह से कथित तौर पर 16 मिलियन डॉलर की रकम प्राप्त की थी। उपराज्यपाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि चूंकि आरोप सीधे मुख्यमंत्री के खिलाफ हैं। साथ ही ये आरोप भारत में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से किसी राजनीतिक दल को लाखों डॉलर की कथित फंडिंग से संबंधित हैं। ऐसे में शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच कराए जाने की जरूरत है। पत्र में बताया गया कि उक्त रकम 2014 से 2022 के बीच दी गई है। यह भी बताया कि 2014 में न्यूयार्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व खालिस्तानी समर्थकों के बीच एक गुप्त बैठक हुई थी। इसमें कथितरूप से केजरीवाल ने खालिस्तानी गुटों से आम आदमी पार्टी के लिए फंड लेकर खालिस्तानी समर्थक देवेन्दर पाल भुल्लर की रिहाई का वादा किया था।





### भाजपा के इशारे पर एक और साजिश



**आम** आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को आरोप लगाया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश भाजपा के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ एक और साजिश है। आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। वे दिल्ली की सभी सात सीट पर हार रहे हैं और लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबरा गए हैं। (पढ़ें पृष्ठ-7 पर)

### पन्नू ने लगाया था आरोप



**कुछ** दिन पहले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने आम आदमी पार्टी और दिल्ली के सीएम केजरीवाल पर खालिस्तानियों से सैकड़ों करोड़ चन्दा लेने का लगाया था। आतंकी पन्नू ने दावा किया था कि केजरीवाल ने खालिस्तानियों से मुलाक़ात में आतंकी भुल्लर को छोड़ने का वादा भी किया था। पन्नू ने यह आरोप एक वीडियो में जड़े थे। पन्नू ने कहा, "2014-2022 के बीच खालिस्तानियों ने आप की सरकार बनाने के लिए 16 मिलियन डॉलर (133 करोड़) की मदद दी।"

सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) आतंकी संगठन के मुखिया पन्नू ने केजरीवाल, और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर आरोप लगाते हुए एक ढाई मिनट का वीडियो जारी किया है। इसमें पन्नू ने कहा जब 2014 में उनके पास सत्ता नहीं थी, तब उन्होंने अमेरिका आकर न्यूयॉर्क में खालिस्तानियों से वादा किया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो प्रोफ़ेसर देविंदर पाल सिंह भुल्लर को 5 घंटे के भीतर छोड़ दिया जाएगा।" पन्नू ने केजरीवाल पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। पन्नू ने कहा कि भुल्लर को तो नहीं छोड़ा गया।

### राष्ट्रीय सर्राफा

| सोना | | चांदी | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | | | |
| 24K | : 72200 | चांदी तैयार | : 84000 |
| कोलकाता | | | |
| 24K | : 72050 | चांदी तैयार | : 84000 |
| मुम्बई | | | |
| 24K | : 72050 | चांदी तैयार | : 84000 |
| चेन्नई | | | |
| 24K | : 72110 | चांदी तैयार | : 87500 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.66 | 85.34 |
| पौंड स्टर्लिंग | 102.58 | 107.49 |

### शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 78895.54 | +17.39 |
| NSE | 22442.70 | -33.15 |

मौसम
Min 27°c Max 42°c



IPL 2024
आज के मैच
दिल्ली कैपिटल्स VS राजस्थान रॉयल्स
दिल्ली: शाम 3.30 बजे से

# सीआईएससीई नतीजों में लड़कियों ने बाजी मारी

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए पास प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गयी। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।



- **10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, मेधा सूची जारी नहीं होगी**

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा, "10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा।" उन्होंने कहा, "हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।"

# पीएम मोदी-शाह-योगी करेंगे दिल्ली में प्रचार

**नई दिल्ली**, (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह द्वारा चुनाव आयोग को भेजी गई दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची को जारी कर दिया गया। इनमें पीएम नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं। दिल्ली में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होगा। (पढ़ें पृष्ठ-4 पर)

# अब अहमदाबाद के स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**पंजाब केसरी/अहमदाबाद**

अहमदाबाद में मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले शहर के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बम का पता लगाने वाली इकाई और अपराध शाखा टीमों के साथ पुलिस स्कूलों में जांच पड़ताल कर रही है। साइबर अपराध शाखा की पुलिस उपायुक्त लवीना सिन्हा नेकहा, "अहमदाबाद में कुछ स्कूलों को ईमेल से बम विस्फोट की धमकी मिली है। अब तक छह स्कूलों को ऐसे ईमेल मिले हैं और उन्होंने हमें इस बारे में सूचित कर दिया है। यह कुछ दिन पहले दिल्ली के स्कूलों को मिली इसी तरह की धमकी जैसा मामला लगता है।" जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है।" जिन स्कूलों में धमकी मिली है, उन स्कूल में बम निरोधक टीम द्वारा जांच की गई लेकिन किसी भी स्कूल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।



(दिल्ली पर समीक्षा पृष्ठ-7 पर)

# तीसरे चरण की 93 सीटों पर मतदान आज

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में मंगलवार (7 मई) को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटें थीं, लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने और 8 कैंडिडेट के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।वहीं जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा मध्य प्रदेश की बैतूल सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद सेकेंड फेज (26 अप्रैल) को होने वाली वोटिंग 7 मई को शिफ्ट कर दी गई।मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान (मामा), गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया (महाराजा) और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह (राजा) की किस्मत दांव पर है।

इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। (पृष्ठ-3 भी देखें)

**अधिकारी भी हुए हैरान** मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 35 करोड़ नकद बरामद

# ईडी की छापेमारी : रांची में मिला नोटों का अम्बार

**पंजाब केसरी**/रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान बेहिसाबी लगभग 35 करोड की नकदी और कई आधिकारिक दस्तावेज बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की। सारी नकदी मंत्री आलमगीर के निजि सचिव के नौकर जहांगीर आलम के घर से मिली है तथा नोट गिनने वाली मशीनें मंगवा ली हैं। साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर स्थित 2बीएचके फ्लैट में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां खाली करते हुए दिखाई देते हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गईं। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं।



केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान उस इमारत पर पहरा देते नजर आए जहां फ्लैट स्थित है। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है। उन्होंने बताया कि जिस परिसर में नकदी मिली, उसकी चाबियां लाल के फ्लैट से जब्त की गई थीं। ईडी द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को लिखा गया एक आधिकारिक दस्तावेज और सिफारिशी स्थानांतरण तथा पदस्थापना पत्र भी परिसर में तलाशी के दौरान पाए गए।

## 'घर जाकर टीवी पर देखना.. माल पकड़ रहा मोदी"



**भुवनेश्वर** : ओडिशा के नबरंगपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने देखा होगा, अभी घर जाओगे तो टीवी पर देखना। आज यहां पड़ोस में झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं... नोटों के पहाड़। लोगों का चोरी किया माल पकड़ा रहा है मोदी वहां। उन्होंने कहा कि अब मुझे बताइए कि मैं चोरी बंद कर दूं, इनकी कमाई बंद कर दूं, इनकी लूट बंद कर दूं तो ये मोदी को गाली देंगे कि नहीं उन्होंने कहा कि गाली खाकर भी मुझे ये काम करना चाहिए कि नहीं करना चाहिए? आप मुझे बताइए कि क्या आपकी पाई-पाई बचानी चाहिए या नहीं ?आपके हक का पैस बचाना चाहिए कि नहीं बचाना चाहिए? इसलिए मोदी ने जनधन खातों, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई कि गरीबों का पैसा लूटना बंद हो गया। अब घर बनाने का पैसा सीधा आपके खाते में, गैस का पैसा सीधा आपके खाते में, मनरेगा, किसान सम्मान निधि का पैस सीधा आपके खाते में जाता है। (पृष्ठ-3 भी देखें)

# आस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या



**मेलबर्न/चंडीगढ़**, (पंजाब केसरी): एक बेहद चौंकाने वाली घटना के तहत ऑस्ट्रेलिया में कुछ भारतीय छात्रों के बीच झगड़े के दौरान 22 वर्षीय एमटेक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में भारतीय मूल के दो भाइयों की तलाश कर रही है। मृतक छात्र की पहचान नवजीत संधू के रूप में हुई है। हरियाणा के करनाल में संधू के रिश्तेदार यशवीर ने कहा कि संधू ने कुछ भारतीय छात्रों के बीच किराए के मुद्दे पर हुए विवाद में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, जिसके चलते एक अन्य छात्र ने चाकू से उन पर हमला किया। (पढ़ें पृष्ठ-2 पर)

# जिलाधिकारियों को अनावश्यक परेशान न करे ईडी: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि वह तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करे। न्यायालय की यह टिप्पणी राज्य सरकार की इस शिकायत पर आई कि रेत खनन से संबंधित एक धनशोधन जांच के तहत संबंधित अधिकारियों को केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में रात साढ़े आठ बजे तक बैठाए रखा गया। शीर्ष अदालत ने आदेशों के बावजूद ईडी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं होने पर गत दो अप्रैल को पांचों जिलाधिकारियों की खिंचाई की थी और उन्हें 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सोमवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ को बताया कि जिलाधिकारी ईडी के सामने पेश हुए थे। ईडी के वकील ने कहा कि वे पेश हुए थे लेकिन अभी तक उसे कोई विवरण या दस्तावेज नहीं सौंपा गया है। सिब्बल ने ईडी के दावे का खंडन किया और कहा कि जांच एजेंसी ने समन के माध्यम से जो कुछ भी मांगा था वह सबकुछ दे दिया गया है।



## बंगाल शिक्षक नौकरी कांड में आज होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा 2016 में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ समय की कमी के कारण मामले की सुनवाई नहीं कर सकी। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे।पीठ ने कहा, 'हम पश्चिम बंगाल का केस (स्कूल नौकरियों का मामला) कल लेंगे।' पीठ ने पिछली सुनवाई में 22 अप्रैल को पारित कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए कोई अंतरिम निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) राज्य सरकार के खिलाफ कोई त्वरित कार्रवाई नहीं करेगी। इसने अपीलकर्ताओं से यह प्रदर्शित करने के लिए कहा कि क्या राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नौकरियों की विभिन्न श्रेणियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की वैध नियुक्तियों को अलग करने के लिए कोई माध्यमिक सामग्री उपलब्ध थी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने अप्रैल के तीसरे सप्ताह में पारित एक आदेश में समाप्त पैनल से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था और उन्हें अगले चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज के साथ पूरा वेतन वापस करने को कहा था।

## मुंबई दंगा मामले में हमारे निर्देश लागू करे महाराष्ट्र सरकार

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, 'राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे।' इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

## गर्भवती महिला की बजाय प्रेग्नेंट व्यक्ति क्यों बोला सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी):14 साल की नाबालिग के गर्भपात को लेकर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 'गर्भवती महिला' की जगह 'प्रेग्नेंट व्यक्ति' शब्द का इस्तेमाल किया। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट भी किया कि आखिर उसने ऐसा क्यों किया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने बताया कि जन्म से महिला पहचान के साथ जीने वालों के अलावा भी प्रेग्नेंसी के चांस रहते हैं। जैसे कि नॉन बाइनरी लोग या फिर ट्रांसजेंडर पुरुष भी प्रेग्नेंट हो सकते हैं। ऐसे में उन्होंने अपने फैसले में प्रेग्नेंट व्यक्ति शब्द का इस्तेमाल करना उचित समझा। आपको बता दें कि वे लोग जो महिला और पुरुष की पहचान के बीच अपना जीवन गुजारते हैं। उन्हें नॉन बाइनरी की श्रेणी में रखा जाता है। इस मामले में एक नाबालिग यौन उत्पीड़न के बाद प्रेग्नेंट हो गई थी। मेडिकल बोर्ड का विचार था कि नाबालिग गर्भपात के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से फिट है। पीड़िता ने बॉम्बे हाई कोर्ट में गर्भपात के लिए अर्जी दी थी। उस समय वह 27 हफ्ते की प्रेग्नेंट थी। एक अन्य ओपिनियन में मेडिकल बोर्ड ने कहा कि भ्रूण गेस्टेशनल एज से ऊपर हो चुका है वहीं उसमें कोई कमी भी नहीं है।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

**मेलबर्न/चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): ऑस्ट्रेलिया में कुछ भारतीय छात्रों के बीच झगड़े के दौरान 22 वर्षीय एमटेक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में भारतीय मूल के दो भाइयों की तलाश कर रही है। मृतक छात्र की पहचान नवजीत संधू के रूप में हुई है। हरियाणा के करनाल में संधू के रिश्तेदार यशवीर ने कहा कि संधू ने कुछ भारतीय छात्रों के बीच किराए के मुद्दे पर हुए विवाद में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, जिसके चलते एक अन्य छात्र ने चाकू से उन पर हमला किया। यशवीर ने कहा, ''नवजीत के दोस्त (एक अन्य भारतीय छात्र) ने उन्हें अपना सामान लेने के लिए अपने घर चलने के लिए कहा था क्योंकि नवजीत के पास कार थी। जब उनका दोस्त अंदर गया तो नवजीत ने चीखने की आवाजें सुनीं और देखा कि वहां हाथापाई हो रही है। जब नवजीत ने झगड़ा न करने को कहते हुए बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उनके सीने पर चाकू से हमला किया गया।''




करनाल में नवजीत के घर शोक संतप्त परिजन,इनसेट में मृतक नवजीत।

उन्होंने कहा कि नवजीत की तरह आरोपी भी करनाल का ही रहने वाला है। यशवीर ने बताया कि घटना की जानकारी परिवार को रविवार सुबह मिली। उन्होंने बताया कि नवजीत के साथ मौजूद उनके दोस्त को भी चोटें आई हैं। यशवीर ने कहा कि परिवार सदमे हैं। उन्होंने कहा, ''नवजीत एक प्रतिभाशाली छात्र थे और वह जुलाई में छुट्टियां बिताने अपने परिवार के पास आने वाले थे।''

यशवीर के अनुसार, नवजीत डेढ़ साल पहले अध्ययन वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गये थे और उनके किसान पिता ने बेटे की शिक्षा के लिए अपनी डेढ़ एकड़ जमीन बेच दी थी। उन्होंने कहा, ''हम भारत सरकार से आग्रह करते हैं कि वह शव को जल्द से जल्द स्वदेश लाने में हमारी मदद करे।'' इस बीच, विक्टोरिया पुलिस ने कहा कि वह दो लोगों के विवरण और तस्वीरें जारी कर रहे हैं, जिन्हें मेलबर्न के दक्षिण-पूर्व के ऑरमंड में हुई चाकू मारने की घटना के बाद से तलाशा जा रहा है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों - अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

# राजनीतिक पार्टियां तीन घंटे में सोशल मीडिया से फर्जी सामग्री हटाएं

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): निर्वाचन आयोग ने सोमवार को राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे अपने सोशल मीडिया खातों से फर्जी सामग्री को संज्ञान में आने के तीन घंटे के भीतर हटा दें।

यह निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया के जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के लिए जारी किए गए निर्देशों का हिस्सा है। हाल में, कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अभिनेता आमिर खान तथा रणवीर सिंह के 'डीपफेक' वीडियो पोस्ट किए गए थे और इस संबंध में




आपराधिक शिकायतें दर्ज की गई थीं। निर्वाचन आयोग ने सूचनाओं को विकृत करने या गलत सूचना का प्रचार करने वाले 'डीपफेक' बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित उपकरणों के दुरुपयोग को लेकर राजनीतिक दलों को चेतावनी दी और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि चुनाव प्रचार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते समय राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों द्वारा आचार संहिता के कुछ उल्लंघन और मौजूदा कानूनी प्रावधानों का संज्ञान लेते हुए आयोग ने आज सोशल मीडिया के जिम्मेदार एवं नैतिक उपयोग के लिए राजनीतिक दलों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया, राजनीतिक दलों को निर्देश दिया गया है कि वे इस तरह की किसी भी सामग्री को अपने संज्ञान में लाए जाने के तीन घंटे के भीतर तुरंत हटा दें और अपनी पार्टी के जिम्मेदार व्यक्ति को इस संबंध में चेतावनी दें।

# जेट एयरवेज के संस्थापक को अंतरिम जमानत

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति एन.जे.जामदार की एकल पीठ ने कहा कि गोयल को एक लाख रुपये का मुचलका भरना होगा और वह अधीनस्थ अदालत की पूर्व अनुमति के बिना मुंबई से बाहर नहीं जा सकते। पीठ ने कहा, ''आवेदक (गोयल) को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा। वह सभी तय शर्तों का अनुपालन करेंगे।'' उच्च न्यायालय ने गोयल को अपना पासपोर्ट भी जमा कराने का निर्देश दिया।

## मुख्तार अंसारी के बेटे को भी मिली राहत

उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा जो जमानत पर रिहा करेगी।

# अपहरण मामले में एचडी रेवन्ना से पूछताछ

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): कर्नाटक सीआईडी की एसआईटी ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे और जद(एस) विधायक एचडी रेवन्ना से पूछताछ की। हालांकि रेवन्ना ने अधिकारियों के तैयार किए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। एचडी रेवन्ना को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकरण ने लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। 14 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार (7 मई) को वोटिंग होगी।एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल रेवन्ना सेक्स वीडियो मामले में मुख्य आरोपी हैं। प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर भाग गए हैं और उनके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी



- अधिकारियों द्वारा तैयार बयान पर हस्ताक्षर करने से इन्कार

की हिरासत में एचडी रेवन्ना अधिकारियों के तैयार किए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें मामले में फंसाया जा रहा है। एचडी रेवन्ना का कहना है कि पीड़िता के अपहरण से उनका कोई संबंध नहीं है। एसआईटी ने अपहरण मामले के दूसरे आरोपी सतीश बाबू और एचडी रेवन्ना के पीए राजगोपाल के भी बयान दर्ज किए हैं।

पीड़िता के बेटे ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि एचडी रेवन्ना के रिश्तेदार सतीश बाबू, विधायक के कहने पर पीड़िता को अपनी बाइक पर ले गए थे। यह घटनाक्रम प्रज्वल रेवन्ना द्वारा महिला के यौन उत्पीड़न के फुटेज वाले वीडियो के सामने आने के बाद हुआ। राजगोपाल ने कथित तौर पर एचडी रेवन्ना के आदेश पर महिला को अपने फार्म हाउस पर रखा था। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी मामले के अन्य आरोपियों के बयानों के आधार पर एचडी रेवन्ना से आगे पूछताछ करेगी।

# साइबर ठग के लॉकर से 19 किलो से अधिक सोना जब्त

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद में इंडियन बैंक की बल्लभगढ़ शाखा में अपनी मां के नाम पर रखे गए एक साइबर जालसाज के लॉकर से 14.04 करोड़ रुपये मूल्य का 19.5 किलोग्राम सोना जब्त किया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने कहा कि जालसाज की पहचान राष्ट्रीय राजधानी के मोती नगर निवासी पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी के रूप में हुई है, जिसे 3 अप्रैल को आईजीआई हवाई अड्डे के अराइवल हॉल टर्मिनल -3 से गिरफ्तार किया गया था।

ईडी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "आरोपी को उसी दिन दिल्ली पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया और 12 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं।' ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग योजना का हिस्सा है जिसमें विदेशी आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां भारतीय निवासियों का शोषण करती हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, 2 मार्च को गिरफ्तार किए गए पुनीत कुमार, आशीष कक्कड़, आनंद निकेतन, चाणक्यपुरी के निवासी केशव सूद और साकेत में रहने वाले शिव दरगर और अन्य देश से बाहर भी इन गतिविधियों में शामिल थे। ईडी ने आरोप लगाया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, हांगकांग, चीन, मलेशिया, मॉरीशस और थाईलैंड सहित दुनिया भर के विभिन्न स्थानों पर हवाला लेनदेन में लगे हुए थे। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत पिछले साल 22 और 23 मई को कक्कड़ की संपत्तियों की तलाशी के दौरान ईडी ने विदेशी बैंकों में ऑनलाइन लेनदेन के लिए आधार और पैन कार्ड डिजिटल उपकरणों जैसे जाली/फर्जी आईडी सहित बड़ी संख्या में आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए।



## ईडी ने मारे थे छापे

यह जब्ती ईडी के छापों के बाद की गई। पुनीत कुमार ने अपनी मां के नाम पर इंडियन बैंक में रखे लॉकर में सोने के रूप में साइबर अपराध की आय छिपाई है। इसके अलावा फरवरी और मार्च 2024 में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत की गई तलाशी में 14 परिसरों से 8 किलोग्राम वजन वाली सोने की छड़ें सहित कई संपत्तियां जब्त की गईं, जिनकी कीमत 5.04 करोड़ रुपये है। पुनीत कुमार के परिसर से 75 लाख नकद, आभूषण, लक्जरी घड़ियां, मर्सिडीज, ऑडी और किआ जैसी लग्जरी कारों के साथ आपत्तिजनक दस्तावेज और सबूत वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए।

# भारतीय चालक दल के छह सदस्यों वाली ईरानी नौका पकड़ी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने मछली पकड़ने वाले एक ईरानी जहाज को केरल के तट के पास पकड़ा जिस पर भारतीय चालक दल छह सदस्य सवार थे। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि जहाज को आईसीजी द्वारा चलाये गए एक समन्वित अभियान के बाद रविवार को पकड़ा गया। चालक दल ने आरोप लगाया कि जहाज के ईरानी प्रायोजक ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें रहने की बुनियादी स्थिति से वंचित किया और उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए। उसने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जहाज का मालिक एक ईरानी नागरिक है जिसने तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों को अनुबंधित किया था।

# इस्लामिक स्टेट की विचारधारा को बढ़ावा देने के आरोप में पांच को सजा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने आतंकी संगठन आईएसआईएस की विचारधारा को बढ़ावा देने और भारत में हिंसा के माध्यम से आतंक फैलाने के लिए प्रतिबंधित 'इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रोविंस' (आईएसकेपी) समूह द्वारा रची गयी एक साजिश से संबंधित मामले में सोमवार को दो महिलाओं समेत पांच लोगों को अलग-अलग जेल की सजा सुनाई। एनआईए की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक आरोपियों में से एक पर भारत में खलीफा का शासन स्थापित करने और पूरे देश में एक ही दिन में 100 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) धमाके करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आठ मार्च, 2020 को दो आरोपियों - जहांजैब सामी वानी और उसकी पत्नी हिना बशीर बेघ को आईएसकेपी से संबंध रखने के आरोप में दिल्ली के ओखला विहार, जामिया नगर से गिरफ्तार किया था।

**एआईए कोर्ट का फैसला**

आईएसकेपी, आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) का ही एक हिस्सा है। एनआईए ने इस सिलसिले में 20 मार्च, 2020 को मामला फिर से दर्ज कर जांच शुरू की थी। एनआईए ने अपनी जांच के दौरान 12 जुलाई, 2020 को पुणे से दो अन्य व्यक्तियों सादिया अनवर शेख और नबील एस खत्री को गिरफ्तार किया था।

# भारत अवसरों का देश: वॉरेन बफेट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बर्कशायर हैथवे के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वॉरेन बफेट भारत में निवेश की संभावनाओं से काफी उत्साहित हैं। इस पर वो नए सिरे से विचार करना चाहते हैं क्योंकि भारत अब 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। रविवार को अपनी कंपनी की वार्षिक बैठक में वॉरेन बफेट ने कहा, भारत में नई संभावनाओं का पता लगाएं। यहां ऐसे क्षेत्र हो सकते हैं जिनको सर्च नहीं किया गया है या यहां मौजूद अवसरों पर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि भारत में बहुत सारे अवसर हैं। सवाल यह है कि क्या हमें उनके बारे में जानकारी है, जिसमें हम भाग लेना चाहेंगे। बफेट देश में संभावित प्रवेश की तलाश में हैं। भारत की जीडीपी ग्रोथ एक नए शिखर पर पहुंचने के लिए तैयार है। विनिर्माण और ऑटोमोबाइल जैसे सेक्टरों ने फिर से सुधार देखना शुरू कर दिया है और जीएसटी कलेक्शन नई ऊंचाई हासिल कर रहा है। बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने सभी आर्थिक मानदंडों में अच्छी प्रगति की है। अब लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर (अनुमान वित्त वर्ष 2023-24) की जीडीपी के साथ भारत आर्थिक रूप से पांचवां सबसे बड़ा देश है। एक दशक पहले देश 1.9 ट्रिलियन डॉलर (मौजूदा बाजार मूल्य) की जीडीपी के साथ भारत 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस 10 साल की यात्रा में कई रिफॉर्म हुए जिसने देश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाया है। आरबीआई के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी ग्रोथ महामारी से पहले 2020 के दौरान दर्ज की गई 7 प्रतिशत से ऊपर बढ़ने के संकेत हैं। आईएमएफ के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 2004 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 635 डॉलर थी।



# न्यायिक अधिकारी भर्ती में समय सीमा का पालन नहीं, सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस बात पर अप्रसन्नता जताई कि न्यायिक अधिकारियों की भर्ती के लिए समय सीमा निर्धारित करने के बावजूद 25 में से केवल नौ राज्यों ने निर्धारित समय के भीतर दीवानी न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की।

शीर्ष अदालत ने जिला और अधीनस्थ अदालतों में रिक्तियों को भरने के लिए एक समय सीमा का पालन करना अनिवार्य किया था। यह प्रक्रिया 31 मार्च को शुरू होनी थी और उसी वर्ष 31 अक्टूबर तक समाप्त होनी थी। हालांकि, कई उच्च न्यायालयों के अनुरोध पर कार्यक्रम को संशोधित किया गया। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा, ''भर्ती प्रक्रिया को समय सीमा का पालन करना चाहिए, लेकिन यदि कोई विशेष और अपरिहार्य आवश्यकता है, तो हितधारकों को तत्परता के साथ सूचित किया जाना चाहिए।'' शीर्ष अदालत ने एक फैसले में ये टिप्पणियां कीं, जिसके द्वारा उसने बिहार और गुजरात में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए चयन मानदंड के तहत मौखिक परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित करने वाले नियमों को बरकरार रखा। पीठ ने कहा, ''उच्चतम न्यायालय के सेंटर फॉर रिसर्च एंड प्लानिंग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मलिक मजहर (सुप्रा) के मामले में भर्ती के लिए समयसीमा निर्धारित करने के फैसले के बावजूद, 25 में से केवल नौ राज्यों ने दीवानी न्यायाधीश (न्यायाधीश प्रभाग) की भर्ती निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार राज्य को विज्ञापन की तारीख (9 मार्च, 2020) से अंतिम परिणाम की तारीख (10 अक्टूबर, 2022) तक भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में 945 दिन लगे।''

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 07 May, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष** ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल) गिफ्ट के तौर पर धन प्राप्त होने वाला है। पेशेवर क्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी। ऑफिस और घर में संतुलन बना रहेगा। वेकेशन का अनुभव शानदार रहने वाला है। प्रॉपर्टी से अच्छे रिटर्न की संभावना है। अकेडमिक प्रदर्शन संतोषजनक रहेगा। **लकी नंबर : 2 लकी कलर : सैफ्रॉन**

**वृषभ** TAURUS (21 अप्रैल - 20 मई) सामाजिक क्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आर्थिक स्तर पर स्थिरता आने वाली है। संपत्ति विवाद का फैसला पक्ष में रहेगा। सेहत और फिटनेस को लेकर सजग रहेंगे। **लकी नंबर : 6 लकी कलर : ब्राउन**

**मिथुन** GEMINI (21 मई - 21 जून) सीनियर्स से प्रशंसा मिलने के संकेत हैं। पेशेवर क्षेत्र में आपकी डिमांड बढ़ेगी। परिवार में आपके विचार स्वीकार्य रहेंगे। पैतृक घर का रेनोवेशन करवा सकते हैं। **लकी नंबर : 1 लकी कलर : क्रीम**

**कर्क** CANCER ( 22 जून -22 जुलाई) आउटडोर एक्टिविटी में दिलचस्पी बढ़ेगी। सामाजिक क्षेत्र में शोहरत मिलने वाली है। दिन सकारात्मक रहने वाला है,एक्टिव रहेंगे। जमीन जायदाद का पेपर संभाल कर रखें। **लकी नंबर : 4 लकी कलर : डार्क ब्लू**

**सिंह** LEO ( 23 जुलाई - 23 अगस्त) निवेश के मामले में रिस्क ले सकते हैं। हेल्दी खान पान अपनाने के संकेत हैं। बिजनेसपर्सन की आमदनी बढ़ने वाली है। आउटिंग का अनुभव यादगार हो सकता है। मैच मेकिंग प्रक्रिया में व्यस्त रहेंगे। **लकी नंबर : 18 लकी कलर : रेड**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त- 23 सितंबर) सट्टेबाजी से अच्छी आमदनी के संकेत हैं। फिटनेस के प्रति आपकी जागरुकता बढ़ेगी। अपना पेशेवर टैलेंट समझने में सक्षम होंगे। घर के लोगों के साथ गलतफहमी दूर होगी। पार्टनर का सपोर्ट मुश्किल आसान कर देगा। **लकी नंबर : 2 लकी कलर : पर्पल**

**तुला** LIBRA (24 सितंबर - 23 अक्टूबर) अनअपेक्षित स्रोत से आमदनी होने वाली है। सेहत के मामले में अति करने से बचें। कार्यक्षेत्र में कोई अचीव्मन्ट मिलने वाली है। शॉर्ट वेकेशन पर जाने की संभावना है। वैवाहिक जीवन में मिठास बढ़ने वाली है। **लकी नंबर : 4 लकी कलर : मैजेंटा**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर - 22 नवंबर) खान पान पर नियंत्रण रखने की जरुरत है। फिटनेस गाइड की सलाह पर ध्यान देना होगा। प्रोफेशनली अपनी क्षमता साबित करनी होगी। पति पत्नी में सामंजस्य और विश्वास बढ़ेगा। **लकी नंबर : 17 लकी कलर : ऑरेंज**

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर - 21 दिसंबर) रुटिन में व्यायाम शामिल कर सकते हैं। शैक्षणिक मामले में अच्छी खबर मिलेगी। फिजूलखर्ची पर कंट्रोल करना आवश्यक है। दोस्तों के साथ आउटिंग का प्लान बनेगा। **लकी नंबर :5 लकी कलर : डार्क ग्रीन**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर -21 जनवरी) आर्थिक मामले में तत्काल निर्णय लेना होगा। योग और मेडिटेशन क्लास जाना शुरु करेंगे। संयुक्त परिवार वालों की परेशानी बढ़ेगी। प्राइम प्रॉपर्टी लेने का प्रयास सफल रहेगा। **लकी नंबर : 4 लकी कलर : सिल्वर**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी- 19 फरवरी) व्यायाम और डाइट को लेकर सचेत रहेंगे। वित्तीय स्तर पर मजबूत आधार तैयार करेंगे। कार्यक्षेत्र में अपना लोहा मनवा सकते हैं। चुनौतियों से उबरने का समय है,प्रयास करें। दामपत्य जीवन में गलतफहमी आ सकती है। **लकी नंबर :2 लकी कलर : पिंक**

**मीन** PISCES (20 फरवरी -20 मार्च) पेंडिंग प्रोजेक्ट को लेकर जवाब देना होगा। करीबी लोगों से मुलाकात का मौका मिलेगा। आज सोच समझकर कोई चेक साइन करें। सेहत के मामले में सजग रहना आवश्यक है। प्रॉपर्टी विवाद कोर्ट तक पहुँच सकता है। **लकी नंबर : 8 लकी कलर : डार्क ग्रे**

# पुंछ हमले में तलाशी अभियान तेज

**जम्मू,** (पंजाब केसरी) : जम्मू-कश्मीर के पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकवादी हमला मामले में सुरक्षा बलों को कोई सफलता नहीं मिली है, वहीं जिले के विस्तृत इलाके में व्यापक तलाशी अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमले के संबंध में बीस से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा बल उन आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सुराग जुटा रहे हैं जो शनिवार शाम सुरनकोट इलाके में शाहसितार के पास घात लगाकर हमले के बाद पास के घने जंगलों में फरार हो गए थे। हमले में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# राहुल के बयान पर भड़के कुलपति

**नई दिल्ली** (पंजाब केसरी): देश में लोकसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक कथित बयान पर बवाल मच गया है, जिसमें उन्होंने देश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया पर प्रश्न उठाए थे। अब उनके इस बयान पर देश के कई हिस्सों से कुलपतियों और शिक्षाविदों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी की टिप्पणियों का विरोध किया है। वहीं, कांग्रेस ने भी इस ओपन लेटर प्रतिक्रिया दी है। अपने लेटर में कुलपतियों ने कहा कि जिस प्रक्रिया से कुलपतियों का चयन किया जाता है, वह योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता और अखंडता के मूल्यों पर आधारित कठोर, पारदर्शी कठोर प्रक्रिया की विशेषता है। चयन पूरी तरह से शैक्षणिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित है और विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने की

- राहुल गांधी ने कुलपतियों की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया पर प्रश्न उठाए थे
- कुलपतियों का चयन योग्यता, विद्वतापूर्ण विशिष्टता पर की जाती है

दृष्टि से किया गया है। हम स्पष्ट रूप से ऐसे दावों को खारिज करते हैं।

हमारे बीच प्रस्तुत शैक्षणिक विषयों और पेशेवर अनुभवों की श्रृंखला चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष और समावेशी प्रकृति के प्रमाण के रूप में खड़ी है। ज्ञान के संरक्षक और शिक्षा जगत के प्रशासकों के रूप में, हम शासन की अखंडता, नैतिक व्यवहार और संस्थागत अखंडता के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखते हैं। हम सभी प्रासंगिक हितधारकों से उत्पादक चर्चा और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करते हैं। हम इसमें शामिल सभी व्यक्तियों से दृढ़तापूर्वक आग्रह करते हैं कि वे तथ्यों को कल्पना से अलग करने में विवेक का प्रयोग करें, निराधार अफवाहें फैलाने से बचें, और एक गतिशील और समावेशी शैक्षिक वातावरण बनाने के हमारे साझा लक्ष्य के लिए अच्छी तरह से सूचित, रचनात्मक और सहायक संवाद में भाग लें। भारत में विश्वविद्यालयों में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं, जो वैश्विक रैंकिंग, प्रमुख मान्यता, विश्व स्तरीय अनुसंधान और नवाचारों में वृद्धि, उद्योग शैक्षणिक अंतर को कम करने वाले पाठ्यक्रम में बदलाव और शैक्षणिक गुणवत्ता और सामाजिक प्रासंगिकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उच्च प्लेसमेंट संभावनाओं से स्पष्ट है।

# बिहार जिला जज परीक्षा चयन प्रक्रिया वैध करार, याचिका खारिज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार के असफल अभ्यर्थियों की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें जिला जज परीक्षा 2015 के अंतिम परिणाम को इस आधार पर रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई थी कि इंटरव्यू प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, चयन प्रक्रिया को कानूनी रूप से वैध पाया गया है। यह माना गया है कि इंटरव्यू में न्यूनतम योग्यता अंक प्राप्त करने की जरूरत स्वीकार्य है और स्पष्ट रूप से मनमाना, तर्कहीन या अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं है। इस साल फरवरी में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कुल 99 रिक्तियों के मुकाबले इंटरव्यू में केवल नौ अभ्यर्थियों के चयन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि कुल 69 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। जिन 60 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्हें मौखिक परीक्षा में 50 में से 10 अंक दिए गए। जिस कारण उन्हें असफल घोषित कर दिया गया।




# ओडिशा में बीजद 'अस्त', चार जून है उसकी 'एक्सपायरी डेट': मोदी

## रेवन्ना जैसे केस में जीरो टोलरेंस की नीति है हमारी

**बेरहामपुर/नबरंगपुर,**(पंजाब केसरी): पीएम मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भाजपा को लेकर आश्वस्त हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है। राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। पीएम ने कहा कि रेवेन्ना जैसे मामलों पर हमारी पोलिसी जीरो टोलरेंस है। लोकतंत्र में ऐसे लोग बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। देर सवेर रेवेन्ना को इस कांड की सजा जरूर मिलेगी। वहीं नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी



कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया। केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में 'एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल' स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। कहा, उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं। ओडिशा को आयुष्मान भारत योजना से कोई फायदा नहीं हुआ क्योंकि बीजद सरकार ने इसे राज्य में लागू नहीं किया। ओडिशा की जनता ने 50 साल तक कांग्रेस के शासन को देखा और पिछले 25 साल से बीजद को देख रही है। मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। अब ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है।चुनाव के बाद भाजपा यहां डबल इंजन की सरकार बनाएगी।

### हमारी योजनाओं पर अपना फोटो चिपका देती है बीजद

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10,000 करोड़ रुपये ओडिशा को दिए लेकिन वह पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। मोदी गांव में सड़कें बनाने के लिए पैसा भेजता है, लेकिन यहां गांवों में सड़कों की हालत खराब है। मोदी दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजता है, लेकिन बीजद सरकार इस योजना पर भी अपना फोटो चिपका देती है। प्रधानमंत्री ने बीजद सरकार पर महिलाओं के हितों की कोई परवाह ना करने का आरोप मढ़ा और कहा कि केंद्र सरकार हर गर्भवती महिला को छह हजार रुपये की आर्थिक मदद दे रही है लेकिन राज्य सरकार ने इतनी महत्वपूर्ण और पवित्र योजना पर भी 'ताला' लगा दिया है।

# बृज भूषण के बेटे पर आचार संहिता उल्लंघन का केस

**गोंडा,** (पंजाब केसरी): कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व उप्र कुश्ती संघ के अध्यक्ष करण भूषण सिंह के खिलाफ तरबगंज थाने में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। भाजपा ने निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण को उम्मीदवार बनाया है।



बृजभूषण शरण सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख रहते हुए महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी बिना अनुमति के वाहनों का काफिला लेकर क्षेत्र में प्रचार कर रहे थे। साथ ही उसके वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किए जा रहे थे। भारतीय दंड संहिता की धारा 171एच (चुनाव के संबंध में अवैध भुगतान) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया।

# भाजपा-आरएसएस संविधान बदलना चाहते हैं : राहुल

**अलीराजपुर (मप्र),** (पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी। इस बार के चुनाव का उद्देश्य देश के संविधान को बचाना है क्योंकि भाजपा और आरएसएस संविधान बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले अलीराजपुर जिले के जोबट कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जातिगत जनगणना की वकालत की और दावा किया कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी। भाजपा ने संविधान को बदलने के इरादे से 400 पार का नारा दिया है। लेकिन 400 सीट तो छोड़िए, भाजपा को इस बार 150 से



● एनडीए 150 सीटें भी पार नहीं कर पाएगा

ज्यादा सीट भी नहीं मिलेंगी। संविधान से आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को लाभ मिल रहा है। संविधान के कारण आदिवासियों को जल, जमीन और जंगल पर अधिकार है।

प्रधानमंत्री लोगों के अधिकार छीनना चाहते हैं जबकि हम उन्हें इससे रोकना चाहते हैं। उनके नेताओं ने कहा है कि वे आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को दिया गया आरक्षण छीन लेंगे। मैं इस मंच से आपको बताना चाहता हूं कि आरक्षण छीनने की बात तो छोड़ दीजिए हम इसे 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ाने जा रहे हैं। अदालत ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत पर सीमित कर दी है। हम इस सीमा को हटा देंगे।

### किसान ऋण होगा माफ

खरगोन: राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव के बाद अगर केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। मनरेगा योजना के तहत दैनिक भत्ता 250 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये कर दिया जाएगा। श्री गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ये सारी चीजें अडाणी समेत 22-25 अरबपतियों को देना चाहते हैं। लेकिन 'इंडिया'' सरकार गरीब महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खाते में हर साल एक लाख रुपये जमा करेगी। कांग्रेस ने खरगोन और खंडवा से पोरलाल खरते और नरेंद्र पटेल को मैदान में उतारा है।

### अगर पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, तो भारत के पास भी कोई पटाखा नहीं है

# राजनाथ के बयान पर फारूक के विवादित बोल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत में मिलाने को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने विवादित बयान दे दिया।

दरअसल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को इंटरव्यू में साफ कहा था कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने यह कहा कि लेकिन इसपर बलपूर्वक कब्जा करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं भारत का हिस्सा बनना चाहेंगे। राजनाथ सिंह के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि अगर रक्षा मंत्री कह रहे हैं तो आगे बढ़ें। हम रोकने वाले कौन होते हैं। लेकिन



याद रखें, उन्होंने (पाकिस्तान) भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं, उनके पास भी एटम बम है और दुर्भाग्य से वह परमाणु बम हमारे ऊपर गिरेगा।

गिरीराज सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, तो भारत के पास कोई पटाखा नहीं है। देश के अंदर मुसलमानों का वोट लेने के लिए एक नई मुहिम छिड़ी है। कर्नाटक में मुस्लिमों को पिछले दरवाजे से आरक्षण देने की कोशिश की जा रही है।उन्होंने सवाल किया कि क्या सनातनी हिंदुओं का आरक्षण समाप्त करने की साजिश है? कांग्रेस पाकिस्तान की चर्चा कर रहा है।

### पाकिस्तान की भाषा बोल रहा है विपक्ष : सुधांशु

**भाजपा ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं द्वारा दिए गए कुछ बयानों का उल्लेख करते हुए उन्हें राष्ट्र हित के खिलाफ बताया और विपक्ष पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाते हुए लोगों को उनसे सावधान रहने को कहा। सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उन आरोपों का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने तत्कालीन आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या की थी। त्रिवेदी ने इस क्रम में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उस दावे का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में सैन्य कर्मियों पर हमले को 'चुनावी स्टंट'' बताया था।**

# देश में 'जंगलराज' कायम कर देगा विपक्ष

## इंडिया गठबंधन के नेता हैं भ्रष्टाचारी, झारखंड में मंत्री के घर से 30 करोड़ बरामद

**समस्तीपुर,** (पंजाब केसरी): केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में 'जंगलराज' होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि 'इंडिया' गुट के नेता भ्रष्ट हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले में भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, झारखंड में एक मंत्री के घर से 30 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी साबित करती है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं। अगर वे सत्ता में आए तो देश के साथ-साथ बिहार में भी पूरी तरह से 'जंगलराज' हो जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में 'बेहिसाबी'' नकदी बरामद की गई है। शाह ने कहा,''इंडिया गुट से प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या शरद पवार बनेंगे प्रधानमंत्री? क्या ममता बनर्जी (प्रधानमंत्री) बनेंगी या एमके स्टालिन या उद्धव



ठाकरे? मैं दूसरा नाम लूंगा। कृपया हंसिये मत। क्या राहुल बाबा प्रधानमंत्री बन सकते हैं? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजद और कांग्रेस के नेता वोट बैंक की राजनीति के कारण अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने दावा किया कि राजद नेता लालू प्रसाद और कांग्रेस ने हमेशा अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने का विरोध किया है।

### वोट बैंक के लिए कांग्रेस, टीएमसी ने साधी चुप्पी: शाह

दुर्गापुर : केंद्रीय गृहमंत्री ने कांग्रेस और टीएमसी पर संप्रग शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने ''वोट बैंक के नाराज होने का भय था।'' जहां भाजपा नीत राजग सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता आतंकवाद पर सख्त रुख और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करना है, वहीं कांग्रेस नीत संप्रग सरकार आतंक पर नरम थी।

उन्होंने कहा कि उक्त संप्रग सरकार की टीएमसी भी एक सहयोगी थी। वह बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र के दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस शासन के दौरान देश में आतंकवादी हमले हुए तो कांग्रेस और टीएमसी ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण एक शब्द भी नहीं बोला। टीएमसी तब कांग्रेस सरकार का हिस्सा थी।

# लद्दाख में नेकां को झटका, कारगिल इकाई बागी हुई

**कारगिल,** (पंजाब केसरी): नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) को सोमवार को लद्दाख में बड़ा झटका लगा, जब उसकी पूरी कारगिल इकाई ने पार्टी नेतृत्व द्वारा 'इंडिया' गठबंधन के सीट-बंटवारे समझौते के तहत लद्दाख लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करने के लिए दबाव डालने के विरोध में इस्तीफे की घोषणा की। नेकां की लद्दाख इकाई के अतिरिक्त महासचिव और पूर्व मंत्री कमर अली अखून ने एक पत्र में पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला को पार्टी इकाई के फैसले से अवगत कराया। अखून ने यहां कहा कि नेकां आलाकमान उन पर लद्दाख से कांग्रेस के उम्मीदवार त्सेरिंग नामग्याल को समर्थन देने के लिए दबाव डाल रहा था, लेकिन यह केडीए द्वारा लिए गए फैसले के खिलाफ है, जिसने हाजी हनीफा जान को उम्मीदवार बनाया है। संबंधित घटनाक्रम में, दो निर्दलीय उम्मीदवारों- सज्जाद हुसैन और काचो मोहम्मद फिरोज ने नाम वापसी की आखिरी तारीख पर जान के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया।

# अमेठी में कांग्रेस कार्यालय पर हमला, कारों में तोड़फोड़

**अमेठी,** (पंजाब केसरी): अमेठी में कांग्रेस पार्टी दफ्तर पर रविवार आधी रात के आसपास कुछ अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। उपद्रवियों ने बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की और हंगामा मचाने के बाद भाग गए। इस घटना के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंगल पार्टी कार्यालय पहुंचे। सीओ सिटी मयंक द्विवेदी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शन कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। द्विवेदी ने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किशोरी लाल शर्मा से पूछा गया कि आचार संहिता लागू होने के

● अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मैं ऐसी घटनाओं से डरने वाला नहीं हूं

बाद से लगातार कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जिला अध्यक्षों पर हमले किए जा रहे हैं, तो ऐसे में आपको चुनाव लड़ना कितना मुश्किल लगता है, तो इस पर उन्होंने कहा, "ऐसी घटनाओं से डरने वाला नहीं हूं। इस तरह की परिस्थिति से मैं पहले भी दो चार हो चुका हूं। जिन लोगों को लगता है कि मैं इससे डर जाऊंगा, ऐसे लोगों को मैं दो टूक कह देना चाहता हूं कि मैं डरने वाला नहीं हूं।" किशोरी लाल से पूछा गया कि आपको क्या लगता है कि यह हमला किन लोगों ने कराया है।

## तीसरे चरण का मतदान आज, 1300 से ज्यादा प्रत्याशी मैदान में



गुवाहाटी में सोमवार को तीसरे चरण के चुनाव की पूर्व संध्या पर ईवीएम और चुनाव सामग्री लेकर चुनावी ड्यूटी के लिए जाते इलेक्शन अधिकारी। (छाया : प्रे.ट्र.)

# कांग्रेस सनातन विरोधी, राम विरोधी

**हैदराबाद,**(पंजाब केसरी): भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल 'सनातन विरोधी' और 'राम विरोधी' है तथा वह राष्ट्र विरोधी ताकतों से हाथ मिलाता है। नड्डा ने तेलंगाना के पेद्दापल्ली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का भाजपा पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाना उस मुहावरे की तरह है कि सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले जिसमें 72 छेद। कांग्रेस राम विरोधी पार्टी है। कांग्रेस सनातन विरोधी है। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाती है।

नड्डा ने कहा कि जब द्रविड़ मुनेत्र कषगम के नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना एचआईवी, डेंगू और मलेरिया से की तो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी



● कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाती है

चुप रहे। भाजपा अध्यक्ष ने असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम, बीआरएस और कांग्रेस को 'एबीसी' टीम करार देते हुए आरोप लगाया कि 'ये सभी तीनों के तीनों मुस्लिम लीग का एजेंडा चलाने वाली पार्टी यहां है'। ये तीनों दल तब्लीगी जमात के 'सिद्धांतों और नीतियों' का पालन करते हैं और मुख्यधारा के लोगों को परेशान करते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये दल 17 सितंबर को 'मुक्ति दिवस' नहीं मना सकते लेकिन जब तेलंगाना में भाजपा सरकार बनाएगी, तो इस दिन को बड़े पैमाने पर उत्सव के रूप में मनाएगी।

आरक्षण खत्म करने के राहुल गांधी के दावे पर नड्डा ने कहा, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। कांग्रेस ने बार-बार दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में से किसी अन्य समुदाय को आरक्षण दिया है। जब 2004 में अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में थी, तो उसने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी से उनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। कर्नाटक में कांग्रेस ने ओबीसी के आरक्षण में कटौती की और इसे मुसलमानों को दे दिया, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे खत्म कर दिया और ओबीसी को उनका अधिकार वापस दिया।

# गुजरात की 25 सीटों पर आज फैसला : कुल 93 सीटें दांव पर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात मई यानी मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 93 सीट के लिए मतदान होगा। तीसरे चरण में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर होगा जिसने पिछले आम चुनाव में गुजरात, कर्नाटक, बिहार और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में स्थित इन निर्वाचन क्षेत्रों में से अधिकतर पर जीत हासिल की थी। कुल 93 सीट के लिए 1300 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 120 महिलाएं हैं, जबकि पात्र मतदाताओं की संख्या 11 करोड़ से अधिक है।

इन सीट पर किस्मत आजमा रहे दिग्गज नेताओं में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं। केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव (2 सीट) और मध्य प्रदेश की नौ सीट, जिनमें बैतूल भी शामिल है जहां चुनाव टाल दिया गया था, पर मंगलवार को मतदान होगा। इस चरण में जिन सीट पर चुनाव होगा उनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, बिहार की पांच, पश्चिम बंगाल और असम की चार-चार और गोवा की दो सीट शामिल हैं। तीसरे चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता रहे कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा से 'हैट्रिक' बनाने की उम्मीद कर रहे हैं। मध्यप्रदेश की नौ सीट के लिए चुनाव के दौरान तीन बड़े दिग्गजों शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह का राजनीतिक भविष्य तय होगा।

**मोदी और शाह करेंगे अहमदाबाद में वोटिंग**

इस दौरान 1.77 करोड़ से अधिक मतदाता नौ सीट के लिए मैदान में उतरे 127 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। राजगढ़ सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री 77-वर्षीय दिग्विजय सिंह का मुकाबला दो बार के भाजपा सांसद रोडमल नागर से है। गुना सीट पर यादव समुदाय के वोट चुनावी पलड़ा झुका सकते हैं और यहां सिंधिया का मुकाबला कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह यादव से है। विदिशा में चौहान सहज दिख रहे हैं, लेकिन राजगढ़ में मुकाबला करीबी हो सकता है। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट में से जिन सात सीट पर चुनाव होंगे, उनमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा (एससी), कोरबा, सरगुजा (एसटी) और रायगढ़ (एसटी) सीट शामिल है। 'हाई-प्रोफाइल' रायपुर सीट पर भाजपा के प्रभावशाली राज्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का मुकाबला कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय से होगा। कोरबा में भाजपा ने अपनी प्रभावशाली महिला नेता और पूर्व सांसद सरोज पांडे को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी और कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना महंत के खिलाफ मैदान में उतारा है। दुर्ग सीट पर कांग्रेस ने मौजूदा भाजपा सांसद विजय बघेल के खिलाफ राजेंद्र साहू को मैदान में उतारा है।

### एमपी की सीटें...

मध्य प्रदेश की इन नौ सीट में मुरैना, भिंड (एससी), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगभग 17 वर्षों के बाद विदिशा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जिसका वह पूर्व में कई बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शिवराज का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप भानु शर्मा से है। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान की सीट पर कोई भी दिक्कत नहीं हो सकती।

### यूपी की सीटें...

उत्तर प्रदेश की संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली संसदीय सीट पर मतदान होगा। उप्र में इस चरण में 100 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 1.88 करोड़ मतदाता मतदान कर सकेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिये प्रयास कर रही हैं। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद सीट से फिर से मैदान में हैं।

# असम में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक, लेकिन प्रत्याशी कम

**गुवाहाटी,**(पंजाब केसरी): असम में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होने के बावजूद केवल 12 महिला उम्मीदवार 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं जबकि पिछली बार 14 महिला प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। ये 12 महिला उम्मीदवार राज्य में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से सात में चुनाव लड़ रही हैं। असम में कुल 2,45,72,144 मतदाता हैं जिनमें से 1,23,39,241 महिला मतदाता और 1,23,25,293 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या अधिक होने के बावजूद महिला प्रत्याशियों की संख्या में गिरावट 2014 से जारी है जब 16 महिलाओं ने चुनाव लड़ा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने एक महिला उम्मीदवार बिजुली कालिता मेधी को प्रतिष्ठित गुवाहाटी सीट से टिकट दिया है जबकि विपक्षी दल कांग्रेस ने गुवाहाटी में मीरा बोरठाकुर गोस्वामी तथा काजीरंगा में रोजलीना टिर्की को उम्मीदवार बनाया है। छोटे दलों में गण सुरक्षा पार्टी ने दो महिलाओं जबकि हिंदू समाज पार्टी, गण संग्राम परिषद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) तथा वोटर्स पार्टी ने एक-एक महिला को टिकट दिया है और तीन महिलाएं निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। काजीरंगा में सबसे अधिक तीन महिला प्रत्याशी हैं। उसके बाद गुवाहाटी और कोकराझार (एसटी) में दो-दो और सोनितपुर, दरांग-उदलगुड़ी, नगांव, बारपेटा और धुबरी में एक-एक महिला प्रत्याशी है।

**केवल 12 महिला उम्मीदवार 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं**

देश में पहले आम चुनाव से लेकर अब तक केवल 18 महिला उम्मीदवारों ने राज्य में लोकसभा चुनाव लड़ा है। बहरहाल, मतदान प्रक्रिया में महिला मतदाताओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि आयी है। 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को पहले दो चरणों के मतदान में 79.92 प्रतिशत मतदान हुआ।




# ओवैसी की एंट्री के बाद पाटलीपुत्र लोकसभा पर चाचा-भतीजी का मुकाबला दिलचस्प

मनोज कुमार मनु

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बिहार में चुनावी तापमान लगातार बढ़ रहा है। पाटलिपुत्र लोकसभा सीट पर आखिरी चरण यानी की एक जून को चुनाव होना है और अब इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की एंट्री के बाद यहां की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो चुकी है। बिहार में कई सीटों पर रोचक मुक़ाबला है। इन्हीं में से एक सीट है पाटलिपुत्र सीट। इस सीट पर एक बार फिर राजद प्रमुख लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती का मुकाबला रामकृपाल यादव से है। पाटलिपुत्र सीट इस बार के चुनाव में इस कारण से भी वीआईपी सीट मानी जा रही है, क्योंकि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती तीसरी बार इस सीट से चुनाव लड़ रही है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने यहां से चुनाव लड़ा था मगर उन्हें दोनों बार हार का सामना करना पड़ा था। बता दें कि दोनों का आमना-सामना पिछले चुनावों में भी हो चुका है, जिसमें रामकृपाल यादव ने बाजी मारी थी। रामकृपाल यादव किसी जमाने में लालू प्रसाद यादव के करीबी माने जाते थे। उस दौर में रामकृपाल यादव और मीसा भारती को 'चाचा-भतीजी' के तौर पर भी जाना जाता था। साल 2014 में पहली बार चाचा-भतीजी की यह जोड़ी चुनाव मैदान में आमने सामने थी, उस समय भी रामकृपाल यादव ने मीसा भारती को चुनावों में मात दी थी। रामकृपाल यादव ने 2014 में ही राष्ट्रीय जनता दल को छोड़ दिया था। भाजपा के टिकट पर पाटलिपुत्र से लोकसभा पहुंचने के बाद रामकृपाल यादव को केंद्र सरकार में मंत्री भी बनाया गया था।

बिहार के सियासी गलियारों में कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार बीजेपी रामकृपाल यादव का टिकट काट सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। राजधानी पटना के शहरी इलाक़े के एक हिस्से के अलावा यह सीट छोटे कस्बों और ग्रामीण इलाक़ों तक फैली हुई है।

### चुनावी टक्कर


राम कृपाल यादव


मिसा भारती

### ओवैसी ने फारुख को उतारा, दिलचस्प हुआ मुकाबला

ओवैसी की पार्टी ने दो दिन पहले ही पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए 42 वर्षीय फारुख रजा को चुनावी मैदान में उतारकर चुनाव को काफी दिलचस्प बना दिया है। फारूक रजा राजा पेशे से इंजीनियर हैं और पाटलिपुत्र के नौसा क्षेत्र के रहने वाले हैं। मजे की बात तो यह है कि फारुख रजा पूर्व में यूथ राजद के जनरल सेक्रेटरी रह चुके हैं। यानी देखा जाय तो मीसा भारती का मुकाबला राजद के दो बागियों के साथ है जो पूर्व में राजद के वफादार रहे हैं। ओवैसी की पार्टी के मुताबिक फारूक रजा 2019 के लोकसभा चुनाव में मीसा भारती के काउंटिंग इंचार्ज भी थे। बता दें कि पाटलिपुत्र लोकसभा सीट में लगभग आठ फीसदी मुस्लिम आबादी है और ओवैसी की पार्टी का इस सीट पर उम्मीदवार खड़ा करने के बाद लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती की चुनौती और ज्यादा बढ़ गई है।

### दो बार से मोदी लहर में चाचा से मात खा रही है मीसा भारती...

पिछले दो लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद की बेटी को भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव ने कड़ी मात दी थी और इस बार भी मीसा भारती के खिलाफ रामकृपाल यादव ही मैदान में हैं। कुछ दिनों पहले तक माना जा रहा था कि इस बार भी पाटलिपुत्र की लड़ाई राम कृपाल यादव बनाम मीसा भारती रहेगी, लेकिन इस सीट पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने चुनाव लड़ने का ऐलान करके पटना की राजनीति में खलबली मचा दी थी और बीते शनिवार को पार्टी ने पाटलिपुत्र सीट के लिए अपने आधिकारिक उम्मीदवार के नाम की भी घोषणा कर दी है। इससे मुकाबल अब बेहद दिलचस्प होने वाला है।

## चुनावी रोचक तथ्य

# वोटिंग के बाद उंगली पर लगी चुनावी स्याही आखिर क्यों नहीं मिटती...



रीतेश मिश्रा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अभी देश में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। इसके बाद कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। अगर आपने कभी भी, जीवन में एक बार भी वोट दिया होगा, तो आपको पता होगा कि चुनावी स्याही क्या होती है। इसी स्याही को दिखाकर अक्सर लोग मतदान के बाद सेल्फी लेते हैं। अपने मत का प्रयोग कर चुके लोगों की उंगली में इस स्याही को लगाया जाता है, ताकि वह मतदाता दोबारा वोट न डाल सके। लेकिन आखिर इसी स्याही को क्यों लगाते हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण है, दरअसल इस स्याही को लगाने के बाद उंगली से इसका रंग कई दिनों तक नहीं जाता है। यही कारण है कि इस स्याही का इस्तेमाल कर फर्जी वोटिंग से बचा जाता है।

### क्या चुनावी स्याही को छुड़ाया जा सकता है?

**एक** और खास बात जो जानने वाली है, वो ये कि उच्च क्वालिटी की चुनावी स्याही 40 सेकेंड से भी कम समय में सूख जाती है। उंगली पर स्याही लगाने के 1 सेकेंड के भीतर ही उंगली पर यह अपने दाग छोड़ देती है। हालांकि गांव-देहात या अन्य जगहों पर अक्सर कई बार सुनने को मिलता है कि इस स्याही को कैसे मिटाना है। लेकिन इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। बता दें कि अगर आपने एक बार वोट दे दिया है तो प्रयास कीजिए की बूथ से बाहर चले जाएं और गलती से भी फर्जी वोट देने के चक्कर में न पड़ें। अन्यथा पकड़े जाने पर आपको बुरे परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

### कौन खरीद सकता है चुनावी स्याही?

इस नीले स्याही को भारतीय चुनाव में शामिल करने का श्रेय देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन को जाता है। उंगली पर लगी स्याही दर्शाती है कि आपने अपना वोट दे दिया है। लेकिन क्या आपको पता है कि आखिर ये स्याही क्यों नहीं मिटती है और यह बनती कैसे है। दरअसल इस स्याही को दक्षिण भारत में स्थित एक कंपनी मैसूर पेंट्स एंड वार्निश लिमिटेड में बनाई जाती है। साल 1937 में इस कंपनी की स्थापना हुई थी। इस स्याही को कंपनी एमवीपीएल के जरिए सरकार या चुनाव से जुड़ी एजेंसियों को ही सप्लाई करती है। थोक में इस स्याही की ब्रिकी पर रोक है।

### कैसे बनती है स्याही

इस स्याही को इलेक्शन इंक या इंडेलिबल इंक के नाम से जाना जाता है। इस स्याही को तैयार करने के लिए सिल्वर नाइट्रेट केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में अगर स्याही आपकी त्वचा पर लग गई, तो कम से कम 72 घंटे लगते हैं इसे मिटाने में। दरअसल पानी के संपर्क में आने के बाद सिल्वर नाइट्रेट काले रंग का हो जाता है और यह मिटता नहीं है। हमारे शरीर में मौजूद नमक के साथ मिलकर सिल्वर नाइट्रेट सिल्वर क्लोराइड बनाता है। सिल्वर क्लोराइड ना तो पानी में घुलता है, और ना ही इसे साबुन से या किसी केमिकल से धोया जा सकता है। यह त्वचा से चिपका रहता है। समय के साथ त्वचा के सेल जब पुराने होते हैं तभी इस स्याही का रंग उतरता है।

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची...

# पीएम मोदी-शाह-योगी करेंगे दिल्ली में प्रचार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह द्वारा सोमवार को चुनाव आयोग को भेजी गई दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची को मीडिया के लिए जारी कर दिया गया। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हैं। दिल्ली में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होगा। ऐसे में भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गई है। स्टार प्रचारकों में रैली, चुनावी जनसभाओं में दिल्ली की जनता को पीएम मोदी, शाह, योगी, हेमंत बिस्वा शर्मा आदि के भाषण सुनने को मिलेंगे। सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, योगी आदित्यनाथ, हरदीप सिंह पुरी, स्मृति ईरानी, अर्जुन राम मेघवाल, डॉ. मोहन यादव, पुष्कर सिंह धामी, भजन लाल शर्मा, नायाब सिंह सैनी, हेमंत बिस्वा शर्मा, देवेन्द्र फडणवीस, प्रेम चंद बैरवा, दिया कुमारी, सम्राट चौधरी, अरुण सिंह, तरुण चुग, दुष्यंत कुमार गौतम, ओम प्रकाश धनकड़, डॉ. अलका गुर्जर, मनजिंदर सिंह सिरसा, अनिल बलूनी, वीरेन्द्र सचदेवा, मनोज तिवारी, हेमा मालिनी, के. अन्नामलाई, मुख्तार अब्बास नकवी, डॉ. हर्ष वर्धन, मीनाक्षी लेखी, विजय गोयल, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी, गौतम गंभीर, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय और अरविंदर सिंह लवली शामिल हैं।

### लवली भी बने स्टार प्रचारक, कमल खिलाने में कितने होंगे सफल!

लोकसभा चुनाव के दौरान स्टार प्रचारकों की सूची में दिल्ली में हाल ही में कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हुए अरविंद सिंह लवली को भी शामिल किया गया है।



माना जा रहा है कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाते और दिल्ली की शीला सरकार में मंत्री रह चुके लवली को पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाकर एक तरह से संकेत भी दे दिया है कि भाजपा में आने वालों को पार्टी जिम्मेदारी दे रही है यानी दूसरी राजनीतिक पार्टी से आए लोगों को भी तरजीह दी जाएगी। ऐसा नहीं कि वे केवल पार्टी में शामिल होकर ही रह जाएंगे।यूं भी लवली दिल्ली में जाना-पहचाना चेहरा हैं और अब भाजपा में आकर कितना कमल खिलाने में सफल हो पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

# 7 सीट पर 269 दावेदार अंतिम दिन 181 नामांकन

### खास बातें...

- सबसे ज्यादा उत्तर-पूर्वी दिल्ली और सबसे कम दक्षिणी दिल्ली संसदीय सीट पर प्रत्याशी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर 269 लोगों ने चुनाव में नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की है। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन रिकॉर्ड 181 नामांकन दाखिल किए गए हैं। इसमे ज्यादातर प्रत्याशियों ने एक से अधिक पर्चे भरे हैं, जबकि कईयों ने डमी उम्मीदवार बनाया है। हालांकि 25 मई को होने वाले चुनावों में स्क्रूटनी और नामांकन वापस लेने के बाद ही साफ हो पाएगा कि असल में कितने प्रत्याशी चुनावी मैदान में एक-दूसरे को टक्कर देंगे। लोकसभा चुनावों में सबसे ज्यादा प्रत्याशी उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट पर है। यहां पर 50 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं पूर्वी दिल्ली संसदीय सीट पर 39 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। जबकि नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और उत्तरी-पश्चिम दिल्ली संसदीय सीट पर 38-38 प्रत्याशी चुनावों में एक-दूसरे को टक्कर देंगे। इसी तरह से चांदनी चौक पर 37 और सबसे कम दक्षिणी दिल्ली संसदीय सीट पर 28 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

### आज होगी स्क्रूटनी...

सोमवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार को डॉक्यूमेंट्स की स्क्रूटनी की जाएगी। इस दौरान गलत फॉर्म भरने वाले उम्मीदवारों के नामांकन रद कर दिए जाएंगे।

### 9 मई तक वापस ले सकेंगे नामांकन...

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव में नामांकन करने वाले प्रत्याशी अपना नाम वापस 9 मई तक कर सकते हैं। वहीं जो अधिकारी एक से अधिक फॉर्म भरे हैं वह अपना फार्म वापस कर सकेंगे। वहीं डमी उम्मीदवार भी अपना नामांकन 9 मई तक वापस ले सकते हैं।

### कहां कितने नामांकन

| क्रम | लोकसभा | नामांकन |
|---|---|---|
| 1. | चांदनी चौक | 37 |
| 2. | उत्तर-पूर्वी दिल्ली | 50 |
| 3. | पूर्वी दिल्ली | 39 |
| 4. | नई दिल्ली | 38 |
| 5. | उत्तर-पश्चिम | 38 |
| 6. | पश्चिमी दिल्ली | 38 |
| 7. | दक्षिणी दिल्ली | 28 |

# सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों से नफरत फैलाने को लेकर दिल्ली कांग्रेस ने सीपी को दी शिकायत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इंटरनेट मीडिया पर फेक वीडियो डाल नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा है कि इस वीडियो को भाजपा के कुछ नेता रिपोस्ट भी कर रहे हैं। देवेन्द्र यादव ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ सोमवार को पुलिस आयुक्त से मुलाकात की और इसे लेकर लिखित शिकायत दी। उन्होंने मीडिया से बातचीत में तुगलक रोड पुलिस स्टेशन के रवैये पर नाराजगी भी जताई है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हमने आज पुलिस आयुक्त से मिलकर अपनी बात रखी है। हमने अपनी आपत्ति में बताया है कि कुछ इंटरनेट मीडिया हैंडल्स द्वारा सामाजिक वैमनस्य फैलाने के लिए वीडियो को काट-छांटकर/संपादित कर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया जा रहा है। हम इन्हीं शिकायतों को लेकर तुगलक रोड थाने में गए थे, जहां सिर्फ शिकायत लेने के लिए हमें दो घंटे तक बैठाकर रखा। हमने अपनी शिकायत में इंटरनेट मीडिया हैंडल्स के पोस्ट/फोटो भी दिए हैं। दुख की बात ये है कि इस तरह के वीडियोज को कई भाजपा सांसदों और नेताओं द्वारा रिपोस्ट भी किया गया है। हमें उम्मीद थी कि मामले में एफआर दर्ज होगी लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसीलिए हम पुलिस आयुक्त मिले।' देवेंद्र यादव ने कहा कि हमने दो दिन पहले तुगलक रोड थाने में भी इस संबंध में शिकायत दी थी, लेकिन वहां के पुलिस अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। हमने कई पोस्ट के लिंक शेयर किए थे। वीडियो और पोस्ट को नफरत फैलाने वाले भाषण कहा जा सकता है। इन विवादास्पद अकाउंटों के बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं, जिनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के सदस्य भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, सोशल मीडिया चेयरमैन सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा व अनिल चैधरी, एआईसीसी सचिव अभिषेक दत, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, दिल्ली प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल वाहिद कुरैशी आदि शामिल थे।



## लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली नगर निगम की तैयारी

# 13,713 पोलिंग बूथ पर 30 हजार कर्मचारी कराएंगे मतदान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : 25 मई को दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वोटिंग को लेकर नगर निगम यानी एमसीडी पूरी तरह से तैयार है। 30 हजार से ज्यादा कर्मी चुनाव ड्यूटी में लगेंगे। दिल्ली के 250 वार्ड को दिल्ली एमसीडी का 12 जोन कवर करता है, लेकिन चुनाव के लिए हर जोन में 1 नोडल अफसर तैनात किया जाएगा। एमसीडी की इलेक्शन ब्रांच के अनुसार कुल 2538 जगहों पर वोटिंग के लिए 13,713 बूथ बनाए जाएंगे। आपको बता दें कि बूथ तैयार करने के लिए एमसीडी ने टेंडर भी जारी कर दिया है। 12 जोन के लिए एक-एक नोडल अफसर बूथों तक जाएगा। करीब आधा दर्जन टीमें 2538 लोकेशन पर बने बूथ पर सर्वे के बाद वहां की सहूलियतों के साथ ही कमियों के बारे में रिपोर्ट करेंगी ताकि वोटिंग वाले दिन वोटर्स को किसी तरह की दिक्कत न आए। इसके अलावा वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए भी चुनाव आयोग तरह-तरह के प्रयास में जुटा हुआ है। पिछले दो चरण में मतदाताओं



के रुझान को देखते हुए चुनाव आयोग 25 मई को होने वाले छठे चरण के मतदान को लेकर चिंतित है। वोटरों के लिए ठंडा पानी और कूलर की व्यवस्था की जा सकती है। 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा है और 25 व 26 मई को वीकेंड है, ऐसे में काफी लोग 24 जनवरी की एक दिन की छुट्टी लेकर घूमने बाहर निकाल सकते हैं। निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तमाम तरह के प्रयास कर रहा है। मतदान से पहले लोगों को दिल्ली से बाहर जाने से रोकने के लिए आयोग ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व्यापार संगठन होटल और रेस्टोरेंट मालिकों से संपर्क करके मतदाताओं को रेस्टोरेंट और सिनेमा हॉल में छूट की भी पेशकश की है।

## पंजाब केसरी की बात




# कन्हैया कुमार ने अंतिम दिन भरा पर्चा, खाते में मात्र सवा लाख



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार ने अंतिम दिन सोमवार को पर्चा भरा। आम आदमी पार्टी दिल्ली के संयोजक गोपाल राय और कांग्रेस की ओर से डॉ. नरेन्द्र नाथ की उपस्थिति में नंद नगरी के जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान नामांकन के वक्त कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, अनिल चौधरी, पूर्व विधायक व कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज तथा दिल्ली कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अब्दुल वाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे। 37 वर्षीय कन्हैया कुमार ने वर्ष 2019 में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से पीएचडी किया है। उनके द्वारा चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे के अनुसार उन्हें 2022-23 में 18,328 रुपए की आमदनी हुई है। कन्हैया के पास 1,28,500 रुपए नकदी है। उनके पास 8,07,966 रुपए की चल संपत्ति है।

# राज कुमार आनंद ने किया नामांकन, करोड़ों के हैं मालिक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नई दिल्ली लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी राज कुमार आनंद ने सोमवार को अंतिम दिन नामांकन दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी व कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। 57 वर्षीय राज कुमार आनंद वर्ष 1987 में बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी से राजनीति विज्ञान में एमए हैं। उनके द्वारा चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे के अनुसार उन्हें 2022-23 में 35,33,430 रुपए की आमदनी हुई है, जबकि पत्नी वीना आनंद को 84,80,690 रुपए की आय हुई है। आनंद के पास 52,781 रुपए नकदी, पत्नी के पास 25,030 रुपए कैश व बेटा के पास 20,500 रुपए नकदी है। आनंद के पास 10,87,84,067 रुपए, पत्नी वीना के पास 34,25,15,197 रुपए व बेटा के पास 91,51,386 की चल संपत्ति है। प्रत्याशी के पास 7,00,00,000 रुपए की अचल संपत्ति है, पत्नी के पास 30,52,75,000 रुपए की अचल संपत्ति है। प्रत्याशी के पास 1,50,000 रुपए मूल्य का एक डायमंड की अंगूठी है।

# चुनाव के दौरान न हो कोई चूक, दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनाव में महज 20 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों का प्रशिक्षण का कार्य भी शुरू हो गया है। दिल्ली नगर निगम ने अपने सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की है। दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर निगम कर्मचारियों को पोलिंग बूथों पर प्रशिक्षण मिल रहा है। इसके साथ ही निगम अपने दिव्यांग कर्मचारियों पर भी ध्यान दे रहा है। चुनाव के वक्त निगम के स्कूलों में बने पोलिंग बूथों पर कुछ दिव्यांग कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। इनके लिए रैंप व अन्य सुविधाओं पर उचित कदम उठाए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पोलिंग बूथों पर दिव्यांग कर्मचारियों व दिव्यांग मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न आए, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में निगम के अधीन आने वाले सभी पोलिंग बूथों पर रैंप के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए एलईडी स्क्रीन भी लगी है। इन स्क्रीन के माध्यम से चुनाव को लेकर सूचनाएं भी साझा की जा रही है।

# कांग्रेस ने दिल्ली की कमान राष्ट्रीय नेताओं के हाथों में सौंपी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : कांग्रेस दिल्ली लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस चुकी है। पिछले दिनों दिल्ली कांग्रेस में हुए घमासान को भुला कर अब चुनावी समर में रणनीति बनानी शुरू कर दी है। सोमवार को नार्थ-ईस्ट के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की ओर से वरिष्ठ नेता सचिन पायलट को आबर्जवर बना कर उतारा गया है। इनके साथ ही नार्थ-वेस्ट की जिम्मेदारी चौधरी बिरेन्द्र सिंह को दी गई तो चांदनी चौक में चुनावी रणनीति को धार देने के लिए सीपी जोशी को कमान सौंपी गई है। जानकारी के मुताबिर सोनिया गांधी की सहमति से एआईसीसी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने इनकी नियुक्ति का आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। बताया जा रहा है कि ये तीनों वरिष्ठ नेता दिल्ली में डेरा डाल लेंगे और उक्त लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवार की मजबूती के लिए काम करेंगे।



# चुनाव आयोग ने बिना बदलाव के 'आप' के कैंपेन सॉन्ग को दी मंजूरी : पांडे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : चुनाव आयोग ने बिना किसी बदलाव के आम आदमी पार्टी (आप) के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से" को अधिकारिक मंजूरी दे दी है। आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि हम भाजपा के दबाव में नहीं झुके। इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव आयोग को हमारे कैंपेन सॉन्ग को अनुमति देनी पड़ी। हमने आयोग की किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसकी आपत्ति पर ही सवाल उठाया। 27 अप्रैल को चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी थी। दिलीप पांडे ने बताया कि चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर आपत्ति जताई है कि उसमें जिस जेल का जवाब वोट से देने की बात कही जा रही है, वो ठीक नहीं है। जबकि हम गाने में कह रहे हैं कि विपक्षी दलों के नेताओं को जेल भेजने की राजनीति का हम अपनी वोट की ताकत से जवाब देंगे। आयोग चोट को केवल हिंसा से जोड़कर देख पा रहा है। जबकि चोट दिल, दिमाग, अहंकार, कुशासन और गुंडागर्दी पर भी लगती है। दिलीप पांडे ने कहा कि कैंपेन सॉन्ग में इस तरह से पक्तियों का इस्तेमाल काफी पुराना है। हमारे राजनीतिक पूर्वजों ने इतिहास में इससे भी ज्यादा तीखे स्लोगन का इस्तेमाल किया है। हमने 30 अप्रैल को चुनाव आयोग की चिट्ठी का खंडन करते हुए हर प्वॉइंट का जवाब दिया। हमने चुनाव आयोग की हर टिपण्णी पर अपनी आपत्ति जताई। हमने चुनाव आयोग की किसी भी आपत्ति और सुझाव को नहीं स्वीकार किया।

## आप के कैम्पेन गीत के वीडियो पर प्रतिबंध जारी है: भाजपा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी एवं झूठ का चोली दामन का साथ है और यह आज फिर प्रमाणित हुआ है। गत सप्ताह आप ने बिना दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से अनुमति लिए चुनाव कैम्पेन गीत वीडियो के साथ जारी किया था। दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय ने गीत के वीडिओ को आपत्तिजनक पाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा कर उसके वीडिओ में संशोधन का निर्देश दिया था। आप ने दिल्ली के चुनाव अधिकारी कार्यालय के प्रतिबंध आदेश को भारतीय चुनाव आयोग के समक्ष अपील की जहां से केवल उसके गीत को स्वीकृति दी गई है, वीडिओ पर उचित संशोधन तक प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख ने कहा कि यह शर्मनाक है कि आप झूठा प्रचार कर रही है कि चुनाव आयोग ने प्रतिबंध हटा दिया है, जबकि उनके कैम्पेन गीत के वीडिओ पर प्रतिबंध जारी है। अगर आप नेताओं में नैतिकता है तो सच बोलें की गीत के वीडिओ पर प्रतिबंध जारी है।

## शकील सैफी के बेटे को दी शादी की मुबारकबाद



हाजी शकील सैफी चेयरमैन वर्ल्ड पीस हार्मोनी एवं इंडिया सैफी फ्रंट के सुपुत्र रिजवान सैफी को शादी की मुबारकबाद देते हुए बड़े भाई राजेन्द्र सिंह मिगलानी जी, अश्विनी मिंडा जी और सुनील कुमार पिंटु जी सांसद, सैफी फार्म हाउस में।

# चुनाव से पहले फंडिंग के आरोप लगाना भाजपा का राजनीतिक षड्यंत्रः भारद्वाज

**1** दो साल पहले इसी मामले में जांच की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट ने कर दी थी खारिज

**2** घिसे-पिटे आरोप लगाने से साफ है कि भाजपा दिल्ली की सातों सीटें हार रही है

**3** भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे एलजी, ये सीएम के खिलाफ बड़ी साजिश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर फंडिंग से जुड़े घिसे-पिटे आरोप लगाने पर भाजपा को आडे हाथ लिया है। भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हर चुनाव से पहले सीएम केजरीवाल पर इस प्रकार के घिसे-पिटे आरोप लगाना भाजपा का राजनीतिक षड़यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2022 में हुए पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यही आरोप लगाए थे। केन्द्रीय गृहमंत्री ने उस पर जांच भी कराई थी पर कुछ नहीं निकला था। अब एक बार फिर वही आरोप भाजपा के नेता आशू मोंगिया ने लगाया है। इससे साफ है कि इस बार भाजपा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें हार रही है इसलिए भाजपा पूरी तरह से बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा-स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली-पानी देने वाले सीएम अरविंद केजरीवाल को अपमानित करने वाली भाजपा को इस बार दिल्ली की जनता हराकर जवाब देगी।

सौरभ भारद्वाज का कहना है कि दिल्ली के एलजी भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। भाजपा के इशारे पर एलजी साहब लगातार सीएम अरविंद केजरीवाल की छवि खराब करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होने वाले हैं। इससे ठीक पहले एलजी ने जनता के बीच अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की छवि खराब करने के लिए बड़ी साजिश रची है।

भारद्वाज ने कहा कि भाजपा के इशारे पर एलजी साहब द्वारा अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश करने का षड़यंत्र रचा गया है, ताकि जनता के बीच अरविंद केजरीवाल की छवि खराब की जा सके। एलजी के जरिए भाजपा यह सब इसलिए कर रही है, क्योंकि उसको लोकसभा चुनाव में अपनी करारी हार साफ दिख रही है। दिल्ली की सातों सीटें भी भाजपा हार रही है और इसलिए वो पूरी तरह से बौखला गई है। इसी बौखलाहट में भाजपा ने एलजी के माध्यम से यह बड़ा षड़यंत्र रचा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा हर बार चुनाव से पहले इसी तरह के आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी अपनी हार देखती है तो इसी तरह का आरोप लगाती है, ताकि जनता को बरगलाया जा सके। अब एक बार फिर भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बड़ा षड़यंत्र रचा है, लेकिन इस बार भी जांच में कुछ नहीं निकलेगा और जनता इनके बहकावे में नहीं आएगी।

## एलजी के एनआईए जांच का सचदेवा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा मुख्यमंत्री के सिख फार जस्टिस से पैसा लेने की एनआईए जांच की सिफारिश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट को मौन समर्थन और उसका उलटा केजरीवाल को समर्थन 2017 में पंजाब विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान जब वह एक केएलएफ के नेता गुरविंदर सिंह के आवास पर रुके थे, तब से अच्छे से जाने जाते हैं। उनके राजनीतिक करियर के दौरान और उसके एनजीओ हेड के रूप में काम करते थे तब से देश ने देखा है कि सीएम हमेशा से अलगाववादी कार्यक्रमों के प्रति नरम दिल रखते हैं। उनका यासीन मलिक जैसे लोगों को समर्थन के लिए अच्छी तरह से जाना जाता है। खालिस्तान लिब्रेशन फ्रंट और जेकेएलएफ के प्रति भी उनके नरम दिल को ध्यान में रखते हुए हम सिख फॉर जस्टिस से केजरीवाल के वित्तीय सहायता स्वीकार करने की सम्भावना को नकार नहीं सकते हैं।



## इतिहास के झरोखे से...

### 7 मई 1907 को बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 7 मई को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1638 में कॉर्नलीस एस गोयर ने मॉरिशस पर कब्जा किया। 1663 में लंदन में 'रॉयल" नाम का पहला थियेटर खुला। 1727 में रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया। सन 1800 में अमेरिका में इंडियाना प्रांत का गठन किया गया। 1832 में यूनान को स्वतंत्र गणराज्य बना। 1875 में सिसली द्वीप के पास जर्मनी का जहाज डूबा, जिसमें 312 लोग मारे गए। 1907 में बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन हुआ। 1940 में विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने। 1952 में इंटीग्रेटेड सर्किट का कॉन्सेप्ट पहली बार जेफ्री डमर ने प्रकाशित किया। 1973 में अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी की आधारशिला ईटानगर में रखी गई। अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के समाप्ती की 1975 में घोषणा की। 1976 में एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने "टेलीफ़ोन' (दूरभाष) का नाम दिया।1989 में भारतीय मूल के लेखक सलमान रश्दी के खिलाफ ईरानी फतवे के बाद ब्रिटेन और ईरान के बीच राजनयिक सम्पर्क टूट गया। सन 2000 में ब्लादिमीर पुतिन ने रूस के 10वें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला।



## संक्षिप्त समाचार...

### तटरक्षक बल को डीडीसीए का सैल्यूट



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली ड्रिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन( डीडीसीए) ने देश की समुद्री सीमाओं के रक्षक भारतीय तटरक्षक दल के कामों की प्रशंसा की है। डीडीसीए के निदेशक मंजीत सिंह ने तटरक्षक दल के महानिदेशक राकेश पाल से मुलाकात करके महावीर हनुमान की तस्वीर भेंट कर तटरक्षकों को सैल्यूट करते हुए कहा कि इन जवानों की वजह से ही देश की समुद्री सीमा एकदम सुरक्षित है।

### आप ने किया केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का सोमवार को कलाकारों ने एक अलग ही अंदाज में विरोध किया। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा चलाए जा रहे 'जेल का जवाब वोट से" कैंपेन के तहत 'प्ले फॉर चेंज" प्रोग्राम में कलाकारों ने कनॉट प्लेस में ढोल-मंजीरे के साथ अपने सॉन्ग के जरिए केजरीवाल सरकार द्वारा दी जा रही अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत अन्य मुफ्त सुविधाओं के बारे में जनता को जागरुक किया और संसद में भी केजरीवाल को मजबूत करने की अपील की। इस प्रोग्राम में आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा ईडी-सीबीआई और आईटी का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। यह देश के लोगों को पसंद नहीं आ रहा है।

### भारत यात्रा निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मतदाता जागरूकता अभियान सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के गुरु नानक देव खालसा कॉलेज से लेकर कालिंदी कॉलेज तक विकसित भारत यात्रा निकाली। इस यात्रा में शामिल सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने लोगों से राष्ट्र को प्रथम रखकर शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। बता दें कि विद्यार्थी परिषद लोकसभा चुनाव के मतदान के निमित्त पूरे दिल्ली में भिन्न-भिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता दिल्ली के प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में जाकर पर्चों का वितरण कर एवं गोष्ठियों का अयोजन कर छात्रों एवं नागरिकों को राष्ट्र हित में शत् -प्रतिशत मतदान करने के लिए आग्रह कर रहे हैं। यात्रा के दौरान उपस्थित विद्यार्थी परिषद दिल्ली प्रांत की सह मंत्री कनिष्का चौधरी ने बताया कि, चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। एक युवा होने के नाते अपने अच्छे भविष्य के लिए हमें इस महापर्व में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और सही प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए।

## वक्फ ट्रिब्यूनल के पुनर्गठन की याचिका पर कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में वक्फ ट्रिब्यूनल के पुनर्गठन के लिए तुरंत अधिसूचना जारी करने का निर्देश देने की मांग की गई है। मस्जिद और दरगाह शाह अब्दुल सलाम की ओर से दायर याचिका के बाद न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने इस मामले पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में राज्य न्यायिक सेवा या एडीजे के पूर्व सदस्य के ट्रिब्यूनल से दूसरी अदालत में स्थानांतरण के कारण 20 अप्रैल, 2022 से वक्फ ट्रिब्यूनल के कामकाज में हुई चूक पर प्रकाश डाला गया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली सरकार वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 83(1) के तहत आवश्यक अधिसूचना जारी करने में विफल रही है।

## मेट्रो में जय श्री राम के नारे पर बवाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली मेट्रो में आए दिन लड़ाई-झगड़े के वीडियो वायरल होते रहते हैं। कभी सीट को लेकर तो कभी किसी की गंदी हरकत को लेकर। हाल में एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें जय श्री राम के नारे लगाने पर दो लोगों में विवाद हो गया। ये वीडियो कब का है और विवाद का कारण क्या रहा ये स्पष्ट नहीं है, लेकिन विवाद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक शख्स गुस्से में दूसरे व्यक्ति से कहता दिख रहा है कि धार्मिक उन्माद चरम पर है, थोड़ा पढ़ो, सीखो और आगे बढ़ो। इस पर दूसरा व्यक्ति बोलता है कि आप गुस्सा क्यों हो रहे हो। जय श्री राम नहीं बोल सकते क्या? फिर वह शख्स बोलता है कि तुम पब्लिक प्लेस पर ऐसा क्यों कर रहे हो यार। कुछ मत बोलो। बोलना है तो जाओ मंदिर में जाकर धार्मिक नारे लगाओ। जिस पर वह कहता है कि सुबह-शाम इनके मंदिर-मस्जिद का लाउड स्पीकर सुनों और फिर बाकी दिन मेट्रो में इनका जय श्री राम सुनो। शांति से जियो और आगे बढ़ो भाई।



**लोगों ने दी ऐसी प्रतिक्रियाएं...** एक व्यक्ति ने कहा मुझे लगता है कि कोई भी भगवान बहरा नहीं है, जो अपने भक्तों के मन की आवाज न सुन सके। दूसरे ने कहा– आदमी दुख–दर्द से परेशान है और वह शांति की तलाश में है। उसे ना तो जय श्री राम से मतलब है और ना उसे अल्लाह हू अकबर से कोई मतलब है। दिल्ली में इतनी भीड़ है और उस भीड़ में इतनी बेचैनी है कि सभी लोग परेशान होकर अपने काम में व्यस्त हैं। ये फालतू के झंझट से दूर रहना चाहते हैं लोग। एक अन्य व्यक्ति ने कमेंट करते हुए लिखा– धर्म एक निजी विषय है इसलिए धार्मिक चीजों को दूसरों पर थोपना नहीं चाहिए। लोगों को इसे अपने तक ही सीमित रखना चाहिए।

## अवैध निर्माण को लेकर डीडीए के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए और केंद्र की मंजूरी के बिना दक्षिण दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध निर्माण और लगभग 750 पेड़ काटने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत को सौंपी गई एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में डीडीए ने मुख्य छतरपुर रोड से सार्क विश्वविद्यालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान और अन्य प्रतिष्ठान तक एक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए रिज जैसी विशेषताओं वाली एक भूमि आवंटित की थी। उसने कहा कि यह वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों का उल्लंघन करके किया गया था। सीईसी ने कहा कि सड़क के निर्माण के लिए गैर-वन क्षेत्र में 222 पेड़ दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1994 के तहत अनुमति के बिना काटे गए हैं और 'रिज जैसी विशेषताओं" वाले क्षेत्र में 523 पेड़ वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम, 1980 और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत केंद्र सरकार की बिना मंजूरी के काटे गए हैं। समिति ने मामले की जांच तब की जब एक शिकायतकर्ता ने दावा किया कि स्थानीय अधिकारियों ने भू-माफिया और दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता के कारण सड़क के अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। दिल्ली रिज अरावली पर्वतमाला का एक चट्टानी विस्तार है जो उत्तर में दिल्ली विश्वविद्यालय से लेकर दक्षिण और उससे आगे तक फैला हुआ है।



दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के कारण प्रदूषण की समस्या बढ़ी व वायु की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। प्रदूषण को कम करने के लिए एंटी स्मोग गन से पानी की फुहारे छोड़ी जा रही है। आईटीओ के पास भी ऐसे ही एंटी स्मोग गन से पानी का हो रहा छिड़काव।

## जेएनयू में विदेशी मीडिया पर सेमिनार का आयोजन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने वेस्टर्न मीडिया इकोसिस्टम एंड फ्रेमिंग ऑफ इंडिया: एक्सप्लोरिंग द डायनामिक्स ऑफ द प्रोपेगैंडा विषय पर एक पर सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जेएनयू की कुलपति प्रोफेसर शांति धुलीपुडी पंडित, वरिष्ठ पत्रकार-लेखक उमेश उपाध्याय और जेएनयू के प्रोफेसर आनंद रंगनाथन ने भी हिस्सा लिया। उमेश उपाध्याय ने पुस्तक को मन के उपनिवेशीकरण को उजागर करने के साधन के रूप में परिभाषित किया और बताया कि कैसे मीडिया आज भी मन को उपनिवेशित करने का एक शक्तिशाली साधन बन गया है। उन्होंने अपनी पुस्तक से भारत के बारे में दो पश्चिमी रिपोर्ट का हवाला दिया, एक न्यूयॉर्क टाइम्स में कोविड से होने वाली मौतों के बारे में गलत सूचना और दूसरी रॉयटर्स की एशियाई खेलों में भारत की बड़ी जीत पर गलत इरादे वाली रिपोर्ट। जेएनयू के सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर स्टडीज के प्रोफेसर आनंद रंगनाथन ने कहा कि हम जो देखते हैं, उस पर विश्वास करते हैं, लेकिन जो लोग लिख रहे हैं, वे वही लिखते हैं, जिस पर उनका विश्वास होता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी आख्यान की आलोचना करना बेकार की कवायद है। हमें अंतरराष्ट्रीय मीडिया को दोष देना बंद करना होगा और भारतीय मीडिया पर सवाल उठाने शुरू करने होंगे।

## पॉक्सो एक्ट के तहत सजा काट रहे कैदी को हाईकोर्ट ने दी फरलो

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने फर्लो के प्रावधान के वास्तविक उद्देश्य और भावना को बनाए रखने के लक्ष्य से पॉक्सो अधिनियम के तहत आजीवन कारावास की सजा काट रहे शख्स को छुट्टी दे दी। कैदी द्वारा जेल से बाहर छुट्टी पर बिताई गई अवधि उसकी सजा में गिनी जाएगी।न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि जेल नियमों की कठोर और यांत्रिक व्याख्याएं छुट्टी के पीछे के परोपकारी इरादे को अस्पष्ट कर सकती हैं। इससे कैदियों के जीवन में इसका महत्व कम हो सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक व्यक्ति से जुड़े मामले में की। उसके अपराधों की गंभीरता के बावजूद, जेल में उसके अच्छे आचरण और सुधार के उसके प्रयासों को स्वीकार करते हुए अदालत ने उसे तीन सप्ताह के लिए छुट्टी दे दी। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि एकांत कारावास से किसी कैदी के सुधार की राह में बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने पूरी न्यायिक प्रक्रिया में निष्पक्षता और मानवता सुनिश्चित करने में अदालतों की भूमिका पर जोर दिया।अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि छुट्टी के प्रावधान जेल में बंद व्यक्तियों के लिए आशा की एक किरण प्रदान करते हैं।




## के. कविता को नहीं मिली राहत, जमानत याचिका को किया खारिज

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को ईडी और सीबीआई मामले में बीआरएस नेता के कविता की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। दिल्ली के कथित कथित आबकारी घोटाले के मामले में गिरफ्तार के कविता के खिलाफ मामले की जांच सीबीआाी और ईडी कर रही है। संबंध में भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने के कविता याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर राहत देना सही नहीं है। बता दें कि कविता ईडी तथा सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में न्यायिक हिरासत में हैं। गौरतलब है कि ईडी ने 15 मार्च को हैदराबाद में कविता को उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था।



## 'नीट-यूजी परीक्षा के दौरान हुई गड़बड़ियां दुर्भाग्यपूर्ण'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में से एक मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यूजी नीट 2024 के प्रश्न पत्र बाहर आने के मामले को लेकर छात्रों में नाराजगी है। परीक्षा के दौरान पेपर बाहर आने के मामले को लेकर खुद नीट परीक्षा 2024 का संचालन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने पेपर आउट होने की सूचना दी है। बता दें कि रविवार को देश भर के 4750 केंद्रों पर नीट का एग्जाम लिया गया। करीब 24 लाख स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल हुए। अब इस मामले को लेकर छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तरफ से बयान जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि नीट परीक्षा-2024 के आयोजन के दौरान राजस्थान के सवाई माधोपुर में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम का प्रश्नपत्र देने, राजस्थान के ही भरतपुर में डमी कैंडिडेट पकड़े जाने, बिहार की राजधानी पटना में कथित पेपर लीक, विभिन्न राज्यों के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर सॉल्वरों के पकड़े जाने जैसी घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करती है। विद्यार्थी परिषद ने एनटीए से मांग की है कि नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन के संबंध में उपजी आशंकाओं पर उचित तथा स्पष्ट जांच द्वारा सही स्थिति स्पष्ट करे। देश में सभी परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शी, नकलमुक्त तथा निर्धारित समय पर होना चाहिए। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि नीट-यूजी के आयोजन के दौरान की अव्यवस्था अत्यंत शर्मनाक तथा दुःखद है।


**कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी**
**03-ईडीपीसी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**एल.एम.बंध, शास्त्री नगर, दिल्ली-110031**
**दूरभाष.नं. 21210845: ई-मेल: sdmelectioneast@gmail.com**

**सार्वजनिक सूचना**

पूर्वी दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 03 के मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों को सूचित किया जाता है कि भारत के चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के आमचुनाव 2024 लोकसभा के पूर्वी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 03 में 25.05.2024 को निर्धारित चुनाव के लिए सामान्य पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। उक्त अधिकारी आम जनता के लिए, सभी कार्य दिवस पर निम्नलिखित के अनुसार उपलब्ध रहेंगे:-

| पर्यवेक्षक का नाम | प्रतिनियुक्त | सम्पर्क नम्बर | समय एवं तिथि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|
| श्री समीर वर्मा, आई.ए.एस. | सामान्य पर्यवेक्षक | 9289729900 | समय 11.00 पूर्वाह्न से 01.00 अपहराह्न दिनांक 06.05.2024 से मतदान/ पुनर्मतदान पूरा होने तक। | कमरा नं. 109, प्रथम तल नई आई एंड एफसी भवन, एल.एम. बंध, शास्त्री नगर, दिल्ली-110031 |
| श्रीमती निशा जेम्स, आई.पी.एस. | पुलिस पर्यवेक्षक | 9810500661 | समय 11.00 पूर्वाह्न से 01.00 अपराह्न दिनांक 06.05.2024 से मतदान/पुनर्मतदान पूरा होने तक। | कमरा नं. सी-106, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग, जी.एन.सी.टी.डी. प्रथम तल, विकास भवन, आई. पी. स्टेट, नई दिल्ली-110002 |

चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित किसी भी शिकायत की जानकारी उपरोक्त अधिकारियों को विवरण के अनुसार दिए गए नम्बर पर की जा सकती है।

-हस्ताक्षर/-(अमोल श्रीवास्तव, आई.ए.एस.)
रिटर्निंग आफिसर, 03-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र

DIP/Shabdarth/classified/0041/24-25

### गृह मंत्रालय ने दिये एसओपी तैयार करने के निर्देश

# स्कूलों में बम के फर्जी ई-मेल मामले पर केन्द्र सरकार सख्त

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गत दिनों दिल्ली-एनसीआर के 200 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने की धमकी भरे फर्जी ईमेल भेजने के मामले को केन्द्र सरकार ने सख्ती से लिया है। गृह मंत्रालय ने पूरी स्थिति की समीक्षा करते हुए कड़े उपाय सुझाये हैं। केन्द्रीय गृह सचिव ने भविष्य में ऐसे स्थिति से निपटने के लिए विस्तृत प्रोटोकॉल और एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया है। नई दिल्ली में सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान गृह सचिव ने ऐसी घटनाओं के संबंध में दिल्ली पुलिस और स्कूलों से आपसी समन्वय से एक प्रभावशाली रिस्पॉन्स मैकेनिज बनाने को कहा है ताकि भाविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के दौरान किसी गलत सूचना से पैनिक न फैले। साथ ही उन्होंने विशेष रूप से स्कूलों में सुरक्षा बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरे और ईमेल की नियमित निगरानी की जरूरत पर भी जोर दिया। इस मीटिंग में मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर भी शामिल हुए। इस दौरान इन लोगों ने भी अपनी बात रखी।

*गृह सचिव ने पुलिस कमिश्नर व मुख्य सचिव के साथ की उच्च स्तरीय बैठक*

*एक मई को दिल्ली के 200 से ज्यादा स्कूलों में ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी दी गई थी*



फाइल फोटो

यहां बता दें कि बुधवार एक मई को दिल्ली और एनसीआर के 200 से ज्यादा स्कूलों में ईमेल के जरिए बम रखे होने की धमकी दी गई थी। आनन-फानन में पुलिस व स्कूल प्रशासन ने स्कूलों को खाली कराकर बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ घर भेजा दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एलजी वीके सक्सेना ने भी स्कूलों का दौराकर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही दिल्ली पुलिस व फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने पूरी स्थिति पर नजर रखी। उन्होंने स्कूल प्रशासन के साथ मिलकर स्कूलों की तलाशी ली और बच्चों का इवेक्वेशन कराया। इस दौरान हर जगह अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखे। दिल्ली और नोएडा के जिन स्कूलों को धमकी भरे ईमेल किए गए थे, उनमें द्वारका का डीपीएस, मयूर विहार का मदर मैरी और नई दिल्ली का संस्कृति स्कूल, रोहिणी का डीपीएस स्कूल, वसंत कुंज का डीपीएस स्कूल, पीतमपुरा के डीएवी स्कूल के अलावा नोएडा के डीपीएस जैसे हाई प्रोफाइल स्कूल शामिल हैं। द्वारका के हाई प्रोफाइल डीपीएस स्कूल में बम रखे होने की धमकी दी गई। सुबह छह बजे दमकल विभाग को इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। पूरे स्कूल की तलाशी की गई। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार के मदर मैरी स्कूल को भी एक धमकी भरा ईमेल मिला। इसी तरह की धमकी नई दिल्ली के संस्कृति स्कूल को भी ईमेल के जरिए मिली। स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद पूरे स्कूल को खाली करवाया गया।

## दिल्ली हाईकोर्ट का पुलिस से सवाल, स्कूल में बम की धमकी से निपटने की क्या है योजना ?

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों के मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस से पूछा कि बम की धमकियों को लेकर कितने मॉक ड्रिल किए हैं। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने सोमवार को दिल्ली पुलिस से पूछा कि वह यह बताएं कि बम की धमकी मिलने पर छात्र कैसे हैंडल कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने हालिया धमकियों से निपटने में नोडल अधिकारियों की ओर से उठाए गए कदमों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। दरअसल इस संबंध में दायर याचिका में मांग की गई है कि दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है। स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की सुरक्षा जरूरी है। ऐसे में हाल में दिल्ली और एनसीआर के स्कूलों में मिली बम धमकियों की जांच की जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने की कोई तैयारी नहीं है। हाल की धमकियों से यह साफ हो गया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस के पास कोई योजना नहीं है। याचिका में कहा गया है कि हर घर में बच्चे हैं, जो स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने 2023 में यह याचिका दायर की थी। लेकिन अभी तक इस मामले में दिल्ली पुलिस यह नहीं बता पाई कि स्कूलों को मिलने वाली बम धमकियों से वह कैसे निपटेगी। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की तरफ से पेश वकील संतोष त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एक हलफनामा दायर किया है। बम धमकी की असली सूचना और झूठी सूचना में अंतर करने का एक स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर है। उन्होंने कहा कि हर निजी स्कूल को इस स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर की जानकारी दी जाती है कि किस परिस्थिति में क्या कदम उठाना है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि यह एक सामान्य स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर है और इसमें स्कूलों के बारे में कुछ खास नहीं है। कुछ सस्थाओं का विशेष ध्यान रखना जैसे अस्पताल और स्कूल। कोर्ट के पूछने पर शिक्षा निदेशालय ने बताया कि स्कूलों को मॉक ड्रिल करने को कहा गया है, ताकि वो ऐसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो सके।

### कारोबारी के घर से 75 लाख रुपये चोरी मामले में

## लापरवाही बरतने के लिए एसएचओ को किया लाइन हाजिर

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के प्रीत विहार इलाके में रियल स्टेट कारोबारी के घर से 75 लाख रुपये चोरी करने के मामले में लापरवाही बरतने पर एसएचओ प्रीत विहार को लाइन हाजिर कर दिया गया। इसकी पुष्टि जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने की है। सूत्रों का कहना है कि एसएचओ ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से 58 लाख रुपये बरामद कर लिए थे। लेकिन इसकी जानकारी जिले के आला अधिकारियों को नहीं दी। आला अधिकारियों के संज्ञान में जैसे ही यह मामला आया तो उन्होंने एसएचओ के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक, स्वास्थ्य विहार, प्रीत विहार निवासी हर्षा शर्मा (35) ने 75 लाख रुपये चोरी की शिकायत पुलिस को दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पति निखिल बंसल का रियल स्टेट और फाइनेंसर का कारोबार है। गत 25 अप्रैल को उनके घर में प्रमोद और गौरव ने 75 लाख रुपये से भरा एक बैग रखा था। लेकिन अगले दिन वह बैग गायब था। दोनों युवक उनके पति के ऑफिस में काम करते है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी रसोई के रास्ते से घर में दाखिल हुए थे। लेकिन बार-बार कहने के बाद भी एसएचओ ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों को पता चला कि एसएचओ ने चुपचाप आरोपी को हिरासत में लेकर करीब 58 लाख रुपये बरामद कर लिये हैं। मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया।

## ओबीसी व ईडब्ल्यूएस छात्र भी मुफ्त कोचिंग के हकदार: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंपंजाब केसरी): दिल्ली होईकोर्ट ने सोमवार को जामिया मिलिया इस्लामिया से उसकी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से संबंधित छात्रों के प्रवेश की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर प्रतिनिधित्व के रूप में निर्णय लेने को कहा है। याचिकाकर्ता ने प्रस्तुत किया कि आरसीए, जो सिविल सेवा के उम्मीदवारों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है, केवल महिलाओं और अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों को पूरा करता है, जबकि अन्य वंचित श्रेणियों को मनमाने ढंग से बाहर करता है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता, कानून के छात्र सत्यम सिंह ने बिना किसी पूर्व प्रतिनिधित्व के सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाया और विश्वविद्यालय से जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दे को एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानकर निर्णय लेने को कहा। पीठ ने कहा कि, यह अदालत प्रतिवादी नंबर एक (जेएमआई) को इसे एक प्रतिनिधित्व के रूप में मानने और चार सप्ताह में कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश के साथ वर्तमान रिट याचिका का निपटारा करती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लोग भी पिछड़े हैं और उन्हें मुफ्त कोचिंग का लाभ दिया जाना चाहिए।

**जामिया मिलिया इस्लामिया के आरसीए में प्रवेश को लेकर हाईकोर्ट में याचिका**

### अमित शाह का फेक वीडियो शेयर करने का मामला

## कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का फेक वीडियो शेयर करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी अरुण रेड्डी को पटियाला हाउस कोर्ट ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अरुण रेड्डी को सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। वहीं, आरोपी ने इस मामले में अपनी जमानत याचिका भी अपने वकील के जरिए कोर्ट में दायर की है। आरोपी की जमानत याचिका पर कोर्ट ने जांच अधिकारी से जवाब मांगा है। बता दें कि ' स्प्रिट ऑफ कांग्रेस' नाम से सोशल मीडिया एक्स पर अकाउंट चलाने वाले अरुण रेड्डी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले कोर्ट ने अरुण को कोर्ट ने तीन दिन के लिए दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट की हिरासत में भेज दिया था। बताया जा रहा है कि अरुण कुमार कांग्रेस के आईटी सेल के नेशनल कोऑर्डिनेटर हैं। आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह का डीपफेक वीडियो बनाने में अरुण की भूमिका मानी जा रही है। इसके अलावा इस फर्जी वीडियो को शेयर करने में भी उनकी भूमिका का अंदेशा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 153ए, 465, 469, 171जी के अलावा आपराधिक साजिश की धारा के तहत केस दायर किया है। दिल्ली पुलिस इस मामले में काफी गहनता से छानबीन कर रही है। अरुण पर यह भी आरोप है कि उसने अपने मोबाइल से अमित शाह के फर्जी वीडियो को डिलीट भी किया था। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।



## देशभर के सिखों को वोट के लिए करेंगे लामबंद : सिरसा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा देशभर में सिख समुदाय को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। इसके लिए उन्होंने कई राज्यों में सिख समुदाय के सदस्यों के साथ बैठकें की हैं। जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और अन्य राज्य शामिल हैं। बता दें कि भाजपा ने सिरसा को पार्टी का स्टार प्रचारकों में शामिल किया है। इसी क्रम में उन्होंने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में विभिन्न सभाओं को संबोधित भी किया। इस दौरान सिरसा ने कहा कि 70 सालों में कांग्रेस ने हमेशा सिखों पर अत्याचार किया है, जिसमें श्री दरबार साहिब पर हमला और 1984 का सिख नरसंहार और अन्य भेदभाव शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के सह पर ही सिखों की हत्याएं की गई, दुःख की बात तो यह है कि जो इसके लिए आरोपी थे कांग्रेस में उन्हें पदोन्नति और सम्मानित किया गया है।

## मां के इलाज के लिए की चोरी, गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वायड पुलिस टीम ने महिला यू-ट्यूबर के घर में हुई लाखों की चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए पीड़िता के कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी मां के इलाज के लिए चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हरदोई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरदोई, यूपी निवासी कौशल कुमार उर्फ रवि (29) के तौर पर हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की गई रकम में से सात लाख कैश और लाखों रुपये के जेवरात बरामद किए हैं। पकड़े जाने के बाद आरोपी कौशल ने खुलासा करते हुए बताया कि उसकी मां बीमार थी। मां के इलाज के लिए उसे रुपयों की जरूरत थी। उसने अपनी मालकिन के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के वक्त पीड़िता तारू शर्मा घर पर मौजूद नहीं थीं। गत 22 अप्रैल की सुबह वह घर पहुंची तो करीब साढ़े नौ लाख कैश और लाखों की ज्वेलरी चोरी मिली। केस दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। एक फुटेज में पीड़िता का चालक कौशल नजर आया। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली और आरोपी को दबोच लिया।

## दिल्ली में शुरू हुआ गर्मी का थर्ड डिग्री टॉर्चर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गर्मी की तपिश अब लू का अहसास करवा रही है। दिन में गर्म हवा के झोंके शरीर में सिहरन और जलन पैदा कर रहे हैं। दोपहरी में बाहर निकलना थर्ड डिग्री टॉर्चर के समान लग रहा है। मौसम विभाग ने अभी लू की घोषणा नहीं की है। लेकिन हवाएं काफी गर्म हैं। अगले दो दिनों तक गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा। 7 से 10 मई तक दिल्ली समेत उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप शुरू हो सकता है। अभी तक उत्तर भारत में इस सीजन में लू नहीं चली है। सोमवार को सफदरजंग मौसम केन्द्र में अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम पारा 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता का स्तर 59 से 23 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि रात में हवा की गति 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। रविवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। सोमवार सुबह की शुरुआत ही आम दिनों से गर्म थी। जैसे-जैसे धूप बढ़ी गर्मी भी बढ़ती चली गई। सबसे गर्म इलाकों में रिज का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री, फरीदाबाद का 42.5 डिग्री, जाफरपुर का 42.3 डिग्री, मंगेशपुर का 42.4 डिग्री, नजफगढ़ का 43.2 डिग्री, नोएडा का 42.1 डिग्री, पीतमपुरा का 43.4 डिग्री, पूसा का 42.6 डिग्री और सीडब्ल्यूजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का 44 डिग्री रहा।



गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को किया खूब परेशान

**आज रात धूल भरी आंधी की आशंका...** मौसम विभाग के अनुसार, रात में आंधी आने की भी संभावना है। राजधानी में मंगलवार को अधिकतम पारा 42 डिग्री पार हो सकता है। सोमवार को तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज किया गया। आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ेगी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात और बारिश होने के कारण अभी तक दिल्ली में ठंडी हवा चा रही थी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही थी। अब हवा की दिशा में बदलाव होने से तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है। लगातार चौथे दिन खराब श्रेणी में रही हवा।

## शिक्षा के माध्यम से खुलते हैं प्रगति के द्वार: जगदीप धनखड़

### दिल्ली में 60 फीसदी सीए हैं एसओएल के विद्यार्थी : कुलपति

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत ज्ञान का केंद्र रहा है और शिक्षा के क्षेत्र में सतत प्रयास देश को 2047 तक 'विकसित भारत" बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के करीब ले जा रहे हैं। वास्तव में उपराष्ट्रपति यहां मुक्त शिक्षा विद्यालय (एसओएल) के 62वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने एसओएल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि, आयु समूह के लोगों को शिक्षा प्रदान की है, शिक्षा अंतराल को पाटने में मदद की है तथा समाज के सभी वर्गों को सुगम पहुंच प्रदान की है। उन्होंने कहा कि 'आज की थीम 'विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा की भूमिका" ने हमारे राष्ट्र के विकास को मजबूती प्रदान करने में मुक्त शिक्षा की अहम भूमिका को रेखांकित किया है।



#### 8.5 सीजीपीए वाली महिला छात्र की फीस होगी माफ

कार्यक्रम के आरंभ में एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अतिथियों का औपचारिक परिचय कराने के साथ-साथ एसओएल के बारे में भी जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रो. पायल मागो ने घोषणा की कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से एसओएल की जो भी महिला विद्यार्थी 8.5 सीजीपीए लाएंगी उनकी आगामी वर्ष की पूरी फीस माफ की जाएगी। उन्होंने बताया कि डीयू एसओएल सेल्फ सफिशिएंट और फंडेड है। सरकार से कोई भी सहायता न लेते हुए भी इसने पिछले शैक्षणिक सत्र में दो करोड़ रुपए की धनराशि से गरीब विद्यार्थियों को स्कालरशिप दी है।

## आगे बढ़ने के लिए वास्तु की सलाह अपनाएं

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी/दिनेश शर्मा):** हर समय सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति की प्रबल इच्छा होती है कि वह बड़ा आदमी बने और समाज में उसका मान बढ़े। इसके लिए परोपकार के अतिरिक्त वास्तु शास्त्र की सलाह अपनाने के सुझाव रास आ सकते हैं। सबसे पहला उपाय है कि प्रतिदिन धुले हुए साफ कपड़े ही पहनें। एक दिन पहले के पहने हुए कपड़े दूसरे दिन न पहनें। सनातन धर्मी साधकों रमेश बजाज व नवीन कुमार सिसोदिया का कहना है कि अपने बिस्तर के सामने विजन बोर्ड बनाएं। जिसमें पीले रंग के कागज पर नीले पेन से अपनी लॉजिकल इच्छाओं को लिखें और ऐसे रखें कि आपको हर समय दिखाई दें। थोड़ी देर के लिए अपने घर या कार्यालय की पूर्व दिशा में अवश्य बैठें। पूर्वी उत्तरी दिशा में एक बरसते हुए बादलों का चित्र लगाएं। किसी पौधे को भी लगाकर उसकी देखभाल करें। उसको बड़ा होने में सहायता करें। उसे बड़ा होते हुए देखें।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

निविदा सूचना सं.: एनसीआर/एसएण्डटी-इपीसी-एलटीई-नई दिल्ली-हावड़ा, दि. 08.03.2024

**शुद्धिपत्र सं.-2**

**कार्य का नाम :** भारतीय रेलवे के नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग (कानपुर-लखनऊ खंड सहित) पर एलटीई (लांग टर्म इवैल्यूवेशन) आधारित एमटीआरसी का प्रावधान। उपर्युक्त निविदा सं. के लिये शुद्धिपत्र-2 जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिये www.ireps.gov.in साइट का अवलोकन करें। 424/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 03.05.2024।** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: टीएन-23-24-25। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/सियालदह के अधीन सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में भगवानगोला, देबग्राम और जियागंज स्टेशनों पर नयी ई.आई. सिस्टम द्वारा वर्तमान जीई निर्मित ई.आई. सिस्टम की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 66,81,135। **जमा बयाना राशि:** ₹ 1,33,600। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 08 (आठ) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियाँ उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **27.05.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।**

(SDAH-39/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-मुख्यालय-2024-83

**कार्य का नामः** एनुअल सेक्शनल कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिपेयर एंड मेंटेनेंस वर्क एंड सप्लाई ऑफ़ मटेरियल अंडर एडीईएन/एचक्यू- II/ झाँसी फॉर ईयर 2024-25 **(ए)** जोन नंबर- 2ए-2 झाँसी (रेलवे स्टेशन एंड सरकूलेटिंग एरिया)। **(बी)** जोन नंबर- 2ए-3 पी-वे ट्रेनिंग सेन्टर।

**अनुमानित लागत (रू):** 14000000.00 | **अमानत राशि:** 220000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 28.05.2024 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

- निविदा दिनांक 28.05.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 800/24(P)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR


## नारायणा फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य, लगा लंबा जाम

### समाधान के लिए नए बदलाव से भी नहीं मिल पाई राहत, ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी बहाना पड़ा पसीना

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पश्चिमी दिल्ली स्थित नारायणा फ्लाईओवर पर पीडब्ल्यूडी द्वारा चल रहे मरम्मत कार्य के कारण यहां वाहन चालकों को भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी और जाम से बचने के लिए किए गए बदलाव भी सोमवार (कार्यदिवस) के दिन नाकाफी साबित हुए और लोगों को करीब तीन किलोमीटर लंबे जाम से जूझना पड़ा। जाम में फंसे लोगों के साथ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भी अपना पसीना बहाना पड़ा। ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए राजौरी गार्डन ट्रैफिक सर्किल का अधिकांश ट्रैफिक स्टाफ सड़क पर तैनात किया गया है। यहां बता दें कि जाम से कुछ राहत के लिए बदलाव के तहत ही धौला कुआं से आने वाले यातायात को शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक फ्लाईओवर के विपरीत कैरिज वे (रॉन्ग साइड) पर डायवर्ट किया गया और मायापुरी फ्लाईओवर से पहले मुख्य कैरिज वे पर विलय किया गया। धौला कुआं जाने वाला यातायात फ्लाईओवर का उपयोग करेगा। मगर बदलाव के बावजूद भी पीक टाइम में जब सड़क पर ट्रैफिक वॉल्यूम अधिक हुआ तो रिंग रोड पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दौरान वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि फ्लाईओवर पर अभी अगले 15 दिनों तक मरम्मत कार्य चलने का अनुमान है। नारायणा में धौला कुआं से मायापुरी जाने की दिशा में जोड़ की खुदाई का काम चल रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद इसकी मरम्मत की जाएगी। उसे सूखने में भी लगभग एक सप्ताह का समय लग सकता है। सोमवार शाम को एक तरफ जहां मायापुरी से नारायणा फ्लाईओवर पर जाम की समस्या रही तो दूसरी तरफ नारायणा फ्लाईओवर से लेकर बरार स्क्वॉयर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जाम में फंसे वाहन धीमी गति से आगे बढ़ते नजर आए। ट्रैफिक के निकलने का फ्लो बहुत ही धीमा होने के कारण ही शाम के वक्त लगभग तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस छोटे से सफर को पूरा करने में लोगों को 15 मिनट तक का समय लग गया।



#### पहले ही दिन लगा जाम, किया बदलाव

नारायणा फ्लाईओवर मरम्मत के लिए गत दो मई से बंद है। उस दिन शाम के वक्त यहां यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी। पहले ही दिन यहां लगभग छह किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। यातायात की इस भयंकर स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने गत तीन मई को यहां ट्रैफिक व्यवस्था में कुछ बदलाव किए। जिसके तहत शाम चार से रात 10 बजे तक दूसरे कैरिज-वे में दोनों तरफ से ट्रैफिक को चलाया गया। मगर इस बदलाव के बावजूद भी यहां जाम से निजात नही मिली। ट्रैफिक पुलिस सूत्रों का कहना है कि जब तक फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक वाहन चालकों को यहां असुविधा का सामना करना पड़ेगा। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने इस बाबत व्यापक एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों को जरूरी सुझाव भी दिए हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर।**
**श्रावणी मेला, 2024**

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)

ई-निविदा प्रसंग संख्या - **RCD/DEOGHAR/806/2024-25 (1st Call)** दिनांक - **04.05.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | रिखिया (देवघर-रिखिया दर्दमारा पथ) - मोहनपुर पथ के कि0मी0 6 से 9.61 कि0मी0 सतह नवीकरण एवं अन्य कार्य, पथ की कुल लम्बाई-9.610 कि0मी0। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 1,70,00,000/- (एक करोड़ सत्तर लाख रुपये) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक) माह। |
| 4. | निविदा प्राप्तिकी अंतिम तिथि एवं समय | 16.05.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 10.05.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432299919** |
| 8. | ई-प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651-2446007 |

नोट - अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखें।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001, vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 (Ansh-I) 1984(S)WE dt 02.05.2024.

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर।

PR 324455 Road(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर।**

**श्रावणी मेला, 2024**

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (1st Call)

ई-निविदा प्रसंग संख्या - **RCD/DEOGHAR/790/2024-25 (1st Call)**
दिनांक - **04.05.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सत्संग चौक से बैजनाथपुर भाया रिखिया मोड़ (सरकुलर पथ) पथ के कि0मी0 3.00 से 6.075 में सतह नवीकरण एवं अन्य कार्य, पथ की कुल लम्बाई-6.275 कि0मी0। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | रुपये 1,90,00,000/- (एक करोड़ नब्बे लाख रुपये) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक) माह। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 15.05.2024 (12:00 बजे दिन तक) |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 09.05.2024 (10:30 बजे पूर्वाह्न) |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर। |
| 7. | प्रोक्युरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | **06432-299919** |
| 8. | ई-प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर | 0651-2446007 |

नोट - अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखें।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

Relaxation from Model Code of Conduct of Parliamentary Election 2024, for the issuance of Tender invitation and its Award, Disposal, Agreement and Execution of the Works has been granted by Secretariat of Election Commission of India, Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001, vide letter no. 437/6/ES-1/JKD-HP/2024 dt 19.04.2024 which has been communicated by Engineer in Chief, RCD, Jharkhand, Ranchi vide letter no. RCD/06-Vividh-22/2024 (Ansh-I) 1984(S)WE dt 02.05.2024.

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, देवघर।

PR.NO.324442 Road(24-25):D

# 96,317 करोड़ की स्पेक्ट्रम नीलामी में भाग लेंगी जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया

● स्पेक्ट्रम 20 साल के लिए आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया जैसी दूरसंचार कंपनियों ने छह जून से शुरू होने वाली 96,317 करोड़ रुपये की स्पेक्ट्रम नीलामी में बोली लगाने के लिए आवेदन जमा कर दिया है। इससे पहले 2022 में हुई पिछली नीलामी में अडाणी समूह की कंपनी का नाम आश्चर्यजनक रूप से बोली लगाने वालों में आया था। हालांकि, इस बार की नीलामी में कोई नया नाम नहीं है।

एक आधिकारिक सूत्र ने सोमवार को बताया, ''रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए आवेदन जमा किए हैं। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम नीलामी का हिस्सा हैं। आधार मूल्य पर कुल स्पेक्ट्रम का मूल्य 96,317 करोड़ रुपये है। स्पेक्ट्रम 20 साल के लिए आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी।

दूरसंचार विभाग ने आगामी नीलामी के माध्यम से प्राप्त स्पेक्ट्रम को न्यूनतम 10 साल की अवधि के बाद 'सरेंडर' करने का विकल्प प्रदान किया है। विभाग 10 मई को आवेदकों का स्वामित्व विवरण प्रकाशित करेगा। आवेदन वापस लेने की अंतिम तिथि 17 मई है और बोलीदाताओं की अंतिम सूची 20 मई को घोषित की जाएगी।

## सेंसेक्स स्थिर, निफ्टी में मामूली गिरावट

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को सीमित दायरे में कारोबार हुआ और बीएसई सेंसेक्स लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता के बीच निवेशकों की सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार एक दायरे में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,359.69 अंक तक गया जबकि नीचे में 73,786.29 तक आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.15 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,442.70 अंक पर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक 5 प्रतिशत चढ़ गया।

## अर्थजगत

# दलहनों में तेजी, गेहूं और तेल में नरमी

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की लिवाली मजबूत ही बनी होने से दलहनों तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, लिवाली कमजोर पड़ने से गेहूं दड़ा में नरमी दर्ज की गई। तेल-तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की भारी बिकवाली से तिल तेल 500 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया।

**अनाज-दाल :** गेहूं: एमपी देशी 3400/3600, दड़ा (मिल पहुंच) 2480/2490, चावल सेला 6700/6750, स्टीम 7600/7700, बासमती (1718) सेला 7300/7400, ताज 4850/4950, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 10500/11000, बढ़िया 11400/11800, धोया लोकल 10200/11000, बढ़िया 11200/11500, मूंग कच्ची: राजस्थान 7500/8000, यूपी &, एमपी नयी 8000/8300, दाल मूंग: छिलका 9200/9500, बढ़िया 10000/11400, मूंग धोया: लोकल 8800/9200, बढ़िया 9800/10600, मसूर कच्ची: छोटी 6225/6425, मोटी विदेशी 6275/6300, देशी बिल्टी 6200/6225, दाल मसूर: लोकल 7300/7500, बढ़िया 7600/7700, मलका: लोकल 7200/7300, बढ़िया 7400/7600, दाल अरहर: दड़ा 14900/15100, पटका 15300/15700, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 6425/6450, एमपी 6400/6425, चना दाल: लोकल 7250/7350, बढ़िया 7450/7550.

### कल क्या होगा?



**बुधवार** बैशाख अमावश्या को बाजरा, गेहूं, जौ, जई, ज्वार, मोठ, देशी चना, मसूर, राजमा चित्रा, वनस्पती घी, अंजीर, इमली, जायफल, लौंग, महुआ फूल, बादाम, अजवायन, तेल सरसों, सोया, पारा, शक्कर, चीनी, गुड़, निकिल, टिनइंगट में लाभ तथा मक्की, तुवर, उड़द, काबुली चना, मूंग, ग्वार, ढैचा, सरसों, लोबिया, बिनौला, गोला, पिस्ता, जीरा, लालमिर्च, धनिया, छुआरा, जावित्री तेल बिनौला तथा उक्त तिलहन, किशमिश, हल्दी, अमचूर, काजू, द्राख गोला, कॉपर-पीतल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 1-3-4-7 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 7.11 बजे प्रात: के बाद यात्रा करना लाभप्रद होगा।

**चीनी :** अफजलगढ़ 3965, सिंभावली 3990, शामली &, मोदी 3950, देवबंद 3985, किनौनी 4000, बुढ़ाना 3935, खतौली 3990, मवाना 3945 खाद्य तेल : सरसों तेल (टीन) 1750/1900, सरसों एक्सपेलर 9900, तिल तेल 15000, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 9550,

**लोहा व इस्पात :** लोहा व इस्पात: कामधेनु: (8 एमएम) 71700, (10 एमएम) 70600, (12 एमएम) 68200, (16-25 एमएम) 69400, , अम्बा शक्ति -500 एसडी: (8 एमएम) 71500, (10 एमएम)64900, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 68600, (32 एमएम) 68600, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 71600, (10) 70000, (12) 67900, (16-25) 68100, (28-32) 68100, बिरला (8 एमएम) 71200, (10 एमएम) 68200, (12 एमएम) 67500, (16-25 एमएम) 67500, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 71100, (10 एमएम) 70100, (12 एमएम) 67600, (16-25 एमएम) 67600, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 71500, (10 एमएम) 70100, (12 एमएम) 67700, (16-25 एमएम)68900, एंगल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) (50&5) 56000, केवीएस-एमएस (35&5) 55600, (40&5/6) 56100, (50&5) 56600, (50&6) 57100, (65&5/6) 60900, जयभारत: (50&5 से 75&10) 55500, अनमोल: 55500, बिरला 56800, चैनल: राना (जीएसटी अतिरिक्त) 57000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 59200, जयभारत 56000, अनमोल 56000, बिरला 57900, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 57000, अनमोल 57000, टी-आयरन: राना 57900, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 47400, (साढ़े तीन इंच) 48400, (चार इंच) 48700.

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 102, देशी मुलायम 188/208, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 188/208, चार प्रतिशत 193/212, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 581, रेडिएटर देशी 403, रेडिएटर विदेशी 403, चादरी देशी 558, पुर्जे स्क्रैप 545, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 3075, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 268, एजेड 272, आईजेड 265, आईजे 267,पीएमआई 242, ड्रास (ढीमा) 215, निकिल कैथोड: रसियन-(4&4) 1530, (8&8) 1535, (4&24) 1540, नार्वे (4&4) 1550, (4&24) 1555, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 785, भट्ठी 783, सीसी 847, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 239, शीट कटिंग 218,

# भारत मॉरीशस को 14,000 टन सफेद चावल का करेगा निर्यात

● घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए चावल के निर्यात पर प्रतिबंध है

**नई दिल्ली,** (भाषा): सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की सोमवार को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है।

सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है।

# न्यायमूर्ति एस. के. मिश्रा बने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के पहले अध्यक्ष

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलायी। न्यायमूर्ति मिश्रा की नियुक्ति माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विवादों के निपटान के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय के तौर पर जीएसटीएटी के कामकाज की शुरुआत को दर्शाती है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ''केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नयी दिल्ली में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी के अध्यक्ष के रूप में सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# बजाज ने पेश की पल्सर एनएस400जैड

**पुणे,** (पंजाब केसरी): दुनिया की सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने आज बहुप्रतीक्षित पल्सर एनएस400जैड को लॉन्च किया जो मशहूर पल्सर कैटेगरी की फ्लैगशिप मोटर साइकिल है। भारत में स्पोर्ट्स मोटर साइकिलिंग सेगमेंट का निर्माण करने वाला 'पल्सर' ब्रांड साल 2001 से लीडर रहा है जो इसके शौकीनों को एक अलग स्पोर्टी डिज़ाइन और परफॉर्मेंस पेश करता है। पल्सर एनएस सीरीज़ लगातार तरक्की हासिल करती रही है और मार्च 2023 में संपूर्ण एनएस रेंज को एक रोमांचक रिबूटिंग मिली है और इसे एक नए एलईडी हेडलैंप, डिजिटल इन्स्ट्रूमेंट कंसोल और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ अपग्रेड किया गया है। पल्सर एनएस400जैड के लॉन्च के साथ बजाज ऑटो ने वास्तविक रूप में पल्सर कैटेगरी की 'डी-फैक्टो अल्फा' बाइक पेश की है।

# प्राधिकरण ध्वस्त करेगा 4 मंजिला इमारत

**सात दिन पहले की गई थी सील**

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): प्राधिकरण की अर्जित जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण सख्त है। करीब एक सप्ताह पहले प्राधिकरण ने सेक्टर-104 की हाजीपुर खसरा नंबर 412 पर बनी एक इमारत को सील किया था। जिस पर लिखा था ये इमारत अवैध है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर सोमवार को प्राधिकरण की टीम दस्ता और स्थानीय पुलिस के साथ मौके पर पहुंची।

यहां प्राधिकरण ने इमारत को ध्वस्त करने के लिए अंदर से उसे तोड़ना शुरू किया। ये इमारत चार फ्लोर की है। जिसका कंस्ट्रक्शन अभी चल रहा था। इस दौरान सभी फ्लोर पर बने कांच के केबिन और शीशों को तोड़ा गया। कोई हंगामा न हो इसके लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। आगामी दो से तीन दिनों में इमारत को ध्वस्त किया जाएगा। साथ ही जमीन को प्राधिकरण अपने कब्जे में लेगा।

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि भू माफियाओं ने खसरा नंबर 412 की जमीन पर कब्जा किया था। ये जमीन करीब 1500 वर्गमीटर के आसपास है। इसकी कीमत करीब 50 करोड़ रुपए के आसपास आंकी जा रही है। इस पर तेजी के साथ निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण अधिकारियों ने विजित के दौरान इसे सील करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया था। साथ ही भू माफियाओं के खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# बिकाऊ विधायक जनता के सबसे बड़े गुनहगार



**नादौन**/ शिमला, विक्रान्त सूद (पंजाब केसरी) : मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सूक्खू ने कहा कि बि का ऊ विधायक जनता के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उन्होंने जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर चुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। सवाल सरकार, मुख्यमंत्री या मंत्री की कुर्सी का नहीं है, जनता के वोट के निरादर का है। लोकसभा चुनाव में 1 जून को नादौन से ऐसी आवाज पूरे प्रदेश में जानी चाहिए कि नोट के दम पर सरकार गिराने की कोशिश करने वाली भाजपा को सबक मिले। बि का ऊ विधायकों ने अपने आप को राजनीतिक मंडी में बिकने के लिए छोड़ दिया। मुख्यमंत्री ने ये बातें नादौन विधानसभा क्षेत्र के बड़ा, पुतड़ियाल व नौहंगी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

# यूएसबीआरएल परियोजना का निरीक्षण किया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड के सदस्य अनिल कुमार सिंह ने ऊधमपुर–श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक राष्ट्रीय परियोजना के श्रीनगर-संगलदान-कटरा सेक्शन का गहन और विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे और कोंकण रेल कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ उपस्थित थे।

उन्होंने अपना निरीक्षण श्रीनगर छोर से संगलदान तक ट्रेन/निरीक्षण कार द्वारा शुरू किया। इसके बाद उन्होंने संगलदान से लेकर आगे कटड़ा तक मोटर ट्रॉली निरीक्षण किया। रास्ते में उन्होंने सवालकोट यार्ड और कटड़ा के पास सुरंग संख्या टी-33 में चल रहे शेष महत्वपूर्ण कार्यों का गंभीरता से निरीक्षण किया, जो पूरी परियोजना के चालू होने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

संख्या.: ADM-2(2)/AIIMS/BPL/Rectt.Cell/Deputation/2023/2/4098 दिनांक 29/01/2024

**शुद्धि पत्र**

एम्स भोपाल में ग्रुप–ए गैर संकाय के विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए जारी रौलिंग भर्ती अधिसूचना संख्या ADM-2(2)/AIIMS/Bhopal/Rectt.Cell/ Deputaion/2023/2 दिनांक 16/10/2023 एवं भर्ती अधिसूचना संख्या ADM-2(2)/AIIMS/Bhopal/Rectt.Cell/ Deputaion/2023/2/1731 दिनांक 14/03/2024 की निरंतरता में यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रिक्तियों को प्रशासनिक कारणों से वापस लिया जाता है:–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतन स्तर (7वें वेतनमान के अनुसार) | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Chief Nursing Officer | Level-12 | 1 |
| 2 | Nursing Superintendent | Level-11 | 2 |
| 3 | Assistant Nursing Superintendent | Level-10 | 22 |
| 4 | Deputy Nursing Superintendent | Level-10 | 16 |
| | Total Posts | | 41 |

2. भर्ती अधिसूचना संख्या ADM-2(2)/AIIMS/Bhopal/Rectt.Cell/Deputaion/2023/2/1731 दिनांक 14/03/2024 के माध्यम से विज्ञापित शेष पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की तिथि, दिनांक 04/06/2024 तक बढ़ाई जाती है।
3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा भर्ती अधिसूचना संख्या ADM-2(2)/AIIMS/Bhopal/Rectt.Cell/ Deputaion/2023/2/1731 दिनांक 14/03/2024 के प्रत्युत्तर में पहले ही आवेदन किया जा चुका है उनको पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
4. पात्रता एवं अन्य नियमों तथा शर्तों, आवेदन प्रपत्र आदि से संबंधित जानकारी के लिए रॉलिंग भर्ती विज्ञापन संख्या ADM-2(2)/AIIMS/Bhopal/ Rectt.Cell/Deputation/2023/2 दिनांक 16/10/2023, जो कि संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in पर उपलब्ध है का अवलोकन किया जा सकता है।

एसडी/–
उपनिदेशक (प्रशासन)
एम्स, भोपाल



**उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्रम सं0 | निविदा सं0 | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 93245867 | रोटरी स्क्रू इलेक्ट्रिक, चालित वायु कंप्रेसर, 300 सीएफएम, 10 किग्रा/सेमी2 | 02 नग | 03.06.2024 |
| 2. | 93245431 | तीन (03) वर्ष की वारंटी के साथ हैंड हेल्ड स्कैनर की आपूर्ति और स्थापना। हैंड हेल्ड स्कैनर का विस्तृत विवरण अनुलग्नक संलग्न है। | 42 नग | 03.06.2024 |
| 3. | 93245466ए | 10 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी–01/03एयूजी 2003। | 08 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 20 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी–01/03एयूजी 2003। | 05 किलोमीटर | 03.06.2024 |
| | | 50 जोड़े X 0.63 मिमी की आपूर्ति। व्यास कॉपर कंडक्टर ट्विस्टेड जोड़ी बख्तरबंद भूमिगत टेलीकॉम पीआईजेएफ केबल, ठोस पॉलिथीन इंसुलेटेड कॉपर कंडक्टर के साथ, कोर पूरी तरह से भरने वाले यौगिक से भरा हुआ है और पॉलिथीन शीथ से बंधे पॉली–अल लेमिनेट नमी अवरोधक के साथ, टीईसी जेनेरिक के अनुसार गैल्वेनाइज्ड स्टील टेप के दो अनुप्रयोगों के साथ आवश्यकताएँ संख्या निविदा खुलने की तिथि पर नवीनतम संशोधन/संस्करण/संशोधन के साथ जीआर/सीयूजी–01/03एयूजी 2003। | 04 किलोमीटर | 03.06.2024 |

निविदा शर्ते– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा।
टेंडर नोटिस सं0–93245867, 93245431, 93245466 दिनांक :– 06.05.2024 1364/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विक्रम सोलर को मिला 250 मेगावाट माड्यूल सप्लाई का ठेका

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : भारतीय सोलर मॉड्यूल विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी विक्रम सोलर, गुजरात इंडस्ट्रीज़ पावर कंपनी लिमिटेड की एक अहम उपलब्धि- 250 मेगावाट ऑर्डर हासिल करने की घोषणा करते हुए उत्साहित है। कंपनी को सफलतापूर्वक लेटर ऑफ़ इंटेंट मिला है, जो भारत की सौर ऊर्जा क्षमताओं को बढ़ाने और देश के महत्वाकांक्षी सौर उद्देश्यों की सहायता करने में एक बड़ी प्रगति का संकेत है।


**उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

संदर्भ: निविदा सूचना क्रमांक 101/2023–2024 दिनांक 14.03.2024 (क्र.सं. 02)
[1] निविदा क्रमांक. 19240645 दिनांक 06.05.2024 को देय
उपरोक्त निविदाओं के संदर्भ में नियत तिथि बढ़ा दी गई है 06.05.2024 से 20.05.2024 तक.
अन्य सभी नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1362/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय नगरपालिका तावडू (नूंह)**
फैक्स/फोन नं.01267-282298
ईमेल:- secy-tauru@ulbharyana.gov.in

नगरपालिका तावडू कार्यालय की लेखा शाखा में Income Tax Work, GST Related Works, NPS EPF and ESI, Bank Reconciliation with cashbook आदि के लिए आगामी 1 वर्ष हेतु (दिनांक- 01.06.2024 से 31.05.2025 तक) सी.ए. हायर किया जाना है। संबंधित एजेंसी को उपरोक्त कार्य के लिए कुटेशन प्रतिमाह की दर (जी.एस.टी. सहित) रेट सील बंद लिफाफे में उपलब्ध करवाने होंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 09.05.2024 रहेगी। जिसमें एजेंसी सील बंद कुटेशन नगरपालिका कार्यालय में निर्धारित तिथि पर सायं 05:00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करेगी।

हस्ता./- सचिव
नगरपालिका तावडू

पत्र क्रमांक:- 1000-1001 दिनांक-01.05.2024


# रवि काना ने उगले कई राज

**ग्रेटर नोएडा,** (पंजाब केसरी): स्क्रैप माफिया रवि काना की रिमांड सोमवार को खत्म हो गई। इस दौरान रवि काना से पुलिस ने कई सवाल पूछे। इस दौरान पुलिस रवि काना को देहरादून तक भी लेकर गई जहां उसके आवास से पुलिस को 10 लाख कैश, 9 ट्रकों की जानकारी मिली थी। पुलिस को रवि काना की दिल्ली में कोठी समेत अन्य संपत्तियों का पता चला है।

रवि काना की 5 दिन और काजल झा की 1 दिन रिमांड पूरी हो चुकी है। इस दौरान पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसके साथ ही काजल झा के जेपी ग्रीन आवास पर मिले प्रॉपर्टी के अहम डॉक्यूमेंट्स को भी पुलिस अहम सबूत मान रही है। इसके अलावा रवि काना की बहन के घर अट्टा गांव से कैश, जमीन के कागज बरामद हुए हैं।

# नोएडा में 10वीं में नमन और 12वीं में अनन्या ने किया टॉप

● खुद पर भरोसा, सैल्फ स्टडी और टाइम मैनेजमेंट ये गुरु मंत्र है

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सीआईएसएसीई) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जिले में तीन स्कूलों से नोएडा के श्री राम मिलेनियम स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्रों ने टॉप किया है। 10वीं में नमन सोनपर ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल किए और 12वीं में अनन्या सानयाल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। गौतमबुद्ध नगर की टॉपर अनन्या सानयाल ने मैथ में 96 इकोनॉमिक में 92 पॉलिटिकल सांइस में 98 हिस्ट्री में 97 और इंग्लिश में 97 अंक अर्जित किए। उन्होंने सैल्फ स्टडी की। एग्जाम के दिन रोजाना करीब 10 घंटे पढ़ाई की। हालांकि उनका मानना है खुद पर भरोसा, सैल्फ स्टडी और टाइम मैनेजमेंट ये गुरु मंत्र है। हां जरूरत पड़ने पर ट्यूशन और यू ट्यूब से मदद ली जा सकती है।

# अपना घर आश्रय में रहने वाली दो वृद्ध महिलाओं की मौत

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रय में रहने वाली दो वृद्ध महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाएं लंबे समय से बीमार थीं और अपना घर आश्रम में रह रही थीं। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि अपना घर आश्रय में रहने वाली 62 वर्षीय सीमा को वहां की कर्मचारी शिवांगी ने रविवार रात को नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके अलावा अपना घर आश्रय में ही रहने वाली एक 70 वर्षीय महिला मोमिना को वहां पर काम करने वाली सुमन नामक कर्मचारी ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां पर डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया है कि दोनों महिलाएं लंबे समय से बीमार थीं। आश्रम में काम करने वाले कर्मचारियों से महिलाओं की मौत के संबंध में पूछताछ की गई है।

## सीसी एवेन्यू ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ की साझेदारी

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): एक अग्रणी एआई-संचालित सूचीबद्ध फिनटेक फर्म और भुगतान से जुड़े इनोवेटिव सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाली कंपनी इन्फीबीम एवेन्यूज लिमिटेड ने अपने प्रमुख पेमेंट ब्रांड, सीसी एवेन्यू और शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के बीच साझेदारी की घोषणा की है। इंफीबीम एवेन्यूज लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (अलायंसेज एंड ऑपरेशंस) श्री टी. नंदकुमार मेनन ने कहा, ''हमें अपनी श्रेणी की बेहतरीन इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के लिए शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ अपने सहयोग की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

संदर्भ सं.: ADM-2(5)/2023/AIIMS/BPL/भर्ती प्रकोष्ठ/03/4099 दिनांक: 06/05/2024

**परिशिष्ट**

एम्स, भोपाल में विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती के आधार पर संकाय सदस्यों की भर्ती हेतु जारी रोलिंग भर्ती अधिसूचना क्र. एडीएम–2(5)/2023/AIIMS/BPL/Rect-Cell/03 दिनांक 29/08/2023 भर्ती अधिसूचना क्र.एडीएम–2(5)/2023/AIIMS/BPL/Rect-Cell/03/336 दिनांक 16/01/2024 एवं परिशिष्ट संख्या एडीएम–2(5)/2023/AIIMS/BPL/Rect-Cell/03/1699 दिनांक 13/03/2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों/रोजगार समाचार में भी प्रकाशित करवाते हुए एम्स भोपाल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था कि निरंतरता में दिनांक 16/01/2024 को जारी उपर्युक्त भर्ती अधिसूचना में विज्ञापित पदों के अलावा निम्नलिखित पद को भी शामिल किया जाता है:–

| Advt . No. 11/11/2023-2(CV)/ Admin. AIIMS/Bhopal/ | Designation | No. of posts & Reservation | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | OBC | SC | ST | EWS | Total |
| Department of Trauma & Emergency Medicine | | | | | | | |
| 030 | Assistant Professor | 1 | 1 | - | - | - | 2 |

2. उपर्युक्त पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन पत्र ई–मेल faculty.recruitment2023@aiimsbhopal.edu.in पर दिनांक 03/06/2024 को शाम 5.00 बजे तक भेज सकते हैं।
3. साथ ही भर्ती अधिसूचना दिनांक 16/01/2024 एवं परिशिष्ट दिनांक 13/03/2024 के माध्यम से विज्ञापित पदों के लिए पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि को भी दिनांक 03/06/2024 को शाम 5.00 बजे तक बढ़ाया जाता है।
4. उपरोक्त पद तथा भर्ती अधिसूचना दिनांक 16/01/2024 एवं परिशिष्ट दिनांक 13/03/2024 के माध्यम से विज्ञापित पदों हेतु पात्रता का निर्धारण अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 03/06/2024 के आधार पर किया जाएगा।
5. जो उम्मीदवार दिनांक 16/01/2024 की उक्त भर्ती अधिसूचना तथा परिशिष्ट दिनांक 13/03/2024 के संदर्भ में पहले ही आवेदन कर चुके है, उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।
6. आवश्यक पात्रता मानदंडों तथा अन्य सभी नियम व शर्तें, आवेदन भेजने करने की प्रक्रिया आदि दिनांक 29/08/2023 के विज्ञापन में दर्शाए अनुसार यथावत रहेंगी उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
7. विस्तृत और अद्यतन जानकारी के लिए, कृपया संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in का नियमित अवलोकन करते रहें।

एसडी/–
उपनिदेशक (प्रशासन)
एम्स, भोपाल



**उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान: S&T केबल शिफ्टिंग वर्क इन्वोल्वड इन रेगिरदेरिंग एट 3 नंबर्स ऑफ़ ब्रिड्जस विज ब्रिज 245 बिटवीन DSA-DLI, 241B बिटवीन DSA-A PNL, 228A इन GZB-CYZ सेक्शन ऑफ़ दिल्ली डिवीज़न | |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ Rs. 49,32,809.91/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ Rs. 98,700.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता: वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 06.05.2024 / निविदा खुलने का दिनांक 29.05.2024 15.00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–एम.टेंडर–1422 दिनांक: 06.05.2024 1369/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबंधक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-मुख्यालय-2024-87 | ₹ 16637941.50 | ₹ 233200.00 |

**कार्य का नाम:** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-हैवी रिपेयर ऑफ़ अंडरग्राउंड ड्रेन एंड सीवर लाइन इन्क्लुडिंग क्लीनिंग ऑफ़ चैम्बर एंड पाइप लाइन, पम्पिंग ऑफ़ रेन वाटर फ्रॉम लिट लाइन इन एसी लोको शेड, झाँसी।

**निविदा बन्द होने की तिथि:** 29.05.2024 at 15.00 hrs., **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह। • निविदा दिनांक 29.05.2024 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 803/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**प्रथम शुद्धि पत्र**
निविदा सं. 74–डब्ल्यू/1/1/518/डब्ल्यू.ए./अम्बाला कैंट
दिनांक 01.05.2024 (RO NO. 1323/2024

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | डबल स्टैक कन्टेनर की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए अम्बाला मण्डल के लुधियाना–जाखल सेक्शन पर मौजूदा सड़क उपरी पुल 145–ए, 164–ए एवं 167–ए को ऊँचा उठाने का कार्य करने हेतु। |
| निविदा खुलने की तिथि और समय | 24.05.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी |

उपरोक्त कार्य सं संबंधित निविदा में निम्नलिखित बदलाव आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किए गए हैं।

| | मौजूदा विवरण | संशोधित विवरण |
|---|---|---|
| अनुमानित/निदेशात्मक परियोजना लागत | ₹3009.59 लाख | ₹4282.07 लाख |
| जमा की जाने वाली जमानती राशि | ₹16,54,800/- | ₹22,91,000/- |

अन्य विवरण यथावत रहेंगे।
सं.: 74–डब्ल्यू/1/1/518/डब्ल्यू.ए/अम्बाला कैंट दिनांक: 06.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1368/2024

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।



पंजाब केसरी संपादकीय
संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# नेपाल की चीनी हरकत

**हिमालय** की गोद में बसा नेपाल भारत का करीबी देश माना जाता था। आज भी दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध है। दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध है। दोनों देश एक खुली सीमा साझा करते हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि दोनों देशों के संबंधों का आधार निर्मित करती है। शांति और मैत्री संधि ने नेपाली नागरिकों को सीमा पार मुक्त आवाजाही और भारत में रोजगार के अवसरों की गारंटी दी गई थी। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है जबकि यह क्षेत्र ब्रिटिश ओपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा है। नेपाल कभी विश्व मानचित्र पर एक हिन्दू राष्ट्र था लेकिन बंदूक के बल पर हुई क्रांति ने इस हिन्दू राष्ट्र को लोकतांत्रिक देश में बदल दिया। कई चुनौतियों के बावजूद दोनों देशों के संबंध काफी उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं। इसके बावजूद भारत ने हमेशा संकट की घड़ी में नेपाल की हरसंभव सहायता की है। नेपाल पर चीन लगातार दबाव बनाकर उसे अपने पक्ष में करने की कोशिशें कई वर्षों से कर रहा था जिस का असर नेपाल पर दिखाई दे रहा है। नेपाल भी अब चीन जैसी नापाक हरकतें करने लगा है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प दहल कमल प्रचंड ने जब से केपी शर्मा ओली से मिलकर सरकार बनाई है तब से वह भी दबाव में दिखाई देते हैं।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को चीन समर्थक माना जाता है और अपने कार्यकाल में उन्होंने नेपाल को पूरी तरह से चीन की गोद में डाल दिया था। नेपाल ने 100 रुपए के नए नोट छापने का फैसला किया है। जिसमें भारत के वो तीन इलाके भी दिखाए जाएंगे जिन पर नेपाल अपना दावा जताता है। इनमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी शामिल है। इन इलाकों को लेकर दोनों देशों में विवाद 34 सालों से है। नेपाल की सरकार भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन इलाकों पर भारत के कब्जे को अचानक कृत्रिम विस्तार और अस्थिरता बताने लगी है। केपी शर्मा ओली के शासनकाल में भी नेपाल का नक्शा प्रकाशित किया गया था जिसमें इन इलाकों को उसने अपना दिखाया था। भारत अब भी इन तीनों इलाकों को अपना क्षेत्र कहता है। दोनों देश करीब 1850 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं। यह भारत के 5 राज्यों सिक्किम , पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से गुजरती है।

> नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को चीन समर्थक माना जाता है और अपने कार्यकाल में उन्होंने नेपाल को पूरी तरह से चीन की गोद में डाल दिया था। नेपाल ने 100 रुपए के नए नोट छापने का फैसला किया है। जिसमें भारत के वो तीन इलाके भी दिखाए जाएंगे जिन पर नेपाल अपना दावा जताता है। इनमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी शामिल है। इन इलाकों को लेकर दोनों देशों में विवाद 34 सालों से है। नेपाल की सरकार भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इन इलाकों पर भारत के कब्जे को अचानक कृत्रिम विस्तार और अस्थिरता बताने लगी है। केपी शर्मा ओली के शासनकाल में भी नेपाल का नक्शा प्रकाशित किया गया था जिसमें इन इलाकों को उसने अपना दिखाया था।

भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं। अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया। काली नदी के उद्गम स्थल, यानी ये सबसे पहले कहां से निकलती है इसे लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है। वहीं नेपाल पश्चिमी धारा को उद्गम धारा मानता है और इसी आधार पर दोनों देश कालापानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। उत्तराखंड के पिथौराढ़ जिले में स्थित कालापानी भारत,नेपाल और चीन के बीच रणनीतिक तौर पर बेहद महत्वपूर्ण ट्राई जंक्शन है। कालापानी से भारत बहुत आसानी से चीनी सेना पर नजर रख सकता है।

भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। इलाके के महत्व को देखते हुए इन क्षेत्रों में इंडो तिब्बत बॉर्डर पुलिस तैनात है। भारत में मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री इसी इलाके के लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई थी। जब इस का उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया था तो नेपाल ने विरोध किया था। अब यह स्पष्ट है कि नेपाल को उकसाने के पीछे चीन का हाथ है। भारत ने नेपाल की इस हरकत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि नेपाल के इस कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। नेपाल का यह कदम रिश्तों को और जटिल ही बनाएगा। यह इलाके भारत के हैं। हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। नेपाल के साथ हम एक स्थापित मंच के माध्यम से सीमा मुद्दों पर चर्चा करते रहते हैं लेकिन नेपाल का यह कदम एकतरफा है। अब जबकि चीन हमें चारों तरफ से घेरने के लिए हर हथकंडा अपना रहा है। उसने नेपाल की राजनीति में बहुत ज्यादा हस्तक्षेप शुरू कर दिया है तो भारत को भी अब पहले से कहीं अधिक कूटनीति से काम लेना होगा। नेपाल भारत के आर्थिक और सामरिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए मसलों को राजनयिक वार्ता से ही हल करना होगा।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## जब चरित्रहीनता का बदनुमा दाग...

जब देश के नायक ही खलनायक बन जाएं,
तो बेबस लाचार आम जनमानस किसको अपना दुख सुनाये,
जब चरित्रहीनता का बदनुमा दाग सफेदपोश लोगों के दामन पर लग जाए,
तो वास्तव में लोकतंत्र की गरिमा पर खतरा मंडराए...!!



गीता पाढा

# राहुल गांधी क्यों पहुंचे रायबरेली...?



डा. विजय दर्डा
संपादक : लोकमत समूह
पूर्व राज्यसभा सांसद

**वायनाड** के अलावा राहुल गांधी और कहां से चुनाव लड़ेंगे इसकी जितनी चर्चा हो रही थी, उतनी चर्चा किसी और नेता के निर्वाचन क्षेत्र को लेकर इस चुनाव में नहीं हुई। चर्चा अमेठी की भी चल रही थी जहां से 15 साल तक सांसद रहने के बाद 2019 के चुनाव में राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था। अमेठी से गांधी परिवार का पुराना नाता रहा है। अमेठी ने 1980 में संजय गांधी, फिर तीन बार राजीव गांधी, एक बार सोनिया गांधी और तीन बार राहुल गांधी को लोकसभा पहुंचाया। मगर राहुल गांधी इस बार अमेठी से क्यों खड़े नहीं हुए, यह कहना जरा मुश्किल है, हो सकता है कि सिपहसालारों ने उन्हें कहा हो कि कहीं हार न हो जाए। मुझे लगता है कि अमेठी से उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए था, ऐसा कहते हैं कि वे वहां से जीत भी जाते।

अमेठी से कांग्रेस ने गांधी परिवार के खासमखास किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। लोगों को उम्मीद थी कि प्रियंका गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी लेकिन प्रियंका ने कहा है कि वे किशोरी लाल शर्मा के लिए धुआंधार प्रचार करेंगी। मुझे लगता है कि प्रियंका खुद मैदान में होतीं तो उनकी जीत की संभावना प्रबल हो सकती थी। वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं और राहुल गांधी ने परिवार की एक और परंपरागत सीट रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया तो यह निश्चय ही रायबरेली के प्रति उनकी उम्मीद को दर्शाता है।

गांधी-नेहरू परिवार की जड़ें रायबरेली में ज्यादा पुरानी और गहरी हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा चुनाव में फिरोज गांधी रायबरेली से ही संसद में पहुंचे थे। इंदिरा गांधी तीन बार वहां से चुनाव जीतीं। सोनिया गांधी 2004 से लगातार चार बार रायबरेली का प्रतिनिधित्व करती रही हैं।



रायबरेली में राहुल गांधी ने बड़ी धूमधाम के साथ नामांकन भरा। जाहिर सी बात है कि उन पर सबकी नजर रहती है, भाजपा के एक नेता ने व्यंग्यात्मक लहजे में मुझसे कहा कि राहुल गांधी तो कह रहे थे कि ईडी ने कांग्रेस का बैंक खाता सील कर दिया है और हमारे पास ट्रेन का टिकट खरीदने के पैसे नहीं हैं तो वे खुद एक विमान में कैसे आए जिसमें पक्के कांग्रेसी अशोक गहलोत और के.सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ थे? दूसरे विमान में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और तीसरे विमान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आए? फिर उस भाजपाई ने मुझे यह भी याद दिला दिया कि किशोरी लाल शर्मा का नामांकन भरवाने तो इनमें से कोई अमेठी नहीं पहुंचा था। भाजपा को तो बस मौका चाहिए और कोई मौका चूके भी क्यों? भाजपा ने तो यह दावा भी कर दिया कि राहुल गांधी डर कर वायनाड से भागे हैं। केरल के चीफ मिनिस्टर पी. विजयन ने कहा कि ऐसा उम्मीदवार दे दिया है कि राहुल का जीतना मुश्किल है। हालांकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि राहुल गांधी के वायनाड से चुन कर आने की पूरी संभावना है तो अब बड़ा सवाल है कि यदि राहुल गांधी दोनों स्थानों से चुनाव जीत जाते हैं तो वे कौन सी सीट अपने पास रखेंगे? मुझे लगता है कि वे परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली को तरजीह देंगे। उन्हें पता है कि जब तक उत्तर प्रदेश पर कब्जा नहीं होता तब तक देश पर राज करने की बात सोचना भी बेमानी है।

मौजूदा भारतीय राजनीति में राहुल गांधी की शख्सियत कुछ ऐसी है कि वे भले ही अध्यक्ष न हों लेकिन कांग्रेस का उनके बगैर काम नहीं चलता तो दूसरी ओर विपक्षी दल भाजपा का भी उनके बगैर काम नहीं चलता। प्रधानमंत्री से लेकर हर बड़े नेता का भाषण राहुल गांधी का नाम लिए बगैर पूरा नहीं होता, उन्हें पप्पू ठहराने की भी भरपूर कोशिश हुई। मेरा मानना है कि यदि कोई व्यक्ति आपकी नजर में अयोग्य है तो आप क्यों बार-बार उसका नाम लेते हैं? उसे इग्नोर क्यों नहीं करते? लेकिन राहुल गांधी को इग्नोर करना संभव नहीं है।

आजादी की लड़ाई और उसके बाद देश के निर्माण में गांधी परिवार के योगदान को और उनके परिवार ने जो शहादत दी है, उसे कैसे भुलाया जा सकता है। लालकृष्ण अडवाणी ने एक बार मुझसे कहा था कि कांग्रेस के साथ हमारा राजनीतिक विरोध है लेकिन वे हमारे शत्रु नहीं हैं, हम उन्हें इग्नोर नहीं कर सकते।

बहुत से लोग राहुल गांधी की वेशभूषा को लेकर भी टिप्पणी करते हैं। वे कहते हैं कि राजीव गांधी और सोनिया गांधी बहुत आधुनिक थे लेकिन राजनीति में आने के बाद राजीव गांधी ने कांग्रेस के खादी के लिबास को अपनाया और इसके साथ ही सोनिया गांधी ने साड़ी पहनना शुरू कर दिया। दोनों फिर कभी मॉडर्न लिबास में नहीं दिखे लेकिन राहुल गांधी अल्ट्रा मॉडर्न हैं। युवाओं की वेशभूषा में रहते हैं, उन्होंने परंपरा को बदल दिया है। हो सकता है उनके दिमाग में हो कि ऐसे ही रहना है लेकिन मेरा मानना है कि राजनीति में वेशभूषा काफी मायने रखती है।

एक बात लोग और भी करते हैं कि राहुल गांधी का स्वभाव ऐसा है कि उनके करीबी साथी ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, मिलिंद देवड़ा, केपी सिंह जैसे लोग साथ छोड़ गए। सवाल है कि वे राहुल के स्वभाव की वजह से गए या उन्हें अपना भविष्य असुरक्षित नजर आ रहा था? या राहुल गांधी के आसपास की जो व्यवस्था है, उससे उनका दम घुट रहा था?

बहुत से लोग कांग्रेस छोड़ कर चले गए। सोनिया गांधी अस्वस्थ हैं, इसके बावजूद राहुल और प्रियंका लड़ रहे हैं लेकिन उनका मुकाबला उस भाजपा से है जिसे नरेंद्र मोदी ने कद्दावर बना दिया है। मोदी का नेतृत्व चमत्कारी है, अमित शाह और यूपी में योगी आदित्यनाथ जैसे राजनीति के जांबाज खिलाड़ी हैं। कांग्रेस तरकश से कोई तीर निकालने की सोचे तब तक उनका तीर निशाने पर पहुंच चुका होता है। संघर्ष में सफलता के लिए राहुल के पास हौसला तो है लेकिन जांबाजों की फौज नहीं है। मैंने बार-बार लिखा है कि जब तक कांग्रेस को नए सिरे से खड़ा नहीं करते तब तक फौज खड़ी नहीं हो सकती। कांग्रेस की ओर से जो लोग भी चुनकर आते हैं, वे अपनी क्षमताओं की बदौलत आते हैं, जरूरत कांग्रेस को क्षमतावान बनाने की है लेकिन यह चुनौती फिलहाल आसान बिल्कुल ही नहीं है।

# अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान



आर.के. सिन्हा
पूर्व राज्यसभा सांसद

**कश्मीर** की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड में दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोगों ने वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था।

2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस ऐतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है।

इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्यधारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं।

ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई।



उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएम आर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है। शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है।

राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे हैं।

दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षों बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं।

इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियां) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं। बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गईं जो 46 प्रतिशत की कमी है।

मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। एक बात बहुत साफ है कि सरकार देश विद्रोही ताकतों को कुचलने के लिए तैयार है और जो वार्ता करना चाहता है उसका सदैव स्वागत भी है।

हां, उसे वार्ता संविधान के दायरे में आकर करनी होगी। बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों का कोई स्थान नहीं है। कहना न होगा कि अब देश बदला-बदला सा जम्मू-कश्मीर देख रहा है।

# खालिस्तान समर्थक भी चुनाव मैदान में

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पंजाब में लोकसभा चुनाव के लिए सबसे आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है। इस पहले भाजपा, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अकाली दल ने कमर कसना शुरू कर दिया है। यही नहीं इन मुख्य दलों के प्रत्याशियों के अलावा कई लोकसभा सीटों से खालिस्तान समर्थक भी चुनाव में उतरे हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं, जो खुलेआम खालिस्तान की मांग करते हैं और उस विचारधारा को वाजिब भी ठहराते रहे हैं। इनमें से एक अमृतपाल सिंह ही है, जो पिछले कई महीनों से असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद है। अमृतपाल सिंह के परिजनों का कहना है कि वह निर्दलीय ही खडूर साहिब सीट से चुनाव में उतरेगा। अमृतपाल सिंह के अलावा संगरूर सीट से लोकसभा सांसद सिमरनजीत सिंह मान भी फिर से चुनाव लड़ने वाले हैं। वह उपचुनाव में जीत हासिल करके सांसद बने थे और दोबारा चुनाव में उतरने वाले हैं।

सांसद बनने के बाद भी सिमरनजीत सिंह ने खुलकर अलगाववादी विचार रखे थे और कहा था कि खालिस्तान एक सच्चाई है, जिसे कोई नकार नहीं सकता। सिमरनजीत ने यह भी कहा था कि जैसे हिन्दुस्तान है और पाकिस्तान है, वैसे ही खालिस्तान भी है। यही नहीं सिमरनजीत सिंह के इस खुलासे पर तो बहुत विवाद हुआ था, जिसमें उन्होंने माना था कि मैंने खालिस्तान समर्थकों को विदेश भेजने में मदद की थी और उन्हें शरण देने के लिए लेटर भी लिखे थे।



● सिमरनजीत सिंह, अमृतपाल सिंह , सरबजीत सिंह खालसा सहित अन्य खालिस्तानी लड़ रहें हैं चुनाव

सिमरनजीत सिंह का कहना था कि 50 हजार लोगों के लिए उन्होंने ऐसे लेटर लिखे थे। इसके लिए हर शख्स से 35 हजार रुपये लिए गए थे। सिमरनजीत सिंह के अलावा इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी चुनाव में उतरा है। 45 साल के सरबजीत सिंह पहले भी 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं, लेकिन जीत नहीं पाए थे। इस बार वह फरीदकोट (सुरक्षित) सीट से उतर रहे हैं। सरबजीत सिंह के दादा सुच्चा सिंह और मां बिमल कौर भी सांसद रह चुके हैं।

बता दें कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के दो सुरक्षाकर्मियों बेअंत सिंह और सतवंत सिंह ने ही उनकी गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। उनके ही घर पर 31 अक्टूबर, 1984 को यह हत्याकांड अंजाम दिया गया था। सरबजीत सिंह खालसा अकसर खुलकर खालिस्तान का समर्थन करते रहे हैं। फिलहाल फरीदकोट सीट से कांग्रेस के मोहम्मद सादिक सांसद हैं। उन्हें कांग्रेस ने फिर से मौका दिया है। इन लोगों के अलावा संदीप सिंह ने भी चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। संदीप सिंह पर हिंदू नेता सुधीर सूरी की 2022 में हत्या करने का आरोप है। संदीप अमृतसर लोकसभा सीट से आजाद चुनाव लड़ेगा। संदीप सिंह अमृतपाल सिंह का करीबी है।

# 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले

**एडीआर** और 'द नेशनल इलेक्शन वाच' ने कुल 1717 उम्मीदवारों में से 1710 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक कुल 360 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के मद्देनजर चौथे चरण के लिए तेलुगू देशम पार्टी के डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं, जिनकी कुल संपत्ति 5700 करोड़ रुपये से अधिक है।

एडीआर के मुताबिक 360 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 17 उम्मीदवारों को विभिन्न मामलों में दोषी ठहराया गया है, 11 उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले दर्ज हैं,



30 पर हत्या के प्रयास का आरोप है और 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 5 उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के 3 में से 3 उम्मीदवार, शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 10, कांग्रेस के 35 उम्मीदवार और भाजपा के 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# दिग्गज ऑलराउंडर्स की लिस्ट में शामिल हुए सुनील नरेन





कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रनों से हरा दिया। बता दें कि लखनऊ सुपर जाइंट्स पर 98 रन से जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। कोलकाता नाइट राइडर्स के राजस्थान रॉयल्स के समान 16 अंक हैं, लेकिन उसका नेट रन रेट +1.453 है, जो राजस्थान रॉयल्स से ज्यादा है।

**आईपीएल 2024 में कहर मचा रहे सुनील नरेन**

लखनऊ सुपर जाइंट्स पर 98 रन की जीत में कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार क्रिकेटर सुनील नरेन का बहुत बड़ा रोल रहा है। सुनील नरेन ने इस मैच में गेंद और बल्ले के साथ बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन किया है। सुनील नरेन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 39 गेंदों में 81 रनों की विस्फोटक पारी खेली। सुनील नरेन ने 207.69 की स्ट्राइक रेट से रन कूटते हुए 6 चौके और 7 छक्के उड़ाए। सुनील नरेन ने इसके बाद ऑफ स्पिन गेंदबाजी में भी दम दिखाते हुए एक विकेट हासिल किया।

**सुनील नरेन ने आईपीएल में बनाया महारिकॉर्ड**

सुनील नरेन ने इस मैच में आयूष बदौनी (15) का विकेट लिया। सुनील नरेन के लिए आईपीएल 2024 सीजन सपने जैसा रहा है। सुनील नरेन ने इस सीजन में अभी तक 11 मैचों में 41.91 की औसत से सबसे ज्यादा 461 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं।

इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 109 रन रहा। सुनील नरेन आइपीएल 2024 सीजन में सबसे ज्यादा 32 छक्के भी लगा चुके हैं। सुनील नरेन ने गेंदबाजी में भी कमाल किया है। सुनील नरेन ने इस सीजन में अभी तक 11 मैचों में 20.79 की शानदार बॉलिंग एवरेज के साथ 14 विकेट झटके हैं।

**दिग्गज ऑलराउंडर्स की लिस्ट में सुनील नरेन की एंट्री**

सुनील नरेन ने अपने इस शानदार प्रदर्शन के दम पर एक महारिकॉर्ड बना दिया है। सुनील नरेन एक आईपीएल सीजन में 400 रन बनाने के साथ 10 विकेट हासिल करने वाले दुनिया के सातवें ऑलराउंडर बन गए हैं। सुनील नरेन इस रिकॉर्ड के साथ महान ऑलराउंडर्स जैक कैलिस और शेन वॉटसन के क्लब में शामिल हो गए हैं। सुनील नरेन से पहले जैक कैलिस, शेन वॉटसन, एंड्रयू साइमंड्स, कीरोन पोलार्ड, हार्दिक पांड्या और आंद्रे रसेल जैसे ऑलराउंडर्स भी एक आईपीएल सीजन में 400 रन बनाने के साथ 10 विकेट हासिल कर चुके हैं।



## क्रिकेटर से सिंगर बने आंद्रे रसेल, अविका गौर संग आएंगे नजर

आंद्रे रसेल आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार बैटिंग और बॉलिंग का मुजाहिरा पेश कर रहे हैं। अब वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आईपीएल के बीच आपको सिंगर के रूप में नजर आएंगे। दरअसल आईपीएल के बीच रसेल का हिंदी गाना रिलीज होगा, जिसमें उनके साथ टीवी जगत की मशहूर एक्ट्रेस अविका गौर नजर आएंगी। अविका वहीं एक्ट्रेस हैं, जो मशहूर टीवी शो बालिका वधू में आनंदी का किरदार निभाती थी। रसेल के गाने का टाइटल लड़की तू कमाल की है। गाना 9 मई को रिलीज किया जाएगा। रसेल के गाने का टाइटल लड़की तू कमाल की है। इस गाने में खुद आंद्रे रसेल ने बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल के साथ अपनी आवाज दी है। म्यूजिक वीडियो को पलक मुच्छल के भाई पशाल मुच्छल ने डायरेक्ट किया है, जो कथित तौर पर भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के बॉयफ्रेंड हैं। इस गाने में खुद आंद्रे रसेल ने बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल के साथ अपनी आवाज दी है। म्यूजिक वीडियो को पलक मुच्छल के भाई पशाल मुच्छल ने डायरेक्ट किया है, जो कथित तौर पर भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना के बॉयफ्रेंड हैं।

वेस्टइंडीज़ के क्रिकेटर्स गाना गाने और पार्टी करने के लिए काफी मशहूर हैं। इसी बात का सबूत देते हुए रसेल म्यूज वीडियो में दिखाई देंगे। वहीं रसेल की बात करें तो उन्होंने आईपीएल के इस सीजन के 11 मैचों में 198 रन बना लिए हैं और बॉलिंग करते हुए 13 विकेट चटका लिए हैं।



## यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति

डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिये भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी। ज्योति ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा,'' टीम में अच्छा तालमेल हैं । हम सभी एक दूसरे को बखूबी जानते है। सभी हुनरमंद और प्रतिभाशाली हैं। विदेश में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलना सीखने के लिये बहुत अच्छा होगा। भारतीय टीम 21 मई को ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश से पहला मैच खेलेगी और 22 मई को ब्रेडा में ही बेल्जियम से खेलेगी। इसके बाद 24 मई को बेल्जियम में मेजबान से खेलना है। इसके बाद जर्मनी से 26 मई को ब्रेडा और 27 मई को जर्मनी में खेलना है।



क्या आप जानते हैं?

## 7 मई का इतिहास

- –कॉर्नलीस एस गोयर ने 1638 में मॉरिशस पर कब्जा किया।
- –लंदन में 'रॉयल' नाम का पहला थियेटर 1663 में खुला।
- –फ्रांस के सम्राट लुई चौदहवें ने 1664 में 'वर्साय पैलेस' का उद्घाटन किया।
- –रूस की महारानी कैथरीन प्रथम ने 1727 में यूक्रेन से यहूदियों को बाहर करने का आदेश दिया।
- –तुर्की राज्य बुकोविना 1775 में आस्ट्रिया से अलग हुआ।
- –अमेरिका में इंडियाना प्रांत का 1800 में गठन किया गया।
- –यूनान 1832 को स्वतंत्र गणराज्य बना।
- –सिसली द्वीप के पास 1875 में जर्मनी का जहाज डूबा, जिसमें 312 लोग मारे गए।
- –रूस के पितरबुर्ग (सेण्ट पीटर्सबर्ग) नगर में एक इलैक्ट्रिक इंजीनियर अलेक्सान्दर पपोफ़ ने रेडियो की तरह के एक उपकरण का प्रदर्शन 1895 में किया था।
- –बम्बई में पहली इलेक्ट्रिक ट्राम कार का संचालन 1907 में हुआ।
- –फिलीपींस में 1934 में विश्व में सबसे बड़े आकार का मोती प्राप्त हुआ।
- –विंस्टन चर्चिल 1940 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
- –इंटीग्रेटेड सर्किट का कॉन्सेप्ट पहली बार जेफ्री डमर ने 1952 में प्रकाशित किया।
- –अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी की आधारशिला 1973 को ईटानगर में रखी गई।
- –अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के समाप्ति की 1975 में घोषणा की।
- –एलेक्ज़ेंडर ग्राहम बेल को 1976 में अपने आविष्कार का पेटेंट मिला जिसे उन्होंने टेलीफ़ोन (दूरभाष) का नाम दिया।
- –भारतीय मूल के लेखक सलमान रश्दी के खिलाफ ईरानी फतवे के बाद 1989 में ब्रिटेन और ईरान के बीच राजनयिक सम्पर्क टूट गया।
- –स्काटलैंड संसदीय चुनावों में लेबर पार्टी को 1999 में सफलता मिली।

## आईपीएल में यह कारनामा करने वाले इकलौते विकेटकीपर बने महेंद्र सिंह धोनी

आईपीएल 2024 के 53वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इतिहास रच दिया। पंजाब किंग्स के खिलाफ धर्मशाला में खेले जा रहे इस मैच में 1 कैच लेते ही एमएस धोनी के आईपीएल में 150 कैच पूरे हुए। वह आईपीएल में 150 कैच लपकने वाले इकलौते विकेटकीपर बन गए हैं। उनके अलावा दिनेश कार्तिक ने 144 कैच लिए हैं। आपको बता दें कि 10वें ओवर की चौथी गेंद पर इम्पैक्ट प्लेयर सिमरजीत सिंह ने जितेश शर्मा का विकेट चटकाया।



धोनी ने विकेट के पीछे जितेश का कैच लपका। इसके साथ ही धोनी के आईपीएल में बतौर विकेटकीपर 150 कैच पूरे हुए। जितेश खाता तक नहीं खोल पाए और गोल्डन डक का शिकार हुए। मुकबले में धोनी के प्रदर्शन की बात करें तो वह खाता तक नहीं खोल पाए और गोल्डन डक का शिकार हुए। हर्षल पटेल ने धोनी को बोल्ड किया।

धोनी आईपीएल में सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर भी हैं। उन्होंने विकेट के पीछे से अब तक 188 शिकार किए हैं। इस सूची में दूसरे नंबर पर दिनेश कार्तिक, तीसरे पर रिद्धिमान साहा, चौथे पर ऋषभ पंत और 5वें पर रॉबिन उथप्पा हैं। इतना ही नहीं धोनी आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने डेब्यू सीजन से अब तक 261 मैच खेले हैं। इस फेहरिस्त में दूसरे पर रोहित शर्मा (254), तीसरे पर दिनेश कार्तिक (253), चौथे पर विराट कोहली (248) और 5वें पर रवींद्र जडेजा (237) हैं।

अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।



**नोएडा शाखा की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती शारदा सुशील ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 11000रु का योगदान दिया।**

| | |
|---|---|
| श्रीमती प्रतिभा अडवाणी– | 3000रु |
| पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र समूह– | 2000रु |
| श्री अनिल सभरवाल– | 1100रु |
| सेवक श्री देश राज गुप्ता– | 500रु |
| कुल राशि= | 17, 600रु |

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/– रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/– या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!

पता :– वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली–35

**दान के लिए कृपया 011-30712376, 09871598497 पर ही संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**



## स्कॉटलैंड टीम में दो साल बाद वापसी करेंगे ये धाकड़ खिलाड़ी

वेस्टइंडीज और यूएसए में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए ज्यादातर टीमों ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम ने स्क्वाड का ऐलान किया। टीम में धाकड़ खिलाड़ियों की दो साल बाद वापसी हो गई है। टॉप ऑर्डर बल्लेबाज माइकल जोन्स और फास्ट बॉलर ब्रैड व्हील ने वर्ल्ड कप के लिए टीम में वापसी की है।

**रिची बेरिंगटन करेंगे कप्तानी**

दोनों ने आखिरी बार टी 20 विश्व कप 2022 में खेला था। वह नीदरलैंड में होने वाली आगामी टी 20 ट्राय सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि उन्हें टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। टीम की कप्तानी रिची बेरिंगटन करेंगे।

**लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे खिलाड़ी**

माइकल जोन्स ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला करीब दो साल पहले अक्टूबर में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था। हालांकि इसके बाद से वह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं ब्रैड व्हील की बात करें तो उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच मार्च में कनाडा के खिलाफ खेला था। ये एक वनडे मुकाबला था। जबकि टी-20 इंटरनेशनल करीब दो साल पहले अक्टूबर में खेला।

स्कॉटलैंड टीम के मुख्य कोच डग वॉटसन ने कहा, माइकल जोन्स और ब्रैड व्हील का उपलब्ध होना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। पिछले टी20 विश्व कप का उनका अनुभव टीम के काम आएगा।



Entertainment News



# जब शाहिद को एक नहीं दो-दो गर्लफ्रेंड ने दिया था प्यार में धोखा

**बी-टाउन** के चॉकलेटी ब्वॉय कहे जाने वाले शाहिद कपूर 'इश्क विश्क' से डेब्यू करने के बाद से ही लाखों दिलों की धड़कन बन गये थे। हालांकि शाहिद कपूर अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहे हैं हालांकि अब वह शादी कर सैटल हो चुके हैं और दो बच्चों के पिता भी बन चुके हैं। शाहिद ने दिल्ली की मीरा राजपूत से अरेंज मैरिज करके सबको चौंका दिया था। दोनों की शादी जुलाई 2015 में हुई थी। हालांकि लाखों लेडी फैंस के दिल पर राज करने वाले शाहिद का एक नहीं दो-दो बार दिल टूट चुका है। एक पुराने इंटरव्यू में खुद शाहिद ने यह बात एक्सेप्ट की थी।

**जब शाहिद को याद आई उनकी एक्स**

शाहिद कपूर पत्नी मीरा के साथ नेहा धूपिया के शो में पहुंचे थे और इस दौरान तीनों से कई सारी बातें बताई थी और शेयर की थी। यहां तक की शाहिद इस दौरान मीरा के सामने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड के बारे में बातें करने से भी नहीं हिचकिचाए और मीरा ने इस बातों में काफी दिलचस्पी दिखाई और शाहिद की कई सारे पोल खोलीं। इस टॉक शो के दौरान शाहिद से नेहा ने सवाल किया कि क्या उन्हें किसी लड़की ने धोखा दिया है, अगर हां तो वो कौन थी? इस पर शाहिद हंसने लगे। ●

# अब मां का रोल निभाएंगी मधु



**एक्ट्रेस** मधु शाह ने अजय देवगन के साथ फूल और कांटे से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कुछ साल पहले उन्होंने बयान दिया था कि वह अजय देवगन की मां का किरदार नहीं निभाना चाहती हैं। उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें कभी अजय देवगन की मां का किरदार निभाने को दिया गया तो वह मना कर देंगी, क्योंकि वह भी उन्हीं की उम्र की हैं। अब एक्ट्रेस ने अपने हालिया इंटरव्यू में अपने उस बयान पर खुलकर बात की है और स्वीकार किया है कि अब वह अजय देवगन की मां का रोल निभाने के लिए तैयार हैं। मधु ने एक मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि एक अभिनेत्री के रूप में वह परिपक्क हुई हैं और इस तरह की भूमिका को वह एक चुनौती के रूप में लेंगी। मधु ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा, उस बयान को गलत कॉन्टेक्स में लिया गया। ●

# सुनिधि चौहान ने लाइव कॉन्सर्ट में हुए हमले पर तोड़ी चुप्पी



**बॉलीवुड** की शानदार सिंगर सुनिधि चौहान अपनी आवाज से लाखों लोगों के दिलों पर राज करती हैं। सिंगर का हर नया गाना फैंस को खुश कर देता है और सुनिधि चौहान के कॉन्सर्ट में भी लोगों की भारी भीड़ देखने के लिए मिलती है, जहां फैंस उन्हें भर-भरकर प्यार देते हैं। वहीं, हाल ही में सुनिधि चौहान के साथ एक लाइव कॉन्सर्ट में हैरानी करने वाली घटना हुई। सुनिधि चौहान पर लाइव कॉन्सर्ट में भीड़ में मौजूद लोगों ने हमला कर दिया। सिंगर पर भीड़ से कुछ लोगों ने पानी की बोतल फेंककर मारी, जिस पर अब सिंगर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

इस मामले पर सुनिधि ने कहा कि ये किसी ने भी जानबूझकर नहीं किया था। शो के दौरान वह अपना दूसरा आखिरी गाना गा रही थीं और भीड़ में मौजूद सभी लोग अपनी मस्ती में थे, तभी उन्होंने हवा में बोतलें फेंकते देखीं। सुनिधि ने आगे कहा कि एक बोतल स्टेज पर गिर गई क्योंकि उसमें पानी था। ये देखकर वह काफी हैरान हो गई। उनके मुंह से यही निकला.. ये क्या हो रहा है? देखो रुक जाएगा। सुनिधि ने बताया कि उनकी ये बात सुनकर फैंस ने गाना ना रोकने की गुजारिश की जब फैन्स ने जवाब दिया, नहीं, कृपया मत करो। सुनिधि चौहार ने आगे यह भी कहा कि एक बोतल उनके माइक्रोफोन पर बहुत जोर से लगी थी। वह बहुत तेज हमला हुआ था, लेकिन बस उन्हें कुछ नहीं हुआ। अगर वह माइक उनके मुंह के पास होता, तो उन्हें काफी चोट लग सकती थी। ●




# दो साल बाद आदित्य-अनन्या का हुआ ब्रेकअप

**बॉलीवुड** एक्टर आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे पिछले दो साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने कभी भी इस रिश्ते को कंफर्म नहीं किया लेकिन कई बार पार्टी और वेकेशन पर साथ नजर आते हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि दोनों का ब्रेकअप हो गया है। आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे ने भले ही अपना रिश्ता कभी भी कंफर्म नहीं किया हो लेकिन बॉलीवुड गलियारों में इसकी हर तरफ चर्चा होती है। सोशल मीडिया पर आए दिन दोनों के साथ की तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। लेकिन अब उनके करीबी दोस्त ने दावा किया है कि 2 साल तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया है।



मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के करीबी सूत्र ने जानकारी देते हुए कहा कि, लगभग एक महीने पहले उनका ब्रेकअप हो गया। दोनों काफी अच्छा बॉन्ड शेयर कर रहे थे लेकिन इनका ब्रेक-अप हम सभी के लिए किसी झटके से कम नहीं है। अनन्या आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है, अब चोट तो लगी ही है। वह अपने नए दोस्त के साथ समय बिता रही हैं। वहीं आदित्य भी स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं कपल के करीबी ने ये भी दावा किया है कि एक महीने पहले ही दोनों का ब्रेकअप हो चुका है। फिलहाल दोनों मूव-ऑन करने की कोशिश में हैं। फिलहाल वह इस ब्रेकअप से काफी दुखी हैं।

इस खबर के सामने आने के बाद से कपल के फैंस हैरान हैं। फिलहाल अब तक आदित्य और अनन्या की तरफ से इस खबर की पुष्टि नहीं हुई है। ●

# माता सीता का रोल निभाएंगी कच्चा बादाम गर्ल अंजलि अरोड़ा

**अपनी** दिलकश रील्स से लोगों के दिलों पर जादू चलाने वाली अंजलि अरोड़ा अब अपनी एक्टिंग से अपने फैंस के दिलों में घर करेंगी। हाल ही में एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि अंजलि अरोड़ा को माता सीता का रोल ऑफर हुआ है। सोशल मीडिया पर अपने कमाल के डांस वीडियो को लेकर उनका नाम आए दिन चर्चा का विषय बनता रहता है। अब वो अपने डेब्यू की वजह से खबरों में हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें उनके डेब्यू के लिए पहला रोल भी ऑफर हो चुका है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वह अपनी पहली मूवी में रामायण की सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। अंजलि अरोड़ा ने भरी हामी हाल ही में ई टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने अपने फिल्म डेब्यू को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा- मैं इस रोल की पेशकश से धन्य महसूस कर रही हूं। देवी सीता का कैरेक्टर इतना पवित्र है कि इसे कोई भी नकार नहीं सकता। मै यह जानना चाहती थी कि डायरेक्टर ने मुझे ही क्यों चुना, मैंने उनसे पूछा,



और उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ एक्ट्रेस को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनमें मैं भी शामिल हूं। मेरा मानना है कि उन्होंने मुझमें कुछ ऐसा देखा, जिससे उन्हें यकीन हो गया कि मैं किरदार के साथ न्याय कर सकती हूं। मुझे पिछले महीने फाइनल किया गया था, और तब से, मैं वीडियो देख रही हूं, पढ़ रही हूं और वर्कशॉप अटेंड कर रही हूं। मैं किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। ट्रोलिंग से नहीं पड़ता फर्क एक इंफ्लुएंसर के रूप में अंजलि को काफी हद तक ट्रोलिंग और विवादों का सामना करना पड़ा है। उनसे पूछा गया कि क्या उनकी सोशल मीडिया पर मौजूदगी भगवान के किरदार को निभाने में बाधा बन सकती है? तो उन्होंने जवाब दिया- मैं लोगों की मानसिकता नहीं बदल सकती। एक एक्टर के रूप में, मुझे जो भी रोल मिलता है, मैं उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इसके अलावा, हम ट्रोल्स को रोक नहीं सकते, क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें हमें ट्रोल करने का अधिकार है। मेरी सोशल मीडिया इमेज का मेरी एक्टिंग से कोई लेना-देना नहीं है और यह मेरे परफॉर्मेंस को प्रभावित नहीं करेगी; मेरा गोल दूसरों से वेलिडेशन मांगने के बजाय खुद को साबित करना है। ●



# मशहूर एक्ट्रेस कैमरे के सामने लिपलॉक करने से हुईं बीमार

**फिल्मी** कलाकारों पर एक-एक सीन के लिए बेहद मेहनत करनी पड़ती है। फिर चाहे वो कोई एक्शन सीन हो या फिर कोई रोमांटिक, कोई सैड सीन हो या कोई हैप्पी सीन। हर एक सीन में जान फूंकने के लिए स्टार्स बेहद मेहनत करते हैं। कई बार इसके लिए कलाकारों को तमाम चीजों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें जब एक एक्ट्रेस अपने को-स्टार के साथ कैमरे पर किसिंग सीन दे रही थी, तो इसके बाद वो बीमार हो गई।

जी हां, हालिया सामने आई रिपोर्ट की मानें तो उसमें बताया गया कि ब्रिटिश एक्ट्रेस एमिली ब्लंट अपने को-स्टार को स्मूच करने के बाद बीमार हो गई। इस पर बात करते हुए खुद एमिली ब्लंट का कहना है कि मैं ये बिल्कुल नहीं कहना चाहती कि ये बहुत घिनौना था, लेकिन इसको करने में मुझे बिल्कुल मजा नहीं आया और मैंने इसे एंजॉय नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसको करने में वो जरा भी दिलचस्पी नहीं रखती हैं। आपको बता दें कि एक अमेरिकी रेडियो होस्ट हॉवर्ड स्टर्न से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसके बारे में कुछ ऐसा खोजना चाहिए, जो मुझे पसंद है। मेरा मतलब है कि कुछ ऐसा जिससे उन्हें भी बुरा ना लगे और मैं भी अच्छा फील करूं। साथ ही ये भी हो सकता है कि उस इंसान के बारे में कुछ ऐसी बातें जो अच्छी हों और अलग हों।

**फिल्म से मिला अच्छा दोस्त**

ब्लंट ने आगे कहा कि एक एक्शन फिल्म में काम करने वाले मेरे को-स्टार के साथ मैंने उनकी प्रेमिका का रोल अदा किया था, वो बहुत अच्छे थे। ●

# गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है अमिताभ और अभिषेक बच्चन का नाम

**बॉलीवुड** में कई बाप-बेटे की जोड़ी हैं लेकिन हर किसी के नाम रिकॉर्ड दर्ज नहीं है। सिर्फ एक ही जोड़ी है जिनसे अपने नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड किया है। वैसे तो हर कोई इस जोड़ी को जानता ही है लेकिन आज हम आपक बताते हैं कि इन्होंने ऐसा क्या किया कि इनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में लिखा गया। हम जिस बॉलीवुड जोड़ी की बात कर रहे हैं वो है अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया है और उनकी एक्टिंग की हर जगह तारीफ हुई है। ये जोड़ी है अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन की। अमिताभ बच्चन जितने सुपरहिट रहे हैं। उनके बेटे को करियर के शुरुआत में उतनी ही ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। मगर अब अभिषेक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुके हैं। गुरु के बाद से अभिषेक ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में दी हैं। अमिताभ और अभिषेक के नाम ये रिकॉर्ड दर्ज है। अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन ने साथ में फिल्म पा में काम किया था। आर बाल्की की ये फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। इस फिल्म की खासियत ये थी कि असल जिंदगी से उलट दोनों ने रोल प्ले किए थे। मतलब अभिषेक बच्चन पिता और अमिताभ बच्चन ने उनके बेटे का किरदार निभाया था। ऐसा पहली बार बॉलीवुड में हुआ था। जिसकी वजह से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस बाप-बेटे की जोड़ी का नाम दर्ज किया गया था।



**ऐसा था किरदार**

फिल्म पा में अमिताभ बच्चन ने ऑरो नाम के बच्चे का किरदार निभाया था जो प्रोजेरिया नाम की बीमारी से पीड़ित था। इस बीमारी में कम उम्र में बच्चों में बुढ़ापे के लक्षण दिखने लगते हैं। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने उनके पिता का किरदार निभाया है जो कि एक नेता होते हैं। जब अभिषेक ऑरो से मिलने आते हैं तभी सभी को इस बारे में पता चलता है। ●



NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# नेहा मलिक ने दुबई के बीच पर बिकनी पहन गिराई बिजली



**दुबई, (एजेंसी):** भोजपुरी अदाकारा नेहा मलिक सोशल मीडिया पर बिजली गिराने के लिए मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के छक्के छुड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपके दिलों की धड़कन तेज हो जाएगी। नेहा मलिक ने ग्रीन कलर की प्रिंटेड बिकनी पहनी है, लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और दुबई के बीच पर अपनी हॉटनेस का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के किलर पोज ने फैंस को घायल कर दिया है और वे अपनी चहेती एक्ट्रेस के कॉन्फिडेंस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# भारत की बेटी सुनीता फिर रचेगी इतिहास

## आज तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए होंगी रवाना






**वाशिंगटन, (भाषा) :** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी, जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा। स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा, जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु-प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10:34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8:04 बजे) रवाना होगा। 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, 'हम सभी यहां हैं, क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।' अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने 22 मार्च को एक संवाददाता सम्मेलन में स्टारलाइनर के आगामी अभियान के बारे में कहा था, 'इतिहास बनने जा रहा है। हम अंतरिक्ष अन्वेषण के स्वर्ण युग में हैं।' नासा ने 1988 में सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चुना था और उनके पास दो अंतरिक्ष अभियानों का अनुभव है। उन्होंने एक्स्पीडिशन 32 की फ्लाइट इंजीनियर और एक्स्पीडिशन 33 की कमांडर के तौर पर सेवा दी थी। पहली अंतरिक्ष यात्रा एक्स्पीडिशन 14/15 के दौरान विलियम्स ने नौ दिसंबर 2006 को एसटीएस-116 के चालक दल के साथ उड़ान भरी थी और 11 दिसंबर 2006 को वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पहुंचीं।

आईपीएल का धूमधड़ाका

# सूर्या के शतक से मुंबई की जीत



**मुंबई, (पंजाब केसरी) :** सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाये। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया। हेड ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया। लक्ष्य का बचाव करते हुए सनराइजर्स के गेंदबाजों ने शुरुआती तीन ओवर में 18 अतिरिक्त रन दिये लेकिन इस बीच दूसरे ओवर में मार्को यानसेन (45 रन पर एक विकेट) ने इशान किशन (नौ) को पवेलियन की राह दिखायी। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये कमिंस (35 रन पर एक विकेट) ने रोहित शर्मा (चार) को विकेटकीपर हेनरिच क्लासेन के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में भुवनेश्वर कुमार (22 रन पर एक विकेट) ने नमन धीर को आउट किया।

## स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबाद पारी**

| | |
|---|---|
| हेड का. तिलक बो. चावला | 48 |
| अभिषेक का. इशान बो. बुमराह | 11 |
| मयंक बो. कंबोज | 05 |
| नितीश का. कंबोज बो. हार्दिक | 20 |
| क्लासेन बो. चावला | 02 |
| मार्को यानसेन बो. हार्दिक | 17 |
| शाहबाज का. सूर्यकुमार बो. हार्दिक | 10 |
| समद पगबाधा चावला | 03 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 08 |
| **अतिरिक्तः** | 14 |

**कुल योगः** 20 ओवर में 8/173
**विकेट पतनः** 1/56, 2/68, 3/90, 4/92, 5/96 , 6/120 , 7/124, 8/136
**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3.

**मुंबई इंडियंस पारी**

| | |
|---|---|
| इशान का. मयंक बो. यानसेन | 09 |
| रोहित का. क्लासेन बो. कमिंस | 04 |
| नमन का. यानसेन बो. भुवनेश्वर | 00 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 |
| अतिरिक्त | 22 |

**कुल योगः** 17.2 ओवर में 3/174
**विकेट पतनः** 1/26, 2/31, 3/31
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0.

# दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिये शायद काफी नहीं हों । केकेआर (11 मैचों में 16 अंक) और रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती हैं।ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाये। अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिये दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा।

TATA IPL 2024

## प्वाइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान रॉयल्स | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 12 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| लखनऊ सुपरजायंट्स | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 5 | 6 | 10 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 4 | 7 | 8 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 4 | 8 | 8 |

# राफा में बड़े हमले की तैयारी में इजराइल

## इलाके को खाली करने का दिया आदेश, मुवासी शिफ्ट होने को कहा

**यरुशलम, (एपी):** इजराइली सेना ने हजारों फिलिस्तीनियों से कहा है कि वे दक्षिणी गाजा शहर राफा को खाली कर दें। इससे संकेत मिलते हैं कि वहां जल्द ही जमीनी हमला हो सकता है। इजराइली सेना की इस घोषणा ने सीआईए के निदेशक सहित अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों के संघर्ष विराम के अंतिम प्रयासों को जटिल बना दिया है। हमास और प्रमुख मध्यस्थ कतर ने चेतावनी दी है कि राफा पर आक्रमण वार्ता को पटरी से उतार सकता है। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने कहा कि लगभग 100,000 लोगों को इजराइल द्वारा मानवीय क्षेत्र घोषित, नजदीक के मुवासी में जाने का आदेश दिया जा रहा है। शोशानी ने कहा कि इजराइल ने निकासी क्षेत्र का एक नक्शा प्रकाशित किया है। इसके बारे में आकाश से गिराए गए पर्चों, टेक्स्ट मैसेज और रेडियो प्रसारण के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। इजराइल की सेना ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि वह आतंकवादियों के खिलाफ बहुत ताकत के साथ कार्रवाई करेगी। उधर, राफा पर आक्रमण करने की इजराइल की योजना से दुनिया की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इससे वहां शरण लिए हुए दस लाख से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों को नुकसान हो सकता है। इजराइली रक्षा बल के एक बयान के अनुसार, लोगों से कहा गया है कि वे तट के पास इजराइल द्वारा घोषित मानवीय क्षेत्र मुवासी में चले जाएं। सेना ने कहा कि उसने क्षेत्र में अस्पताल, तंबू, भोजन और पानी सहित सहायता का विस्तार किया है। राफा में लोगों को सोमवार की सुबह अरबी में लिखे कुछ पर्चे प्राप्त हुए जिसमें बताया गया कि पड़ोस के कौन से ब्लॉक को छोड़ने की जरूरत है और मानवीय क्षेत्रों का विस्तार कहां तक हुआ है।

### इजराइली एयरस्ट्राइक में 16 की मौत

उधर, हमास के रॉकेट हमले के बाद इजराइल की सेना ने सोमवार को राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हवाई हमले में एक परिवार के नौ लोग और दूसरे परिवार के सात सदस्य मारे गए। हमास ने दक्षिणी इजराइल में केरेम शालोम के पास हमला किया था। इसके जवाब में इजरायल ने ये कार्रवाई की है। हमास के हमले में इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के तीन सैनिक मारे गए और 11 सैनिक घायल हो गए। जबकि घायलों में 931 बटालियन के जवान और शेक्ड बटालियन का एक जवान शामिल है।

# भारतीय महिला और पुरुष रिले टीमों ने पाया ओलंपिक टिकट






**नासाउ (बहामास), (भाषा) :** भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2 : 59 . 95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा क्योंकि फोकस पुरूष टीम पर था जिसने तोक्यो ओलंपिक और 2023 विश्व चैम्पियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था । इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता था।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने तोक्यो ओलंपिक में 3:00.25 में रेस पूरी करके एशियाई रिकार्ड तोड़ा था।

# रूस ने दुनिया को फिर डराया



● **यूक्रेन से युद्ध के बीच कर डाला परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान**

**मॉस्को, (एपी):** रूस ने परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास की योजना बनाई है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। रूस का यह कदम ऐसे समय सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर मॉस्को के खिलाफ टिप्पणियां की थीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह अभ्यास 'रूस के संबंध में कुछ पश्चिमी देशों के अधिकारियों के भड़काऊ बयानों और धमकियों' के जवाब में है। यह पहली बार है कि रूस ने सार्वजनिक रूप से परमाणु हथियारों से जुड़े अभ्यास की घोषणा की है। हालांकि, इसका सामरिक परमाणु बल नियमित रूप से अभ्यास करता रहता है। यह घोषणा यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों के लिए एक चेतावनी प्रतीत होती है, जो दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लगातार गंभीर चिंता जता रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले सप्ताह दोहराया था कि वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं। वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री बनेंगे बिलावल भुट्टो



**इस्लामाबाद, (एजेंसी):** पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी एक बार फिर विदेश मंत्री बन सकते हैं। दरअसल, पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पीपीपी के बीच सत्ता में साझेदारी को लेकर सहमति बन गई है। पाकिस्तान के अखबार 'द ट्रिब्यून' के मुताबिक, बिलावल भुट्टो पहले विदेश मंत्री बनने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में पार्टी नेताओं ने उन्हें इस पद के लिए मना लिया । अब पीपीपी के औपचारिक रूप से कैबिनेट में शामिल होने के समय पर काम किया जा रहा है। हालांकि पाकिस्तान में आम चुनाव के बाद सरकार गठन के समय बिलावल भुट्टो ने कहा था कि उनकी पार्टी पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देगी लेकिन वो कैबिनेट का हिस्सा नहीं बनेगी।

# पांच युवा मुक्केबाजों को स्वर्ण

**अस्ताना (कजाकिस्तान), (भाषा) :** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी चौहान और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे बागजान को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लक्ष्मी चौहान (50 किग्रा) ने भारत के लिए पांचवां स्वर्ण पदक जीता जब मंगोलिया की एंख नोमुंडारी के खिलाफ रैफरी ने मुकाबला रुकवाकर भारतीय मुक्केबाज को विजेता घोषित किया।

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण



**धर्मशाला, (पंजाब केसरी) :** भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा कि इंग्लैंड में लाड्र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके। टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# पौड़ी में आग बुझाने में हेलीकॉप्टर लगाए, एनडीआरएफ को बुलाया



**देहरादून, (पंजाब केसरी) :** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में धधक रहे जंगलों की आग बुझाने के लिए सोमवार को वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गयी जबकि वनाग्नि से अति प्रभावित पौड़ी और अल्मोड़ा जिलों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तैनाती करने का निर्णय भी राज्य सरकार ने लिया है। गढ़वाल के प्रभागीय वन अधिकारी स्वप्निल अनिरूद्ध ने बताया कि पौड़ी के जिलाधिकारी आशीष चौहान के अनुरोध पर जिले में जंगलों की आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गयी। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद हेलीकॉप्टर ने श्रीनगर गढ़वाल में अलकनंदा झील से बांबी बकेट में पानी भरकर डोभ-श्रीकोट के जंगलों में लगी आग बुझाई। पहले दिन हेलीकॉप्टर ने दो राउंड में लगभग पांच हजार लीटर पानी का छिड़काव किया। अनिरुद्ध ने बताय कि हेलीकॉप्टर से आग बुझाने का काम फिलहाल जारी रहेगा। उधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में वनाग्नि के हालात की समीक्षा करने के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि वनाग्नि की विकराल समस्या पर तत्काल काबू पाने के लिए वन और पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों के साथ चर्चा के बाद एक प्रभावी कार्ययोजना बना ली गयी है । जगहों पर वनाग्नि की ज्यादा घटनाएं हो रही हें, वहां एनडीआरएफ की तैनाती करने का निर्णय भी लिया गया है।

### 7 या 8 को हो सकती है बारिश

इस बीच, मौसम विभाग ने सात मई से कुमांउ क्षेत्र और आठ मई से गढ़वाल क्षेत्र में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम केंद्र देहरादून के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 11 मई से बारिश की गतिविधि में और तेजी आने की संभावना है जिससे वनाग्नि से निपटने में मदद मिलेगी।

# टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी

● **त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री ने किया खुलासा : आईएस ने अपने चैनल पर विश्वकप के दौरान हमला करने की चेतावनी दी**

**पोर्ट आफ स्पेन, (भाषा):** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है । त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिये व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जायेगा। रोले ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है। उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिये यह धमकी दी है। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिये व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसने कहा कि हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिये सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किये जा रहे हैं। रोले ने कहा कि किसी भी जोखिम से निपटने के लिये स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हम मुस्तैद हैं ।हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर कई खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और अकेले या साथ में हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर आबादी की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज में सभी छह आयोजन स्थलों की पूरे टूर्नामेंट के दौरान कड़ी निगरानी रखी जायेगी ताकि सुरक्षा में कोई सेंध नहीं मार सके। वेस्टइंडीज में विश्व कप मैच एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, गयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो में खेले जायेंगे। अमेरिका में मैच फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और टैक्सास में होंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि विश्व कप की फुलप्रूफ सुरक्षा के पूरे उपाय किये जा रहे हैं।